
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

ज्येष्ठ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - तृतीया, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-12, 18 मई - 24 मई, 2022 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## भारत ने गेहूं के एक्सपोर्ट पर लगाई रोक: दुनिया में मची हलचल

# अब देश के बाहर नहीं जाएगा हमारा गेंहू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** गेहूं के बढ़ते दामों को देखते हुए भारत ने इसके एक्सपोर्ट (निर्यात) पर तुरंत प्रभाव से बैन लगा दिया है। आधिकारिक नोटिफिकेशन के मुताबिक, भारत ने बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा किसी दूसरे देश की खाद्य जरूरत के लिए निर्यात की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा वो गेहूं निर्यात किए जा सकेगा जिनके ICLC जारी हैं, या शिपमेंट के लिए तैयार हैं।

### 33 रुपए प्रति किलो के पार आटा

**लगातार** महंगे हो रहे गेंहू के चलते खुदरा बाजार में आटा महंगा होता जा रहा है। खुदरा बाजार में आटा का औसतन दाम करीब 33.14 रुपए प्रति किलो पर जा पहुंचा है। बीते एक सालों में आटा करीब 13% महंगा हो चुका है। बीते साल 13 मई को आटा 29.40 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था।

### गेंहू के उत्पादन में गिरावट का अनुमान

**गेंहू** की कीमतों में आने वाले दिनों में और तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। 2021-22 के रबी सीजन में गेंहू का उत्पादन घटने का अनुमान है। सरकार ने खुद उत्पादन के अनुमान को घटा दिया है। इस वर्ष गर्मी के मौसम के जल्दी आने के चलते सरकार ने 111.32 मिलियन टन से उत्पादन के अनुमान को घटाकर 105 मिलियन टन (10.50 करोड़ टन) कर दिया है।

### भारत 69 देशों को गेहूं निर्यात कर रहा

**इस** रोक से पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि चालू वित्त वर्ष में गेहूं निर्यात 100 से 125 लाख टन को पार कर सकता है। इस बार गेहूं खरीदार देशों में नया नाम मिस्र का जुड़ा है। भारत अभी 69 देशों को गेहूं निर्यात कर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 69 देशों को 78.5 लाख टन गेहूं निर्यात किया।

### कांग्रेस ने इस कदम को किसान विरोधी बताया

कांग्रेस ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के कदम को 'किसान विरोधी' करार देते हुए दावा किया कि सरकार ने गेहूं की पर्याप्त खरीद नहीं की जिस कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई कि उसे निर्यात पर रोक लगानी पड़ी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा कि मेरा मानना है कि केंद्र सरकार पर्याप्त गेहूं खरीदने में विफल रही है। ऐसा नहीं है कि गेहूं की पैदावार कम हुई है। यह कुल मिलाकर पहले की तरह है। हो सकता है कि पहले के मुकाबले थोड़ी ज्यादा पैदा पैदावार हुई हो।

### जी-7 ने की भारत के फैसले की आलोचना

#### जर्मनी के कृषि मंत्री बोले- इससे गहरा जाएगा संकट

**रुस-यूक्रेन** जंग के बीच भारत के गेहूं एक्सपोर्ट पर बैन लगाने से दुनियाभर में हलचल मच गई है। जी-7 देशों के ग्रुप ने भारत सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। जर्मनी के कृषि मंत्री केम ओजडेमिर ने कहा है कि भारत के इस कदम से दुनियाभर में कमोडिटी की कीमतों का संकट और ज्यादा बढ़ जाएगा। अगले महीने जर्मनी में जी-7 शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाग लेंगे।

#### बैन के बचाव में आया चीन

**गेहूं** एक्सपोर्ट पर बैन के फैसले पर भारत के बचाव में चीन का बयान सामने आया है। चीन ने कहा कि विकासशील देशों को दोष देने से ग्लोबल फूड शॉर्टेज का समाधान नहीं होगा। चीन की सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, 'अब जी7 के एग्रीकल्चर मिनिस्टर्स भारत से गेहूं एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध नहीं लगाने का आग्रह कर रहे हैं, तो जी7 राष्ट्र अपने एक्सपोर्ट में इजाफा करके फूड मार्केट की सप्लाई को स्थिर करने के लिए खुद कदम क्यों नहीं उठाते?

---

## सटीक

### प्रेम विवाह पर भारी संस्कारी विवाह!

**भारतीय** संस्कृति में विवाह को सात जन्मों का बंधन माना गया है। कई लोग मनु का विरोध करते हैं, मगर मनु ने ही हमें सभ्यता के साथ जीने का मार्ग बताया है। अगर मनु का विरोध किया जाता है तो फिर हम मनुष्य भी नहीं रहेंगे। हमें जानवरों की श्रेणी में ही माना जाएगा।



**शिव दयाल मिश्रा**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

मनु स्मृति में 8 प्रकार के विवाह बताए गए हैं। जिनमें ब्रह्म विवाह, देव विवाह, आर्ष विवाह, प्रजापति विवाह, गंधर्व विवाह, असुर विवाह, राक्षस विवाह एवं पैशाच विवाह। इन विवाहों को सम्पन्न कराने की भी अलग-अलग विधियां हैं। यहां हम इन विवाहों की विधि का वर्णन नहीं कर रहे हैं। हमें वर्तमान में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन विवाहों से दो-चार होना पड़ रहा है। मगर किसी को ये नहीं पता कि उक्त जोड़ा किस पद्धति से विवाह बंधन में बंधा है। हम यहां पर दो प्रकार के विवाहों के बारे में बात करेंगे। पहला विवाह संस्कारी विवाह, जिसमें लड़के और लड़की के माता पिता की सहमति से विवाह सम्पन्न होता है और विवाह विच्छेद की संभावना नगण्य रहती है। हालांकि आजकल कई तरह के विवाद और कानूनों की आड़ में विवाह टूट जाते हैं। वैसे भारतीय संस्कृति में तो विवाह बंधन टूटने का कोई विधान ही नहीं है, जबकि दम्पत्ति का जीवन सहजता से नहीं गुजरने पर मुस्लिम धर्म में तलाक और ईसाई धर्म में डायवर्स की व्यवस्था की गई है। पहले समाज और परिवार का भय ऐसा था कि कोई भी युवक-युवती बगैर परिवार की सहमति के विवाह नहीं करते थे, मगर आजकल के युवक-युवतियों को समाज और परिवार का डर नहीं रहा जिसके कारण कुछ युवक-युवतियां राह भटक जाते हैं और बालिग होते ही अपने जीवन को अपने तरीके से जीने के लिए घर से भाग कर प्रेम विवाह कर लेते हैं। ऐसे में कुछ समय बाद प्रेम और विवाह तो गायब हो जाता है और विवाद शेष रह जाता है। विवाद के चलते लंबे समय तक न्यायालयों के चक्कर लगाते-लगाते सुखी जीवन के क्षण ही समाप्त हो जाते हैं। दूसरी तरफ संस्कार विवाह होते हैं जिसमें संस्कार, सुख और विवाह तीनों रहते हैं। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे सुखी जीवन के लिए भारतीय संस्कार ही अपनाएं।

shivdayalmishra@gmail.com

---

## 1998 के बाद पहली बार थोक महंगाई 15% से ऊपर निकली

# 24 बरस बाद रिकॉर्ड महंगाई

### पेट्रोल-डीजल ने लगाई कीमतों में आग




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। खाने-पीने के सामान, ईंधन और बिजली के दाम में इजाफा होने से थोक महंगाई लगातार 13वें महीने डबल डिजिट में बनी हुई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित (WPI) महंगाई दर अप्रैल में 15.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। दिसंबर 1998 के बाद पहली बार थोक महंगाई दर 15प्रतिशत के पार पहुंची है। दिसंबर 1998 में ये 15.32 प्रतिशत पर थी। इससे पहले ये मार्च 2022 में ये 14.55प्रतिशत पर, जबकि फरवरी में 13.11प्रतिशत पर थी। अप्रैल 2021 से थोक महंगाई डबल डिजिट में बनी हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार खाने-पीने की चीजों और ईंधन के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ रही है।

### 8 साल के पीक पर रिटेल महंगाई

इससे पहले खाने-पीने के सामान से लेकर तेल के दाम बढ़ने से रिटेल महंगाई 8 साल के पीक पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल महंगाई दर अप्रैल में बढ़कर 7.79% हो गई। मई 2014 में महंगाई 8.32% थी।

### महंगाई कैसे मापी जाती है?

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल, यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। ये कीमतें थोक में किए गए सौदों से जुड़ी होती हैं।

### ईंधन और ऊर्जा ने बढ़ाई महंगाई

अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.35% रही है, जो मार्च 2022 में ये 8.06% पर थी। क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस के लिए अप्रैल में इंफ्लेशन 69.07% रहा। वहीं फ्यूल और पावर की महंगाई दर बढ़कर 38.66% पर जा पहुंची है, जो मार्च 2022 में 34.52% रही थी। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की महंगाई दर अप्रैल में 10.85% रही है, जो मार्च 2022 में 10.71% रही थी। सब्जियों, गेहूं, फल और आलू की कीमतें अप्रैल में सालाना आधार पर तेजी से बढ़ी जिसके चलते खाने के सामान की महंगाई 8.35% रही। तेल और बिजली की बात करें तो इसमें 38.66% की महंगाई जबकि मैन्यूफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 10.85 और तिलहनों की 16.10% रही।

---

## ज्ञानवापी पर सुप्रीम कोर्ट: नमाज को न रोका जाए, हमारी नजर में यही संतुलन है

# अगर शिवलिंग मिला है तो उसे सुरक्षित रखें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net





**नई दिल्ली।** वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे कराने के वाराणसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा निर्देश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परिसर में जिस जगह शिवलिंग मिला है, उस जगह को सुरक्षित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि लोगों को नमाज अदा करने से रोका न जाए। सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और पीएस नरसिम्हा की बेंच में हुई। मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे हुफैजा अहमदी से सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह याचिका पूजा-अर्चना के लिए है, न कि मालिकाना हक के लिए। इस पर अहमदी ने कहा था कि ऐसे में वहां के हालात ही बदल जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी किया है।

**सुप्रीम कोर्ट :** कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह मामला मालिकाना हक का नहीं है, पूजा करने की परमिशन मांगी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि हम आदेश देंगे कि आपने जो आवेदन दाखिल किया है, सिविल कोर्ट उसका जल्द निपटारा करे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश दिया कि अगर शिवलिंग मिला है, तो उसे सुरक्षित रखा जाए। साथ ही नमाजियों को न रोका जाए। कोर्ट ने कहा कि 19 मई को अगली सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष दोनों शामिल रहे।






---

## उदयपुर में कांग्रेस चिंतन शिवर

# नव संकल्प और नया नारा-भारत जोड़ो

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उदयपुर में कांग्रेस का चिंतन शिविर संपन्न हो गया। नौ साल के अंतराल के बाद हुए इस चिंतन शिविर में 430 नेताओं ने भाग लिया और कांग्रेस कार्य समिति ने एक छह मसौदा प्रस्ताव तैयार किया है। कांग्रेस का मानना है कि जिस तरह ठीक 80 वर्ष पहले, साल 1942 में महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो का नारा दिया था, उसी तर्ज पर अब 2022 के लिए भारत जोड़ो देश का नारा है और यही है उदयपुर का नव संकल्प। इसके लिए गांधी जयंती के मौके पर कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए एक राष्ट्रीय भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने का संकल्प लिया गया।

चिंतन शिविर में पूरी तरह से संगठन मज़बूती और युवाओं पर फोकस रहा। 430 नेताओं के मंथन के बाद कांग्रेस ने साल 2022 के लिए नया नारा दिया है 'भारत जोड़ो'। चिंतन शिविर में संगठन को मजबूत करने के लिए । पार्टी की ओर से गठित छह कमेटियों ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को सौंपी। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में रिपोर्ट पर चर्चा के बाद कई प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है।



**सजा सेहरा**

नव संकल्प शिविर समापन के बाद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेणेश्वर धाम में शिव मंदिर, वाल्मिकी मंदिर और हरि मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

@जागरूक जनता

### भीतर सुधार के लिए टास्क फोर्स

**कांग्रेस** की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने कांग्रेस के भीतर सुधार शुरू करने के लिए टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की। साथ ही जनता से जुड़ने के लिए भारत जोड़ों यात्रा का एलान भी किया। उन्होंने कहा- हम दो अक्टूबर से गांधी जयंती के दिन कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ों यात्रा की शुरुआत करेंगे। इस यात्रा में सभी युवा और नेता शामिल होंगे। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने एक छह मसौदा प्रस्ताव तैयार किया, जिसमें संगठन, किसान-कृषि, युवाओं से संबंधित मुद्दे, सामाजिक न्याय और कल्याण और अर्थव्यवस्था का मुद्दा शामिल था।

### युवाओं के लिए ये रहा संकल्प

**कांग्रेस** के युवा समूह ने संकल्प लिया है कि भाजपा निर्मित बेरोजगारी के दंश से लड़ने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक रोजगार दो पदयात्रा का प्रस्ताव किया, जिसकी शुरुआत आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 15 अगस्त, 2022 से होगी। संगठनात्मक स्तर पर 50 प्रतिशत पद 50 साल से कम उम्र के साथियों को मिलें। युवा समूह ने यह निष्कर्ष भी निकाला कि संसद, विधायिकाओं, विधान परिषद व सभी चुने हुए पदों पर रिटायरमेंट की उम्र की एक सीमा तय की जाए। इसके अलावा गरीब विद्यार्थियों के लिए कॉलेज व विश्वविद्यालयों में भी निशुल्क शिक्षा का प्रावधान हो।

@ पेज 6 भी देखें

## टैक्नीकल हेल्पर परीक्षा के अभ्यर्थियों को रोडवेज में फ्री यात्रा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बिजली कंपनी जयपुर डिस्कॉम में टेक्निकल हेल्पर के पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए राजस्थान रोडवेज ने 20 से 26 मई तक फ्री यात्रा की सुविधा देने का निर्णय किया है। इस परीक्षा में 1500 से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए 1.68 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। राजस्थान रोडवेज से मिली जानकारी के मुताबिक बिजली कंपनी में टेक्निकल हैल्पर के लिए 20 से 26 मई तक एग्जाम होंगे। ये एग्जाम प्रदेश के 10 जिलों में अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर 2 पारियों में होगी। इस परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को आने-जाने के लिए रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में फ्री यात्रा की सुविधा का लाभ परीक्षा से एक दिन पहले और परीक्षा से एक दिन बाद तक दिया जाएगा।

## नौतपा 25 मई से, तोड़ेगा कई सालों के रिकॉर्ड

**सूर्य-चंद्रमा एक साथ होंगे वृष राशि में**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही इस बार नौतपा 25 मई से शुरू होगा जो 2 जून तक रहेगा। ज्योतिषियों की गणना के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस साल नौपता पर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। सूर्य और चंद्रमा के एक साथ वृष राशि में रहने के कारण 29 मई से एक जून तक गर्मी का असर सबसे तेज रह सकता है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि इस बार नौतपा के बीच वृष राशि में सूर्य के साथ चन्द्रमा रहेगा, जो 29 मई से एक जून तक रहेंगे। ऐसे में इन तीन दिनों में गर्मी के तेवर ज्यादा तेज रहने की संभावना है। चन्द्रमा इसके बाद 5 जून तक मिथुन व कर्क राशि में रहेगा। फिर 6 से 8 जून तक चन्द्रमा सिंह राशि में रहेगा। इन तीन दिनों में तेज हवाएं भी चलेंगी। वहीं मौसम विभाग मई महीने में तेज गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी कर चुका है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। पिछले दिनों बांसवाड़ा में 2 बार तापमान 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है, जो ये संकेत दे रहा है कि आगामी दिनों में तापमान और बढ़ सकता है।

### पिछले साल रहा चक्रवात का असर

पिछले साल नौपता 25 मई को शुरू हुआ था, उससे करीब एक सप्ताह पहले अरब सागर में एक चक्रवात आया था, जिसके कारण नौपता का असर कम हो गया था। ताउ ते चक्रवात के कारण राजस्थान के दक्षिण और पूर्वी हिस्से में दो दिन तक बारिश और आंधी का दौर चला था। इसके कारण तापमान में कमी आई थी। इसके अलावा नौपता के शुरू होने के 2 दिन बाद ही साइक्लोन सिस्टम बनने से आंधी-बारिश और ओले गिरने लगे थे, जिसके असर से 3 दिन तक तापमान में गिरावट रही थी।

**बीकानेर सबसे ज्यादा बार तपा** – अमूमन नौतपा पर गर्मी तेज पड़े ये जरूरी नहीं। जयपुर में पिछले 10 साल की रिपोर्ट देखें तो 5 बार ही ऐसा रहा जब मई में नौपता के दौरान पारा चरम पर पहुंचा। यही नहीं जयपुर के अलावा पिछले 10 साल में अजमेर में 5 बार, जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर, बाड़मेर में 6 बार, चूरू, कोटा, गंगानगर में 7 बार और बीकानेर में 9 बार ऐसा हुआ जब नौपता में मई के अंदर पारा सर्वाधिक रहा।

# हम पूरे राजस्थान में फैल सकते हैं-राजे



**पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के जीवन पर पुस्तक का विमोचन**

## वसुंधरा में विजनरी सीएम की छवि, प्रदेश की राजनीति को दिशा दें-मेघवाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व छ्टरू वसुंधरा राजे के खेमे ने एक बार फिर जयपुर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन कर राजस्थान में राजे के सीएम फेस की दावेदारी जता दी है। राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी विधायक कैलाशचन्द मेघवाल ने जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के जीवन पर पुस्तक विमोचन के मौके पर कहा वैचारिक दृष्टि से विधानसभा को दिशा देने वाला कोई आदेश नहीं आ रहा। ये स्थिति ठीक करने के लिए हमें एक विजनरी मुख्यमंत्री की जरूरत है। इस नाते मैं कहना चाहता हूं वसुंधरा जी राजस्थान आपकी तरफ देख रहा है। इस पर पूरा ऑडिटोरियम वसुंधरा राजे जिन्दाबाद के नारों से गूंज उठा। इसके बाद कैलाश मेघवाल ने कहा राजस्थान इसलिए आपकी ओर नहीं देख रहा है कि आप मुख्यमंत्री रही हैं। इसलिए देख रहा है कि आपमें एक विजनरी मुख्यमंत्री की छवि दिखती है। उस छवि के कारण जगह-जगह चर्चा होती है। मेघवाल ने कहा वसुंधरा ऐसा कौनसा क्षेत्र या कौनसा राजनीति का क्षेत्र ऐसा था जिसमें आपने आगे बढ़कर पहल नहीं की हो। इसीलिए राजस्थान आपकी ओर देख रहा है। आप राजस्थान की राजनीति को दिशा दीजिए। आपका भाजपा राजस्थान में स्थान है। आप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं इस नाते दिशा देने में पीछे मत रहिए।



### कठिन समय में व्यक्ति तपता और मजबूत बनता है

**राजे** ने कहा भैरोंसिंह शेखावत साहब ने मुझे यही कहा था कि राजनीति को सेवानीति में बदलो। अपना नहीं दूसरों का सोचकर काम करो। मन और दिल से उसमे लगोगे तो तकलीफ जरूर पाओगे लेकिन आखिर में आपको कोई मात नहीं दे सकेगा। उन्होंने कहा था राजनीति में जितनी बाधाएं आती हैं। जितना कठिन समय आता है। उतना ही व्यक्ति तपता है और मजबूत बनता है। उन्होंने दुख और सुख में समान रहना सीखने की बात कही थी। तपने की बात कही थी क्योंकि इसमें हमारे परायों की भी पहचान बनती है। कहा था उसे समझने लगोगे तभी इस राजनीति में आगे बढ़ पाओगे। राजे ने कहा भैरोंसिंह जी ने कहा था कि मुश्किलें तो आती हैं। जब आती हैं तो सबसे पहले वो लोग आपसे अलग होंगे, जिनके लिए आपने सबसे ज्यादा किया है। लेकिन इस सबकी चिन्ता नहीं करनी है। अपने रास्ते पर मजबूती से चलते रहना है। जिस चीज में विश्वास रखा है उसकी लड़ाई लड़ते रहना सबसे महत्वपूर्ण है।

### पुस्तक तो बहाना है

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने 'धरतीपुत्र भैरों सिंह शेखावत' पुस्तक का विमोचन करते हुए सभागार में मौजूद विधायकों, बीजेपी नेताओं और राजपूत समाज के संगठनों को बड़ा सियासी मैसेज भी दिया। वसुंधरा ने कहा आज ऐसा लग रहा है कि भैरोंसिंह शेखावत खुद हम लोगों के बीच में एक परिवार के रूप में है। 33 जिलों के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम जो उन्होंने इतने सालों से किया। ऐसा लगता है वो हम अपनों के बीच में ही है। आज हम सब उनकी यादों के अंदर बह गए हैं। उन्होंने सभी जिलों से इकट्ठा हुए लोगों को प्रणाम करते हुए कहा कि यह सब भैरोंसिंह जी का ही चमत्कार है। पुस्तक तो बहाना है, हम सबको इकट्ठा होकर उनकी याद करने का इससे बहाना मिल गया।

### मुझे राजस्थान की सीरियस राजनीति में लाए भैरोंसिंह शेखावत

राजे ने कहा कोई दोराय नहीं है राजमाता साहब तो मुझे राजनीति में लेकर आई थी। लेकिन मैं इस जगह पर नहीं होती अगर भैरोंसिंह जी ने मेरा हाथ पकड़कर मुझे यहां तक पहुंचाने का काम नहीं किया होता। मुझे ऐसा मौका कभी मिलता मैं नहीं समझती। मुझे राजस्थान की सीरियस राजनीति में कोई लेकर आया, तो वो भैरोंसिंह शेखावत थे। वो आज भी मेरे प्रेरणा स्त्रोत हैं और रहेंगे। मैं उनकी चलती फिरती राजनीति की पाठशाला की एक विद्यार्थी हूँ।

### हम पूरे राजस्थान में फैल सकते हैं

राजे ने कहा भैरोंसिंह शेखावत के दो सपने थे। एक हम राजस्थान को गरीबी से कैसे दूर कर सकते हैं। दूसरा देश में सबसे विकसित राज्य की श्रेणी में राजस्थान को कैसे कर सकते हैं। हम अपने राज के समय इन सपनों को पूरा करने की कोशिश करते थे। अब मैं चाहती हूं कि सब यहां से एक संकल्प लेकर जाएं। सब लोग मुख्यमंत्री, मंत्री और पार्टी के बड़े कद के नेता नहीं बनने वाले। लेकिन हम बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। सबसे बड़ी चीज हमारे हाथ में है कि हमारी पार्टी बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी हैं। हम पूरे राजस्थान में फैल सकते हैं। भैरोंसिंह शेखावत का सपना अब हमारा सपना है। अगर हम पूरे राजस्थान में फैल जाते हैं, तो वो सपने हम पूरा कर सकते हैं। यह मेहनत का काम है। लेकिन मैं मानती हूं कि जो परिवार यहां बैठा है वो खून पसीना बहाकर ये काम कर सकता है। राजस्थान को उन ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम कर सकता है जो सपना उन्होंने देखा।

**दो साल बाद अमरनाथ यात्रा : बाबा बर्फानी**

## जयपुर से 20 हजार श्रद्धालु करेंगे दर्शन!


**पहली बार अमरनाथ यात्रियों की कलाई पर बंधेगा जीपीएस बैंड**

**यात्रा 30 जून से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगी, अब तक 10 हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इस बार अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की कलाई पर जीपीएस बैंड बंधेगा ताकि उनकी लोकेशन मिलती रहे। यात्रा आगामी 30 जून से शुरू होगी और 11 अगस्त तक चलेगी। कोरोना के कारण दो साल बाद फिर से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा पर इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन करने जाएंगे। जयपुर से 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के जाने का अनुमान है। अब तक श्रद्धालु बैंकों, ऑनलाइन और पोस्टल सेवा के माध्यम से 10,000 से अधिक लोग यात्रा का रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इससे पहले 2019 में जयपुर से 16 हजार लोग अमरनाथ की यात्रा करके आए थे। 9 अगस्त तक यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

### पहला जत्था 26 जून को, 1000 लोग जाएंगे



**जयपुर** से करीब 50 संगठन अमरनाथ यात्रा ले जाते हैं। दो साल बाद यात्रा होने से लोगों में बाबा के दर्शन करने का काफी उत्साह है। इस बार ये ग्रुप 20 हजार से अधिक लोगों को यात्रा पर ले जाएंगे। जबकि 2019 में 16 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन करके आए थे। गोयल परिवार 1000 लोगों को यात्रा पर ले जाएगा। पहले जत्थे की रवानगी 26 जून को होगी। मोती डूंगरी गणेशजी के दर्शन कर जत्था रवाना होगा। 2 जुलाई को बर्फानी बाबा के दर्शन कर 5 जुलाई को वापसी होगी।

### 30 जून से 11 जुलाई तक के रजिस्ट्रेशन फुल

**गोयल** परिवार की ओर से हर साल यात्रा दल ले जाने वाले राजकुमार गोयल ने बताया कि शहर में जम्मू एंड कश्मीर, पंजाब नेशनल नेहरू उद्यान शाखा अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। बैंकों व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 10 हजार लोगों ने अब तक कराए हैं। गोयल के मुताबिक एक दिन में एक बैंक में 30 ही लोग रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस हिसाब से 30 जून से लेकर 11 जुलाई तक के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो चुके हैं।

### सुरक्षा के लिए होंगे कड़े इंतजाम

**दूसरी** ओर, अमरनाथ श्राइन बोर्ड की ओर से तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए पहले से भी अधिक कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में इस बार प्रत्येक तीर्थ यात्री को कलाई में बांधने के लिए एक रिस्टबैंड दिया जाएगा। इसमें एक जीपीएस बैंड (माइक्रोचिप) रहेगी, जिसके जरिए सेटेलाइट के माध्यम से यात्री की लोकेशन का पता चलता रहेगा। कभी कोई घटना-दुर्घटना होती है तो इससे कौन सा यात्री कहां है, यह पता लगाया जा सकेगा। यात्रा मार्ग पर तीर्थ यात्री निवास भी बनाए जा रहे हैं।

### 10 साल में पहली बार पहलगांव की ओर से जाने का ज्यादा रुझान

**गोयल** के मुताबिक 10 साल में पहली बार बालटाल की बजाए पहलगांव की तरफ से जाने का ज्यादा रुझान है। यह रुझान श्रद्धालुओं के कराए गए रजिस्ट्रेशन से पता चल रहा है। हेलिकॉप्टर से जाने की सुविधा का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फिलहाल सरकार ने शुरू नहीं किया है। जबकि शहर से बड़ी संख्या में लोग हेलिकॉप्टर से जाने के इच्छुक हैं।

## दौसा जिले में सैंथल को नया उपखण्ड कार्यालय बनाया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर ।** राजस्थान सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर जिला दौसा के उपखण्ड दौसा का पुनर्गठन करते हुए सैंथल को नया उपखण्ड कार्यालय का सृजन किया गया है।

राजस्व (ग्रुप-1) विभाग के विशिष्ट शासन सचिव विश्राम मीणा की ओर से इस सम्बंध में जारी इस अधिसूचना के अनुसार नव सृजित उपखण्ड कार्यालय सैंथल के क्षेत्राधिकार में भू.अभिलेख निरीक्षक वृत सैंथल, बापी एवं कुण्डल को शामिल किया गया है।

## विप्र भवन में विप्र विभूतियां सम्मानित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित विप्र भवन में 51 विप्र विभूतियों का सम्मान किया गया। इससे पूर्व 5 कुण्डीय गायत्री यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। परशुराम पखवाड़े के अंतर्गत सम्मान समिति ने ब्राह्मण विभूतियों का सम्मान किया जिसका उद्देश्य समाज को एक साथ मिल कर राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान के लिये प्रेरित करना है। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष नगेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि ब्राह्मण विभूतियों के सम्मान में अंगवस्त्र प्रदान कर गौड़ विप्र समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा (भामाशाह), कैलाश चोटिया (बीजेपी नेता), सुवालाल शर्मा (वरिष्ठ समाजसेवी), राजेश शर्मा, कैलाश शर्मा (समाजसेवी, विद्याधर नगर), चंद्रकांत शर्मा, वैद विपिनचंद्र त्रिवेदी, डा. मुकुल शर्मा, कौशल पारीक, आनन्द प्रकाश शर्मा, नवल शर्मा, रामराय शर्मा, काशीनाथ दीक्षित, सुशील भारद्वाज सहित कुल 51 ब्राह्मण विभूतियों का सम्मान किया गया।




**उत्तरी रिंग रोड**

## जल्द शुरू होगा डिमार्केशन का काम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जयपुर की नॉर्दन रिंग रोड के डिमार्केशन का काम जल्द शुरू होगा। एनएचएआई डिमार्केशन का काम करेगा। आगरा रोड से सी जोन बाईपास तक की बनने वाली रोड में डिमार्केशन के बाद सर्वे किया जाएगा। एनएचएआई की ओर से अवाप्ति अवाप्ति की अधिसूचना की अधिसूचना जारी की जाएगी।

बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव उषा शर्मा की ओर से रिंग रोड को शुरू करने के संबंध में पत्र लिखा गया था। इसके बाद नॉर्दन रिंग रोड बनाने की दिशा में काम शुरू किया गया है। जेडीए आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने जानकारी दी की वर्ष 2019 में एनएचएआई ने भूमि अवाप्ति की अधिसूचना निकाली थी। लेकिन रिंग रोड बनाने का फार्मूला तय नहीं हो पाया था। अब एनएचआई जल्द नए सिरे से अवाप्ति की अधिसूचना जारी करेगा। एनएचएआई ही भूमि अवाप्त करेगा और 70 मीटर की चौड़ाई में ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बनाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि किसी सरकार में उतरी रिंग रोड का काम शुरू हो जाएगा। प्रोजेक्ट की लागत कम करने के लिए इस बार एलिवेटेड की बजाए सरफेस पर रिंग रोड बनाने की योजना है।

### लगभग 45 किमी होगी लंबाई

**जयपुर** का नॉर्थ रिंग रोड आगरा रोड के बगराना से शुरू होकर दिल्ली रोड के अचरोल यानी 45 किलोमीटर लंबा होगा। यह रिंग रोड साउथ जो कि अजमेर रोड भांकरोटा से आगरा रोड बराना वाली मौजूदा रिंग रोड से बिल्कुल अलग होगी। इस रिंगरोड में ट्रैफिक कॉरिडोर के अलावा मास्टर प्लान के अनुरूप हाउसिंग स्कीम्स, मॉल्स, इंडस्ट्रियल, लॉजिस्टिक पार्क हब भी डवलप करने का प्लान है। इसके लिए भी सर्वे करवाया जाएगा।

# ज्ञानवापी के नाम पर बीजेपी का नया तमाशा-गहलोत

## कहा- 100 ऐसे स्थान होंगे, जहां ये कंट्रोवर्सी पैदा करेंगे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद मामले और पी. चिदंबरम के ठिकानों पर सीबीआई छापों को लेकर केंद्र सरकार व बीजेपी पर हमला बोला है। कहा- क्या तमाशे हो रहे हैं देश में, अभी एक नया तमाशा शुरू कर देंगे वाराणसी में।100 ऐसे स्थान होंगे, जहां ये कंट्रोवर्सी पैदा करेंगे। कब तक हिंदू-मुस्लिम को लड़ाते रहेंगे। सदियों से साथ रहते आए हैं और सदियों साथ रहना है। गहलोत मंगलवार को जयपुर में अल्बर्ट हॉल के सामने कांग्रेस सेवादल की आजादी गौरव यात्रा के कार्यक्रम में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- हमें अपनी बात कहने में हिचक नहीं होनी, हमने अपनी बात नहीं रखी तो इतिहास हमें भी माफ नहीं करेगा। हम अपनी विचारधारा पर अटल रहेंगे तो इतिहास में यह भी लिखा जाएगा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र, सद्भाव को बनाए रखने में कमी नहीं रखी।

सरकार गिराने का षड्यंत्र करने वाले भागते फिर रहे

सीएम ने कहा- पी चिदंबरम से मैं तिहाड़ जेल में मिलकर आया था। आज चिदंबरम के फिर CBI का छापा पड़ा है। CBI, ED का दुरुपयोग हो रहा है। पॉलिटिकल क्राइसिस के वक्त हमारे छापे पड़ गए। धर्मेंद्र राठौड़ के छापा पड़ गया, पूरे देश में नाम गूंज गया, अरे भाई ये कोई उद्योगपति है क्या? जोधपुर में मेरे भाई के यहां छापा पड़ गया। सरकार गिराने का षड्यंत्र किया गया। अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और जोधपुर वाले शेखावत का सरकार गिराने का षड्यंत्र था। आज वह भागता फिर रहा है, वॉइस सैंपल नहीं दे रहा है। OSD लोकेश शर्मा पर दिल्ली में केस कर दिया, दिल्ली पुलिस उनकी है। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है। उनके तमाम मंसूबे फेल कर दिए। विधायकों ने साथ निभाया, वह मामूली बात नहीं।

### ये लोग अंग्रेजों के मुखबिर थे, हमसे क्या मुकाबला करेंगे?

गहलोत ने BJP-RSS को अंग्रेजों का जासूस बताते हुए कहा- ये लोग अंग्रेजों के मुखबिर थे। पार्लियामेंट में इस पर बहस हो चुकी। ये हमसे क्या बात करेंगे? ये हमसे क्या लोहा लेंगे? ये तो अंग्रेजों के लिए जासूसी करते थे। आप सीना तानकर राजनीति कीजिए।

### राजस्थान मोदी-शाह के टारगेट पर

करौली में केवल एक घंटे दंगा हुआ, हमने कंट्रोल कर लिया। रामनवमी पर आठ राज्यों में दंगे हुए, लेकिन हमने दंगा नहीं होने दिया। करौली, राजगढ़, जोधपुर में हमने दंगे नहीं होने दिए यही हमारी कामयाबी है। करौली को लेकर BJP और अमित शाह प्रचार करते हैं। राजस्थान तो मोदी और अमित शाह के टारगेट पर है।

# भाजपा का जयपुर में 19 से राष्ट्रीय-चिंतन

## विधानसभा चुनाव की बनेगी स्ट्रेटेजी, पीएम मोदी देंगे संबोधन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस के बाद भाजपा में भी चिन्तन शिविर शुरू होने जा रहा है। राजस्थान समेत अलग-अलग राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लेकर पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में प्लानिंग तैयार होगी। संगठन के मुद्दों पर अलग-अलग लेवल पर चर्चा की जाएगी। राजधानी जयपुर में दिल्ली रोड स्थित 5 सितारा होटल लीला पैलेस को बीजेपी ने चिंतन के लिए चुना है। 19 से 21 मई तक अलग-अलग सेशन में बैठकें होंगी। करीब 150 डेलिगेट्स इसमें हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस दौरान वर्चुअल संबोधन देंगे। इस साल गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव हैं। जबकि 2023 में 9 राज्यों- राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान में हो रहीं साम्प्रदायिक घटनाओं, हिंसा, उपद्रव, हिन्दुत्व से जुड़े मुद्दे, तुष्टीकरण, दलित, आदिवासी और महिला अत्याचार, अपराध जैसे ज्वलंत मुद्दों को इस सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी मुद्दा बनाएगी। बैठक के आखिर में एक राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।

### पीएम मोदी वर्चुअली करेंगे संबोधित

19 मई को दोपहर 2 बजे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे नड्डा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों को संबोधित करेंगे। 20 मई को राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी, सह-प्रभारी, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राज्य के संगठन महामंत्रियों का एक जॉइंट सेशन होगा। जिसे पीएम मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे। बीजेपी के 3 पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी भी इस सेशन में शामिल होंगे। 21 मई को बीजेपी के संगठन महामंत्रियों की अलग से बैठक होगी।

## राजस्थान में नई ट्रांसफर पॉलिसी ने बढ़ाई टीचर्स की परेशानी

# 85 हजार टीचर्स को ट्रांसफर के लिए करना पड़ेगा फिर से आवेदन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के करीब 85 हजार ग्रेड थर्ड टीचर्स की परेशानी फिर से बढ़ गई है। पिछले 3 साल से ट्रांसफर का इंतजार कर रहे टीचर्स को अब एक बार फिर नई ट्रांसफर पॉलिसी के तहत आवेदन करना पड़ेगा। मंगलवार को शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने बताया की टीचर्स के ट्रांसफर के लिए शिक्षा विभाग ने नई पॉलिसी तैयार कर मुख्य सचिव को भेज दी है। ऐसे में नई पॉलिसी अप्रूव होने के बाद फिर से ट्रांसफर के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। जिसके बाद ही टीचर्स के ट्रांसफर होंगे।

शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत ही जो टीचर्स उसके अंतर्गत आएगा। उनको ही ट्रांसफर में राहत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल ट्रांसफर बंद होने की वजह से शिक्षकों के तबादले नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में जब स्थांतरण से रोक हटेगी तब टीचर्स के ट्रांसफर नहीं होंगे।

दरअसल, राजस्थान में पिछले साल अगस्त महीने में शाला दर्पण पर टीचर्स से ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसमें प्रदेश के 85 हजार से ज्यादा टीचर्स ने अपने गृह जिले में आने के लिए आवेदन किया था। इसके साथ ही टीएसपी क्षेत्र से नॉन टीएसपी क्षेत्र के टीचर्स से विकल्प पत्र भी भरवाए गए। 9 महीने का वक्त बीत जाने के बाद भी टीचर्स के ट्रांसफर नहीं हुए थे। जिसको लेकर प्रदेशभर के टीचर्स लंबे समय से विरोध कर रहे है। वहीं अब शिक्षा विभाग ने नई ट्रांसफर पॉलिसी तैयार कर मुख्य सचिव उषा शर्मा के पास भेज दी है। मुख्य सचिव ट्रांसफर पॉलिसी को जांच कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास भेजेंगी। ऐसे में थर्ड ग्रेड टीचर्स को ट्रांसफर के लिए अब कुछ महीने और इंतजार करना पड़ेगा।

बता दें कि राजस्थान में लगभग एक लाख 88 हजार टीचर्स (थर्ड ग्रेड) है। इनमें से 85 से ज्यादा टीचर्स ने ट्रांसफर के लिए आवेदन कर रखा है। लेकिन पिछले 9 महीने से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद ट्रांसफर पॉलिसी नहीं बन पाई थी। जिसकी वजह से प्रदेश के हजारों टीचर का ट्रांसफर नहीं हो पाया है। अब शिक्षा विभाग ने नई ट्रांसफर पॉलिसी तैयार कर ली है। ऐसे में नई पॉलिसी लागू होने ही टीचर्स का अपने गृह जिले में जाने का सपना पूरा हो पाएगा।

## जेईएन भर्ती परीक्षा आज से

# ड्रेस कोड तय, अभ्यर्थी आधा घंटा पहले नहीं पहुंचे तो नो एंट्री

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जेईएन भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। जयपुर में 18, 19 और 20 मई को होने वाली इस परीक्षा में 1.35 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्र पर सघन तलाशी के बाद प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थियों को तय ड्रेस कोड में आना होगा। बोर्ड ने इस बार प्रवेश को लेकर नया नियम लागू किया है। परीक्षा शुरू होने के तय समय से आधा घंटे पहले तक ही प्रवेश मिलेगा। इसके बाद एंट्री की अनुमति नहीं होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के तय समय से आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंच जाएं। इसके बाद प्रवेश नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस और एसओजी से संपर्क कर असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर निगरानी रखने को कहा गया है, जिन पर परीक्षा के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी फैलाने की आशंका है। 1118 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा की पहली पारी सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पारी 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। बोर्ड की ओर से 18 मई से 20 मई तक प्रतिदिन दो पारियों में जेईएन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। केवल जयपुर में परीक्षा 3 दिन तक 6 पारियों में होगी।

## ओसवाल की पैकिंग, प्रिंट व डिजाइन की नकल करने से जुड़ा मामला

# कोर्ट ने पुलिस को दिए एफआईआर दर्ज कर जाँच के आदेश

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ओसवाल की पैकिंग, प्रिंट व डिजाईन की नकल करके आर्थिक नुकसान पहुंचाने एवं नकली माल से प्रार्थी फर्म की साख बाजार में खराब करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मामलपुरा-टोंक भावना भार्गव ने मालपुरा थाना पुलिस को अभियुक्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अनुसंधान करने के आदेश दिए हैं। इस सबंध में परिवादी सुरेन्द्र इण्डस्ट्रीज मालवीय औद्योगिक क्षेत्र फेस-द्वितीय जयपुर के अधिकृत अधिकारी राजेश स्वामी ने सीजेएम की अदालत में श्री बालाजी इण्डस्ट्रीज जरिये प्रोपराईटर नन्द किशोर, रीको इणउस्ट्रीयल एरिया, मालपुरा-टोंक के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट-1957 की धारा-63 व 66, ट्रेडमार्क एक्ट-1999 की धारा-102 व 104 एवं आईपीसी की धारा-420 में अपराध बताते हुए इस्तगासा पेश किया था।

एडवोकेट रमेश कुमार शर्मा एवं बाबू लाल जाट ने कोर्ट को बताया कि परिवादी की फर्म ओसवाल सोप ग्रुप एक जाना-पहचाना सुविख्यात व प्रसिद्ध नाम हैं। फर्म का पंजीकरण, ट्रेडमार्क, कॉपीराईट, अनुज्ञप्ति, लाईसेंस आदि प्राप्त हैं।

फर्म के उत्पाद ओसवाल साबुन से मिलता-जुलता, हुबहू टोंक जिले के बाजार में राजकुमार सोप के नाम से बिकते हुए पाया गया। पूछने पर दुकानदारों ने माल श्री बालाजी इण्डस्ट्रीज से मिलना बताया गया। आरोपी को पैकिंग, प्रिंट व डिजाईन की नकल करने से रोका गया। लेकिन, अभियुक्त ने उत्पाद रोकने से मना कर दिया। बाद में 18 अक्टूबर, 2021 एवं 19 अप्रैल, 2022 को थानाधिकारी मालपुरा एवं एसपी टोंक को रिपोर्ट दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। जिस पर कोर्ट में परिवाद पेश करना लाजमी हुआ।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

अब राजस्थान में सबके लिए
नि:शुल्क इलाज



"स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च प्रत्येक परिवार की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। राजस्थान सरकार ने एक मानवीय पहल करते हुए **मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना** प्रारंभ की है जिससे सभी प्रदेशवासियों को **नि:शुल्क** बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

इस योजना के अंतर्गत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में हार्ट, कैंसर, न्यूरो, कोविड, ब्लैक फंगस जैसी गंभीर बीमारियों एवं कॉकलियर इम्प्लांट, बोन-मैरो ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट ट्रांसप्लांट, लीवर ट्रांसप्लांट, घुटना प्रत्यारोपण और डायलिसिस जैसे महंगे इलाज भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

मुझे प्रसन्नता है कि अब तक प्रदेश में 12 लाख से अधिक मरीजों ने इस योजना के अंतर्गत लगभग 1400 करोड़ रुपये के नि:शुल्क इलाज का लाभ प्राप्त किया है। प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान करने के दिशा में यह हमारा एक विनम्र प्रयास है। मैं आशा करता हूँ कि राजस्थान की तरह प्रत्येक देशवासी को इसी प्रकार नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।"

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

हैल्थकेयर का राजस्थान मॉडल

मुख्यमंत्री
चिरंजीवी
स्वास्थ्य बीमा योजना

राजस्थान के हर परिवार को
₹10 लाख
का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा

साथ में
₹5 लाख
का दुर्घटना बीमा

एवं

सरकारी अस्पतालों में
ओपीडी एवं आईपीडी
दवा जांचें सहित पूर्ण इलाज नि:शुल्क

• प्रदेश का कोई भी परिवार योजना से जुड़ सकता है •

• कर्मचारियों और पेंशनर्स परिवारों को CGHS की तर्ज पर RGHS की कैशलेस इलाज की सुविधा •

पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट http://chiranjeevi.rajasthan.gov.in देखें या 181/18001806127 पर फोन करें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# 'आग' से बचना होगी

रिकॉर्डतोड़ गरमी में आगजनी का बढ़ा खतरा न केवल चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि दुखी भी कर रहा है। इसी महीने अभी तक देश में अनेक जगहों पर आग लगने से लगभग पचास लोगों की मौत हमें झकझोरने के लिए पर्याप्त है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुंडका अग्निकांड मामले में दिल्ली सरकार को साफ कहा है कि राज्य के अधिकारियों ने पिछले अनुभवों से बहुत कम सीखा है। दिल्ली अभी आग के मामले में देश के सामने एक खराब मिसाल है। बीते शुक्रवार को आग ने 27 लोगों को बचने का मौका नहीं दिया। उस चार मंजिला इमारत में सुरक्षा उपायों की भयानक अनदेखी पाई गई। भवन निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जितनी निंदा की जाए कम है। दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले महानगर में अधिकारियों को निर्माण के प्रति बहुत सजग रहना चाहिए और कोई ऐसी रियायत नहीं देनी चाहिए कि हादसे की गुंजाइश बने। अब तो निर्माण ऐसे हो रहे हैं कि मानवाधिकार के हनन की दृष्टि से भी सोचने की जरूरत पड़ रही है। हालांकि, सवाल यह भी पूछा जा सकता है कि शहरों में कठिन जनजीवन के प्रति क्या मानवाधिकार आयोग कभी गंभीर रहा है? छोटी-छोटी असुरक्षित जगहों पर लोगों का रहना क्या मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं है? यदि उल्लंघन है, तो सरकारी एजेंसियां क्या कर रही हैं? बहरहाल, मानवाधिकार आयोग ने नोटिस भेजकर आगजनी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई, दोष निर्धारण, सरकार द्वारा दी गई राहत या पुनर्वास की स्थिति के बारे में उचित ही पूछा है। यह अच्छी बात है कि मानवाधिकार आयोग सक्रिय हुआ है, अब यह भी तय होना चाहिए कि किसी मानव बस्ती में घर कितने बड़े होने चाहिए, गलियां कैसी होनी चाहिए, साफ पानी और हवा की व्यवस्था कैसी होनी चाहिए? बहुत सारे लोगों को गंदगी में रहने के लिए मजबूर करना भी मानवाधिकार का उल्लंघन है। क्या इस संबंध में सरकार कोई नीति बनाएगी और मानवाधिकार के नजरिये से बसाहट के बारे में सोचा जाएगा? यह विषय बहुत व्यापक है, न तो आगजनी का शिकार हुआ मुंडका का भवन योजना के तहत था और न वहां कारखाना चलाने की मंजूरी ली गई थी। दिल्ली ही नहीं, देश के अनेक शहरों में इन दिनों आगजनी से चिंता बढ़ी हुई है। देश में अनेक ऐसे शहर और कस्बे हैं, जहां गलियों में दमकल का पहुंचना असंभव है। फिर भी वहां कारखाने चल रहे हैं। कहीं भी हम अधिकारियों को अवैध निर्माण रोकने के लिए बहुत संघर्ष करते नहीं देखते। दिल्ली के लोग भूले नहीं हैं, जब अनाज मंडी इलाके में साल 2019 में भयानक आग लगी थी और 43 लोगों की जान गई थी। तब जो जांच हुई, उसकी रिपोर्ट सामने नहीं रखी गई। यही होता है, बार-बार अधिकारियों को बचाया जाता है। नतीजा यह कि इसी मई महीने में आधा दर्जन से अधिक आग-जनित हादसे हुए हैं। चंडीगढ़ में गुरु नानक देव अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। 8 मई की रात गाजियाबाद-नोएडा सीमा के पास खोड़ा इलाके में भीषण आग लगी। उससे एक दिन पहले इंदौर के स्वर्णबाग कॉलोनी में एक दो मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हुई। समय आ गया है कि हादसों की आशंका को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि किसी नुकसान से बचा जा सके।

## सम्पादकीय

# राजद्रोह पर पुनर्विचार

सुप्रीम कोर्ट ने कम-से-कम फिलहाल के लिए तो देश को राजद्रोह कानून से मुक्ति दे दी है। बीते दिनों दिए गए अदालत के अंतरिम आदेश के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए के तहत तब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सकेगा, जब तक सरकार इस कानून की समीक्षा करने के बाद अपना रुख साफ नहीं कर देती। यहां तक कि इस धारा के तहत जो मामले अदालतों में चल रहे हैं, उनकी कार्यवाही भी रोक दी जाएगी। उन मुकदमों के तहत गिरफ्तार किए गए लोग अब राहत के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। अभी यह अंतरिम फैसला है और अंतिम निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्र अपने वादे के हिसाब से इस डेढ़ सदी पुराने कानून पर पुनर्विचार और उसकी पुनर्समीक्षा के बाद क्या तय करती है। बीते दिनों सरकार ने अदालत को यह सूचना दी थी कि इस कानून पर पुनर्विचार और पुनर्समीक्षा के लिए वह तैयार है। अदालत को यह भी बताया गया था कि मौजूदा सरकार पिछले आठ साल में उन डेढ़ हजार पुराने कानूनों को खत्म कर चुकी है, जो बेमतलब हो चुके थे। अदालत में अचानक ही रखे गए केंद्र के इस रुख ने सभी को हैरत में डाल दिया था। जबकि ठीक इससे पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से यह तो स्वीकार किया गया था कि इस कानून का दुरुपयोग हो रहा है, लेकिन यह भी कहा गया था कि किसी कानून को महज इसीलिए नहीं हटाया जा सकता कि उसका दुरुपयोग होता है। सोमवार को सरकार का यह रुख सामने आने के बाद सभी ने इसका स्वागत किया था, लेकिन इस मामले की एक वादी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने यह आशंका भी जाहिर की थी कि सरकार इस वादे के बहाने समय बिताने की कोशिश कर रही है। लेकिन अब शीर्ष अदालत ने यह रास्ता भी बंद कर दिया है। अदालत के इस अंतरिम आदेश के बाद अब सरकार पर यह दबाव बनेगा कि उसे जो भी फैसला करना है, जल्द ही एक तय समय सीमा के भीतर करना होगा। देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे टालने की गुंजाइश समाप्त कर दी है। पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार ने ऐसे मामलों में उदारता बरतने के जो संकेत दिए हैं, यहां उनका जिक्र भी जरूरी है। खासतौर पर सरकार ने जिस तरह से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पॉवर्स ऐक्ट का दायरा सीमित किया है और इसे पूर्वोत्तर भारत से पूरी तरह हटाने का वादा किया है, उससे उम्मीद बंधती है। राजद्रोह कानून के मामले में सरकार के पास कई विकल्प हैं। वह इसे पूरी तरह हटा भी सकती है और इसे जमानती अपराध बनाते हुए उदार भी बना सकती है। एक और बात जो सरकार शुरू से ही सुप्रीम कोर्ट में कह रही है, वह ऐसे प्रावधान बनाने की है, जिससे इस कानून के दुरुपयोग पर रोक लग सके। लेकिन यह प्रावधान सिर्फ राजद्रोह कानून के लिए ही क्यों होना चाहिए? अलबत्ता, ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि किसी भी कानून का दुरुपयोग न हो सके। बल्कि, इसके आगे जाकर किसी भी कानून का दुरुपयोग करने वालों को दंडित करने की व्यवस्था भी होनी चाहिए। यह ऐसा काम है, जो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। यह समय हर स्तर पर सरकार से शालीनता और न्यायप्रियता की उम्मीद करता है। शासन और प्रशासन को पहले की तुलना में ज्यादा लोकतांत्रिक और पारदर्शी बनना ही होगा।

**खबर लहरिया महिलाओं के बुलंद हौसलों की एक अनूठी कहानी है, एक ऐसी जीती-जागती दास्तान जो हमें बताती है कि जब तक मीडिया में स्थानीय जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों को स्थान नहीं दिया जाता, तब तक उस मीडिया का होना बेमानी है।**

# जन सरोकार से जुड़ी पत्रकारिता की अनूठी मिसाल



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **खबर लहरिया की अब तक की यात्रा हमें यह सिखाती है कि अगर हम व्यवस्था को बदलने की चाहत रखते हैं और जिन मुद्दों और उसूलों में हम यकीन करते हैं- हममें उनके लिए लड़ने का जज्बा भी होना चाहिए।**

आज जबकि सम्पूर्ण मीडिया जगत एक किस्म की वर्चुअल दुनिया में चहलकदमी कर रहा है, जहां सब कुछ काल्पनिक और आभासी है, जहां बनावटी चकाचौंध है, जिसमें आपकी और हमारी जिंदगी के स्याह पन्ने बिलकुल अनछुए छोड़ दिए गए हैं, हमारे जीवन से जुड़े जरूरी और महत्वपूर्ण मसलों को जहां लगातार अनदेखा किया जा रहा है, ऐसे दौर में हाशिये पर ठिठकी दलित, मुस्लिम और आदिवासी ग्रामीण महिलाओं का कोई नेटवर्क रातोंरात चर्चा के केंद्र में आ जाता है, तो निष्चित तौर पर लोगों का ध्यान उसकी तरफ जाता ही है। हम बात कर रहे हैं ग्रामीण महिलाओं के न्यूज नेटवर्क 'खबर लहरिया' की, जिसने हाल ही दो दषक का अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया है।

इस संदर्भ में असली सवाल यह है कि आखिर वो कौन सी खूबी है, जिसकी वजह से आज हम खबर लहरिया पर चर्चा कर रहे हैं। ऐसे दर्जनों मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैं जो स्वतंत्र पत्रकारिता की राह पर मज़बूती से आगे बढ़ रहे हैं, खासकर वेबसाइट्स, कुछ अखबार और टीवी चैनल। ऐसे हजारों बहादुर फ्रीलांस रिपोर्टर हैं जिन्होंने धमकियों-चेतावनियों के आगे झुकने से इनकार किया है, भले ही वे सबसे असुरक्षित हैं। इनमें से ही एक है खबर लहरिया।

दरअसल खबर लहरिया महिलाओं के बुलंद हौसलों की एक अनूठी कहानी है, एक ऐसी जीती-जागती दास्तान जो हमें बताती है कि जब तक मीडिया में स्थानीय जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों को स्थान नहीं दिया जाता, तब तक उस मीडिया का होना बेमानी है। खबर लहरिया को खास बनाती है इसकी महिला पत्रकारों की टीम। इस टीम में अनेक महिलाएं ऐसी हैं जो पांचवी या सातवीं क्लास तक पढ़ी हैं, और कुछ तो ऐसी हैं जिन्होंने कभी स्कूल की शक्ल भी नहीं देखी, लेकिन बात जब जन सरोकारों की हो, गांवों के विकास की हो, पर्यावरण से जुड़े मुद्दों की हो, महिलाओं के खिलाफ अपराधों की हो, तो ये तेज-तर्रार और साहसी रिपोर्टर हर मौके पर मौजूद नजर आती हैं।

जाहिर है कि खबर लहरिया की पहचान जमीनी मुद्दों की पत्रकारिता से है। ऐसी पत्रकारिता जिसकी तरफ से मुख्यधारा के तमाम मीडिया घरानों ने आंखें मूंद रखी हैं। हालांकि खबर लहरिया में स्थान पाने वाली ज्यादातर रिपोर्टें पूरी तरह स्थानीय मुद्दों पर आधारित होती हैं। लेकिन ज्यादातर मामलों में ये मुद्दे ऐसे होते हैं, जो हमारे देश, हमारी दुनिया और हमारे समाज की दिशा तय करते हैं।




इसकी पत्रकारिता उन मुद्दों पर है जिन्हें आम तौर पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मीडिया में कोई स्थान नहीं दिया जाता। खास तौर पर गांवों और कस्बों की जिंदगी पर गहराई तक असर डालने वाले जरूरी मुद्दों पर खबर लहरिया की टीम काम करती है और साथ ही यह पता लगाने की कोशिश भी करती है कि अगर आजादी के इतने सालों बाद भी गांवों की तस्वीर बिलकुल नहीं बदली है, तो इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं। स्थानीय मुद्दों को टटोलने के साथ खबर लहरिया की टीम ने हमेशा मामले की गहराई में जाने की कोशिश भी की है और यह जानने का प्रयास किया है कि गांवों के विकास के लिए आवंटित बजट का इस्तेमाल आखिर कहां हो रहा है, और क्यों हिंदुस्तान के ज्यादातर गांवों के लोग आज भी मुश्किलों में, तकलीफों में जिंदगी बिताने को मजबूर हैं। इन अर्थों में खबर लहरिया एक ऐसे शक्तिशाली प्रहरी की भूमिका में आ गया है, जो सरकारी अमले की जवाबदेही तय करते हुए उससे असहज करने वाले सवाल पूछने का दुस्साहस दिखा रहा है। खबर लहरिया की वेबसाइट हमें बताती है कि खबर लहरिया अनोखा न केवल उसके पत्रकारों से है, बल्कि उसकी पत्रकारिता की वजह से भी है। यह दुनिया में अकेला ऐसा न्यूज़ नेटवर्क है जिसे सिर्फ महिलाएं चलाती हैं। यह महिलाएं दलित, मुस्लिम आदिवासी और पिछड़ी माने जाने वाली जातियों से हैं। खबर लहरिया की एक अलग पहचान और उसकी लोकप्रियता का कारण इसमें छपने वाली स्थानीय खबरें हैं। ये ख़बरें स्थानीय मुद्दों पर गहराई से और निष्पक्ष तरीके से जांच पड़ताल करती हैं। अपनी प्रतिबद्ध और दायित्वपूर्ण पत्रकारिता के लिए खबर लहरिया को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। मार्च 2004 में खबर लहरिया को मीडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली की तरफ से प्रतिष्ठित चमेली देवी जैन पुरस्कार मिला। तब पहली बार लोगों का ध्यान खबर लहरिया की तरफ गया। एक ग्रामीण और लगभग अनदेखे महिला मीडिया समूह को उत्कृष्ट महिला पत्रकारों के लिए प्रतिष्ठित चमेली देवी जैन पुरस्कार मिलने की घटना को दरअसल पत्रकारिता की पुरुष प्रधान दुनिया में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा गया। इसके अलावा, दलित समुदाय के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर रिपोर्टिंग के लिए समूह के तीन सदस्यों को 2004 में दलित फाउंडेशन से फेलोशिप भी मिली। हाल ही खबर लहरिया पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री राइटिंग विद फायर को ऑस्कर पुरस्कारों के लिए नॉमिनेट किया गया। इस डॉक्यूमेंट्री को हालांकि पुरस्कार नहीं मिला, लेकिन इसके बहाने दलित महिलाओं के एक समूह की यह रोमांचक दास्तान पूरी दुनिया के सामने पहुंची।

इन अर्थों में कहा जा सकता है कि खबर लहरिया की अब तक की यात्रा हमें यह सिखाती है कि अगर हम व्यवस्था को बदलने की चाहत रखते हैं और जिन मुद्दों और उसूलों में हम यकीन करते हैं- हममें उनके लिए लड़ने का जज्बा भी होना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि हमें अपनी ताकत में यकीन करना नहीं छोड़ना चाहिए। चौतरफा नजर आने वाले पतन के खिलाफ अगर हम उम्मीद की एक छोटी-सी लौ को भी जलाए रखते हैं, तो यकीन मानिए कि इसी लौ के सहारे आपकी और हमारी शिंदगी हमेशा रोशन रहेगी।

*- ये लेखक के अपने विचार है*

## कविता

### "उनके बदलते अंदाज"



स्वामी दास
कवि
@jagrukjanta.net

हर मोके पर फितरत
हर चेहरे पर चारा
हर नब्ज़ ए मौसम पर !
हाल' बदलते हैं,
*************
जफ़ा का खंजर
ज़दा के रूबरू ...
बहरहाल हर बार वो
अपनी जुबान पलटते हैं,
*************
खुदी' से गरज़ फलक की
पैरों की ज़मीं का !
जिक्र तक नहीं ...
वो तो हम दीवानों की
गली आकर भी ...
अपनी चाल' बदलते हैं,
*************
फरेब के फेर में
फ़िराक़ हुआ बैठा फ़ुवाद'
जवाब मिलना भी ...
मुनासिब नहीं लगता
बे अदब अंधेरों के पास
रोशनी का जवाब हो या ना हो
लेकिन वो ज़रूर अपने !
बाकी सवाल बदलते हैं।
**********
(लेखक शिकागो (अमेरिका) से है,
ये उनके अपने विचार है)

## ओपिनियन

# आखिर शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे शोध क्यों नहीं



अनुराग बेहर
सीईओ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन
@jagrukjanta.net

कई संस्थानों के चर्चित लेखकों द्वारा हाल में तैयार एक पेपर में दावा किया गया कि भारत में 2020 तक अति-गरीबी खत्म कर दी गई। हालांकि, जल्द ही कई लोगों ने इस दावे पर सवाल भी उठा दिए, जो बताता है कि यह नतीजा कितना सिफर था। जाहिर है, इस पेपर के बहाने शोध संबंधी वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र को लेकर चिंतन आवश्यक हो जाता है। कई साल पहले हमने भी वर्षों तक चलने वाले यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण (आरसीटी) को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी। उस शोध परियोजना के प्रमुख निष्कर्षों में से एक यह भी था कि बच्चों के किसी समूह को एक शिक्षक की तुलना में दो शिक्षक कहीं बेहतर सिखाते हैं। हमने यह निष्कर्ष पांच साल तक किए गए अध्ययन से निकाला था। यह कुछ-कुछ ऐसा था, मानो पांच साल के शोध के बाद हम यह साबित कर रहे हों कि सेब जब पेड़ से गिरता है, तो जमीन से टकराता है।

उस अप्रासंगिक आरसीटी के कुछ वर्षों के बाद, मैंने भी उसमें भाग लिया। सैकड़ों सत्रों, उप-सत्रों और दैनिक कामकाज में मुझे कुछ हजार गंभीर शिक्षा शोधार्थी मिले। सम्मेलन में सूचीबद्ध किए गए पेपर पुरानी टेलीफोन डायरेक्टरी जितने मोटे थे। वे शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों के लिए शायद ही उपयोगी थे। अच्छे शोध का एकमात्र पैमाना यही होना चाहिए कि वह पठन-पाठन, यानी व्यवहार में कितना उपयोगी है। हालांकि, भौतिकी या मनोविज्ञान जैसे विषयों में अनुप्रयोग की उपयोगिता ही अच्छे शोध का पैमाना नहीं है। ऐसे विषयों में प्रकृति और लोगों की पड़ताल को भी अच्छे शोध-कार्य में गिना जा सकता है। दरअसल, शिक्षा अपने स्वभाव से ही व्यवहार से जुड़ा है। यह दुनिया को समझाने का प्रयास नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, आजीविका या जल प्रबंधन भी इसी तरह के क्षेत्र हैं। लिहाजा, अच्छा शोध वही है, जो व्यावहारिक कामकाज को आसान बनाने में मदद करे। मगर शिक्षा के क्षेत्र के ज्यादातर शोध इस लिटमस टेस्ट को पास नहीं कर पाते। फिर, शोध-कार्यों की पद्धति भी मौजूं नहीं है। ऐसे शोध में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्या इसमें ऐसे मसलों पर बात की जा रही है, जो आम लोगों के लिए उपयोगी हैं। आरसीटी में बहुत सारे शोध ऐसे हैं, जो स्वाभाविक नतीजों की ही पड़ताल करते हैं। इसके बाद अनुसंधान का काम होता है, जो 'खास' मामलों पर केंद्रित होता है, जैसे शिक्षकों का एक समूह स्थानीय समूहों से बातचीत करता है और उनको फलदायी स्कूली कामकाज में शामिल करता है। इस तरह के अध्ययन सिवाय प्रेरक कहानी के बहुत ज्यादा उपयोगी नहीं होते। समुदायों के साथ शिक्षकों के ऐसे किसी जुड़ाव के सिद्धांत इतने सरल हैं कि उनकी फिर से पड़ताल जरूरी नहीं। इसके अलावा, वहां कई शोध ऐसे भी हैं, जो घिसे-पिटे विषयों पर हैं। जैसे, कैसे चारदीवारी स्कूलों में बच्चों के प्रदर्शन को प्रभावित करती है। बेशक, शोध उन विषयों पर हो सकता है, जो सामान्य या घिसा-पिटा हो, पर दिक्कत यह है कि इनका नकारात्मक असर पड़ता है। फर्ज कीजिए, यदि आप शिक्षकों की निगरानी के लिए कक्षाओं में कैमरे लगाते हैं, तो क्या हमें यह पता लगाने के लिए किसी शोध की दरकार है कि कक्षा में क्या हो रहा है?

तो ऐसा क्यों है कि शिक्षा में इतने अधिक शोध उन विषयों पर होते हैं, जो अनुपयोगी हैं? दरअसल, अनुसंधान का पारिस्थितिकी तंत्र व्यावहारिक कामकाज से अलग है। शिक्षा के क्षेत्र में पठन-पाठन में लगे लोगों को शायद ही सवाल पूछने का अधिकार होता है। ये चीजें उन नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों के हाथों में होती हैं, जो धरातल से कहीं दूर बैठे होते हैं। इसीलिए ईमानदार मंशा के बावजूद, वे ऐसे शोध को प्राथमिकता देते हैं, जो शायद ही अग्रिम मोर्चे पर तैनात लोगों की चुनौतियों और जरूरतों को समझने का प्रयास करते हों। अग्रिम मोर्चे के इन जवानों को अपने लिए प्रासंगिक सवालों की पड़ताल करने का बमुश्किल मौका मिलता है। इस समस्या से शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, आजीविका सृजन और अर्थशास्त्र जैसे तमाम क्षेत्र बुरी तरह जकड़े हुए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि शोध व अनुसंधान ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें एक समाज के रूप में हमें सुधार करना चाहिए, लेकिन इसके लिए शोध संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र के सत्ता-समीकरणों को बदलने की जरूरत है, जो वास्तव में यह तय कर सकें कि किस तरह के शोध होने चाहिए?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



साधक को नाम जप से निश्चित समय पर अवश्य भगवान के दर्शन होते हैं। कहते हैं सत्य युग में भगवान का ध्यान करने से, त्रेतायुग में बड़े-बड़े यज्ञ करने से और द्वापर में विधिपूर्वक उनकी पूजा करने से जो फल मिलता है, वह कलियुग में केवल भगवान के नाम का संकीर्तन करने से ही प्राप्त हो जाता है। संतों ने नाम कीर्तन को परम धर्म माना है। प्रेमपूर्वक निरंतर भगवान के नाम का जप करना ईश्वर की सच्ची उपासना है। इसके लिए न ज्ञान की, न योग की और न किसी क्रिया की आवश्यकता है, बस प्रभु के प्रति मन में सच्ची निष्ठा और लगन चाहिए। संसार सुख और मुक्ति की, नामजप सबसे श्रेष्ठ उपासना है। ***संकीर्तन के कुछ वाक्य:***

श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारे हे नाथ नारायण वासुदेव
गोविन्द जय जय गोपाल जय जय श्री राधा रमण हरि गोविन्द जय जय
नटवर नागर नन्दा भजो रे मन गोविन्दा
रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम
श्री राम जय राम जय जय राम, श्रीराम जय राम जय जय राम
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण हरे हरे
राम राघव राम राघव राम राघव रक्षमाम्
कृष्ण केशव कृष्ण केशव कृष्ण केशव पाहिमाम्
गोविन्द हरे गोपाल हरे जय जय प्रभु दीन दयाल हरे।
गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो, राधा रमण हरि गोविन्द बोलो।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



गुड़िया डॉटर अर्चना-अंकित कुमार गुप्ता, गंगापुरसिटी

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# नई कार्य-संस्कृति



संतोष मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

पिछले दो दिन में तीन घटनाएं बिल्कुल अलग-अलग घटीं, लेकिन ये तीनों हमें एक सकारात्मक दिशा में ले जाती हैं। इनमें सबसे ताजा खबर झारखंड की है, जहां वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड भी हासिल कर ली है। कुछ ही दिनों पहले जब उनके करीबियों के यहां निदेशालय का छापा पड़ा, तो नोटों की इतनी गड्डियां मिलीं कि उनकी तस्वीरें देखकर पूरे देश ने दांतों तले उंगली दबा ली थी। सिंघल झारखंड की खनन सचिव हैं और छापे की इन खबरों से ही लोग समझ पाए कि इस राज्य की अथाह खनिज संपदा किन्हें समृद्ध कर रही है। झारखंड की इस घटना के साथ एक खबर उत्तर प्रदेश से आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक का तबादला कर दिया। उनके खिलाफ आरोप थे- विभागीय कार्यों में रुचि न लेना और अकर्मण्यता। यह शायद पहली बार हुआ है कि किसी इतने बड़े अधिकारी का अकर्मण्यता के आरोप में तबादला किया गया हो। तीसरी खबर भारतीय रेलवे से आई। रेलवे बोर्ड ने एक ही दिन में प्रथम श्रेणी के 19 बड़े अधिकारियों को जबरन रिटायर कर दिया। ये वही अधिकारी हैं, जिन्हें कामकाज की समीक्षा में अक्षम पाया गया था। इन अधिकारियों को पहले ही चेतावनी दे दी गई थी, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्हें स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति दे दी गई। सरकारों द्वारा किए गए ये फैसले हमें हैरत में डाल सकते हैं, लेकिन देश के निजी क्षेत्र में ऐसा नियमित तौर पर ही होता है। कंपनी क्षेत्र में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा की एक पक्की व्यवस्था होती है, लगातार असफल रहने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, और भ्रष्टाचार को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाता। यही कारण है कि निजी क्षेत्र की कार्य-कुशलता सरकारी क्षेत्र के मुकाबले हमेशा ही बहुत अच्छी रहती है। सरकारें भी अगर इस कार्य-संस्कृति को अपनाती हैं, तो यह स्वागत-योग्य है।

नौकरशाही को हमेशा से भारतीय तंत्र के सबसे अड़ियल हिस्से के तौर पर देखा जाता रहा है। दुनिया भर में धारणा यही है कि भारत में बदलाव की सबसे बड़ी बाधा उसकी नौकरशाही है, जो किसी भी अच्छी नीति को फाइलों और उन पर लगे लाल फीतों में उलझा देने की क्षमता रखती है। उसके पास अधिकार तो बहुत हैं, लेकिन दीर्घकालिक जवाबदेही कुछ भी नहीं। इसमें बदलाव के लिए देश में दो बार प्रशासनिक सुधार आयोग भी बने, लेकिन उनकी ज्यादातर सिफारिशों को उन फाइलों के हवाले कर दिया गया, जो आज तक धूल फांक रही हैं। यह बात सही है कि कंप्यूटर और सूचना तकनीक के आगमन से प्रशासन के तौर-तरीकों में बहुत सारी चीजें बदली भी हैं, मगर सच्चाई यही है कि नौकरशाही पर अभी भी पूरी तरह से लगाम नहीं लग सकी है। एक बात तय है कि देश के महाशक्ति बनने के नए सपने और नौकरशाही के पुराने तौर-तरीके, दोनों चीजें एक साथ नहीं चल सकतीं। इन सपनों को जमीन पर उतारने के लिए नौकरशाही को आमूल-चूल ढंग से बदलना ही होगा। इसलिए यह जो बदलाव दिख रहा है, वह बड़ी उम्मीद बंधाता है। हालांकि, सिर्फ दो-तीन अच्छे उदाहरणों से अब काम चलने वाला नहीं है। जरूरी है कि नौकरशाही के सभी स्तरों पर ऐसी एक स्थायी व्यवस्था बने, जो इसे एक नई कार्य-संस्कृति में ढाल दे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 18/05/2022**

**सूर्योदय** : 05:31 **सूर्यास्त** : 19:08 **चन्द्रोदय** : 22:00 **चन्द्रास्त** : 07:03 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : वैशाख **पूर्णिमांत** : ज्येष्ठ **सूर्य राशि** : वृषभ **चन्द्र राशि** : वृश्चिक **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : तृतीया, 23:38 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत**: 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु** : ग्रीष्म

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : ज्येष्ठा, 08:04 तक
**योग** : सिद्ध, 18:38 तक
**प्रथम करण** : वणिजा, 13:19 तक
**द्वितिय करण** : विष्टि, 23:38 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | : 04:06 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | : 04:27 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | : कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | : 02:34 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | : 06:53 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | : 07:07 पी एम से |
| अमृत काल | : 11:54 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | : 11:57 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

होमाहुति : मंगल

अग्निवास: पृथ्वी

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:30 - 07:12 | उद्वेग : 07:07 - 08:25 |
| अमृत | : 07:12 - 08:54 | शुभ : 08:25 - 09:43 |
| काल काल वेला | : 08:54 - 10:36 | अमृत : 09:43 - 11:00 |
| शुभ | : 10:36 - 12:18 | चर : 11:00 - 12:18 |
| रोग वार वेला | : 12:18 - 02:01 | रोग : 12:18 - 01:36 |
| उद्वेग | : 02:01 - 03:43 | काल : 01:36 - 02:54 |
| चर | : 03:43 - 05:25 | लाभ : 02:54 - 04:11 |
| लाभ | : 05:25 - 07:07 | उद्वेग : 04:11 - 05:29 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज तृतीया

### आज कौन सा कार्य करें

तृतीया को यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

ज्येष्ठ, कृष्ण, तृतीया, 2079 बुधवार, 18 मई - 24 मई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
परिश्रम ज्यादा रहेगा और नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। परिजनों के साथ थोड़ा समय बिताने से रिश्तों में बहुत सुधार आएगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में नया कार्य मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संचित धन में कमी आ सकती है। बातचीत पर नियंत्रण रखें। आपकी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। खर्च ज्यादा होंगे साथ ही आय की स्थिति में सुधार होगा। पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। काम में मन नहीं लगेगा। अपना फोकस बनाए रखें।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
वाणी में कठोरता होगी। स्वयं के उत्तेजित स्वभाव को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। आपके कुछ दुश्मन आपको परेशानी दे सकते हैं। व्यवसाय के सिलसिले में दूर के ,स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
रिश्तेदारों से संपत्ति को लेकर विरोध हो सकता है। सेहत ठीक रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है लेकिन मन शांत रहेगा। परिवार में समस्या बढ़ सकती है। शिक्षा में रुकावटों का सामना करना होगा।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
करीबियों की प्रगति मन को खुश करेगी। विदेश जाने का योग बन सकता है। आलस्य से घिरे रहेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी मित्र से मिलना हो सकता है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
आर्थिक रूप से संपन्न रहेंगे। आपका सम्मान होगा और ख्याति बढ़ेगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। कुछ पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। व्यापार का विस्तार भी हो सकता है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
दिन की शुरुआत कुछ धीमी रहेगी, ऊर्जा की कमी हो सकती है। यात्रा कम करने का प्रयास करें। मानसिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है।आपके कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती हैं। किसी भूमि या भवन से आय बढ़ सकती है।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। धर्म के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
परिवार के प्रति जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। परिश्रम ज्यादा रहेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
परिश्रम अधिक रहेगा। आप भावनात्मक रूप से परेशान भी हो सकते हैं। आपको धैर्य एवं शांति बनाये रखने की आवश्यकता है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

### शिक्षा मंत्रालय की पहल

# विद्यालयों में 'असम' संस्कृति से रूबरू होंगे विद्यार्थी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के विद्यालय के बच्चों को अब उत्तर पूर्वी भारत के 'असम' की संस्कृति से रूबरू कराया जाएगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत प्रदेश के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साल भर इसे लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के तहत राजस्थान राज्य के साथ युग्म राज्य के रूप मे 'असम' राज्य को रखा गया है। इसी के तहत प्रदेश के बच्चों को युग्म राज्य 'असम' से परिचित कराया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण बनाए रखने, देश की भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित करने एवं देश की संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, परंपराओं, वेषभूषा आदि का आदान-प्रदान कर एक से दूसरे राज्य के साथ संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम होगा। इसके तहत विद्यालयों के माध्यम से भारत के राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में समन्वय स्थापित कर राष्ट्र की एकता व अखंडता की कड़ी मजबूत बनाएंगे।

### योजना के तहत उक्त कार्यक्रम होंगे आयोजित

- सभी विद्यालयों (राजकीय/निजी) में एक भारत श्रेष्ठ भारत की क्रियान्विति कराई जाएगी।
- युग्म राज्य 'असम' के साथ स्कूलों को जोड़ना सुनिश्चित किया जाए।
- प्रतिवर्ष एक भारत श्रेष्ठ भारत की 3-4 गतिविधियां स्कूल स्तर पर कराई जाएंगी।
- विद्यार्थियों को शिक्षकों के माध्यम से युग्म राज्यों की सांस्कृतिक मेपिंग की जानकारी दी जाएगी। इसमें- वेशभूषा, खान-पान, रीति-रिवाज, लोकगीत, लोकनृत्य, लोक वाद्य आदि की जानकारी साझा हो।
- प्रत्येक विद्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लिए नोडल शिक्षक नियुक्त किया जाएगा।
- भाषा संगम कैंपेन में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे।
- प्रत्येक विद्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत'क्लब का गठन होगा।
- राजस्थान एवं असम के लोकनृत्य घूमर एवं बीहू आदि सास्कृतिक कार्यक्रमों के 2-5 मिनट के वीडियो 8यू-ट्यूब पर एवं कार्यक्रम से जुड़ी की ईमेल आईडी पर प्रेषित कराए जाएंगे।
- 2 दिसंबर को असम राज्य स्थापना दिवस व 30 मार्च को राजस्थान स्थापना दिवस पर वर्चुअल मोड पर उत्सव आयोजन किया जाए।
- युग्म राज्य से संबंधित विचित्र वेशभूषा का आयोजन कराया जाएगा।

### मेडिकल शिक्षा नीति की तैयारी, नेशनल ब्रांड करेंगे सपोर्ट

# MBBS करने के लिए यूक्रेन, चीन नहीं जाना पड़ेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में पहली बार मेडिकल शिक्षा नीति बनाई जा रही है। प्रदेश के बच्चों को यूक्रेन, चीन आदि देशों में न जाना पड़े, इसके लिए मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में नेशनल ब्रांड को शामिल करने की तैयारी है। इसके तहत फॉर्च्यून फाउंडेशन, राजस्थान हॉस्पिटल ग्रुप, प्रताप यूनिवर्सिटी जैसे नेशनल ब्रांड भी मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में उतरते हुए बड़े निवेश करेंगे। राजस्थान में अभी ऐसे 5 नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव आ चुके हैं। दो मेडिकल कॉलेजों को सरकार ने बड़ी जमीनें भी आवंटित की हैं। यूक्रेन से लौटे 1029 मेडिकल स्टूडेंट्स को लेकर राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स की मदद के लिए प्रदेश के पास सीधे पावर नहीं हैं, नेशनल मेडिकल काउंसिल से लीगल राय लेकर नई केंद्र नई गाइडलाइन भेजे।



#### ग्रुप बनाएगा नीति

नीति तैयार करने के लिए अजमेर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित 5 विशेषज्ञों का ग्रुप बनाया गया है। इसे स्टेट एक्सपर्ट ग्रुप नाम दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों को जमीन आवंटन, प्रबंधकीय सीट, फीस से लेकर अन्य आधारभूत ढांचे संबंधी जो रिकमंडेशन आएंगे, विशेषज्ञों का ग्रुप उनके आधार पर नीति बनाएगा।

#### अभी 4,350 सीटें, 6,000 पार करने की तैयारी

प्रदेश में अभी मेडिकल शिक्षा की 4,350 सीटें हैं। इनमें से 2,830 सरकारी मेडिकल कालेजों, शेष 1,520 सीटें प्राइवेट मेडिकल कालेजों की हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग इन सीटों को 2,023 तक बढ़ाकर 6,000 पार पहुंचाने की कोशिश में है।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

# मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य

## पढ़ाई से पहले हर दिन होगा जन-गण-मन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मदरसों में अब पढ़ाई से पहले राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। क्क मदरसा शिक्षा बोर्ड परिषद ने इसका आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश मान्यता प्राप्त, अनुदान पाने वाले और अनुदान नहीं पाने वाले सभी मदरसों पर लागू होगा। कक्षाएं शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना के समय राष्ट्रगान होगा। रमजान और ईद की छुट्टियों के बाद गुरुवार यानी आज से सभी मदरसे खुल चुके हैं। 14 मई से मदरसों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

#### बोर्ड मीटिंग में लिया गया था ये फैसला

मदरसों में राष्ट्रगान का फैसला UP मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक में 24 मार्च को लिया गया था। इसे गुरुवार को रजिस्ट्रार निरीक्षक एसएन पांडेय ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 के स्कूल खुलने पर ही राष्ट्रगान कराने का फैसला किया गया था। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने पर फैसला लागू कर दिया जाएगा।

#### 14 से 23 मई तक होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 14 से 23 मई के बीच होंगी। लखनऊ के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जगमोहन की ओर से सभी मदरसों को परीक्षा कार्यक्रम भेजा गया है। इसमें परीक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अरबी, फारसी की 2022 की परीक्षा 14 मई से शुरू होगी। पहली पाली सुबह 8 से 11 बजे तक और सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे के बीच होगी। सभी मदरसों से कहा गया है कि अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों को समय सारणी के बारे में जानकारी दें।



#### एक लाख 62 हजार से अधिक छात्र देंगे परीक्षा

इस बार वार्षिक परीक्षा के लिए कुल एक लाख 62 हजार 631 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। क्लास के हिसाब से देखें तो सेकेंडरी क्लास की परीक्षा के लिए सबसे अधिक 91 हजार 467 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, सीनियर सेकेंडरी के लिए 25 हजार 921, कामिल फर्स्ट ईयर के लिए 13 हजार 161 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कामिल सेकेंड ईयर के लिए 10 हजार 888, कामिल थर्ड ईयर के लिए 9 हजार 796, फाजिल फर्स्ट ईयर के लिए 5 हजार 197 और फाजिल सेकेंड ईयर के लिए 6,201 परीक्षार्थियों ने फार्म भरे हैं।

#### बार-बार मदरसों को टारगेट करना गलत

लखनऊ के दारुल उलूम फरंगी महली के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निजामी ने कहा- मदरसे में राष्ट्रगान अनिवार्य करने पर कोई भी आपत्ति नहीं है, लेकिन बार-बार मदरसों को टारगेट किया जाता है।

# अमर शहीद रामदेव व करणी राम की याद में खेल प्रतियोगिता



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झुन्झुनू व चँवरा में अमर शहीद रामदेव व करणीराम का शहीद दिवस मनाया गया।चँवरा में इस दिन खेल कूद प्रतियोगितायें हुई।दोनों जगह उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। झुन्झुनू में उनके विचारों पर विचार गोष्ठी की गई। आज सबसे बड़े दुःख की बात यह है कि जिन किसान शहीदों के बलिदान के कारण हम किसान अपनी जोतने वाली जमीन के मालिक बने। हमारा शोषण खत्म हुआ। हमारी युवा पीढी उनके नाम तक नहीं जानती है। हमें आजादी तो 15 अगस्त 1947 को मिल गई थी लेकिन जमीन के मालिक जागीरदार ही थे।

चंवरा में 13 मई 1952 को रामदेव जी व करणीराम जी शहीद हुये तब कुम्भाराम आर्य के प्रयासों एवं अन्य लोगों के सहयोग से उदयपुर वाटी में केम्प लगवाकर भूमि जोतने वाले किसानों को मालिकाना हक दिया गया । फिर 1956 में कुम्भाराम के प्रयासों से पुरे राजस्थान में कानुन बनवाकर किसानों को जमीन का मालिक बनाया गया। आज किसानों के 99 प्रतिशत युवा कुम्भाराम आर्य को भी नहीं जानते हैं। ऊपज का लगभग अनाज जागीरदार ले जाते थे।कोई नहीं दे पाता तो उसको जमीन से बेदखल कर दूसरे को दे देते थे। लगान पुरा नहीं दे पाने पर रात को अपने पूर गुदड़िया लादकर किसी दूसरे जागीरदार के इलाके में पलायन कर जाते थे। हम रामदेव, करणीराम की शहादत से व कुम्भाराम आर्य के प्रयासों से अपनी कास्त करने वाली जमीन के मालिक बने। पच्चास प्रतिशत लगान देने से छुटकारा मिला। उसके बाद किसानों की हालत ठीक होती चली गई। किसानों ने अपने बच्चों को पढाने की तरफ ध्यान आकष्रित किया। जिसका फल आज हम देख रहे हैं। इन किसान देवताओं की जिवनियां हर घर में होने चाहिये। जब हम किसी को उपहार देते हैं, पुरस्कार देते हैं या सम्मानित करते हैं तो हमें इन किसान देवताओं पर लिखी गई पस्तकें, जिवनियां भेंट करनी चाहिये।आज हालत ये है कि किसानों के 99त्न युवाओं को यह पता नहीं है कि रामदेवजी, करणीरामजी व कुम्भारामजी कौन थे। किसानों के जो दुश्मन थे, जो हैं, आगे भी किसानों के दुश्मन रहेंगे उनमें हमारी युवा पीढी अपना भविष्य देख रही है यह किसानों के लिये दुर्भाग्य की बात है। युवाओं को अपने महान पुरखों की जिवनियां पढनी चाहिये, उनकी शिक्षाओं व आदर्शों पर चलना चाहिये और अपने वर्ग किसान वर्ग, किसानों के दुश्मनों को पहचानना चाहिये। अन्यथा हो सकता है हम उसी 1800 वीं सदी में पहुँच जाये और हमारी वही दशा हो जाये। इसलिये हमें समाज के सभी महान पुरूषों की जिवनियां पढनी चाहिये चाहे वो किसी भी धर्म व जाति के हों।उनसे हमें मार्ग दर्शन मिलेगा। झुन्झुनू के श्रद्धांजली कार्यक्रम में डाक्टर घासीराम वर्मा,सांसद नरेन्द्र कुमार,पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, डाक्टर हनुमान प्रसाद, पूर्वअतिरिक्त निदेशक शिक्षा हरिराम महण, प्यारेलाल ढुकिया, मदनसिहं गिल, ताराचन्द गुप्ता, बजरंग वकील, बजरंग पुनियां, बाबुलाल थालोर, रू ष्ठस्र के प्राचार्य रामस्वरूप जाखड़, रामस्वरूप गजराज, सतीश वकील, हरफूल बलौदा, हरदयाल चकवास, हरिराम चनदवा, अम्मीलाल मूंड,विजयकुमार जाखड़, धर्मपाल डारा, सांवलराम ख्यालिया, पार्क समिति एवं कार्यक्रम के संयोजक विजय गोपाल मोटसरा, विजय हिन्द जमालपुरिया, समाज सेवी कृष्ण गावडिया, फूलचन्द ढेवा, एडवोकेट रणजीतसिहं, जगदीश कुल्हरी व महिपाल कुल्हरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**-सत्यप्रकाश मील**


जागरूक जनता jagrukjanta.com | फेसबुक पेज | www.facebook.com/jagrukjantanews
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े | हर खबर से आपको रखें अपडेट | जागरूक जनता






JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Digital Marketing ★ Whatsapp Marketing ★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development ★ Android Development ★ Software Development ★ Social Media Management

MSGJET | SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## लव इन यूक्रेन' मूवी का प्रमोशन, स्टार कास्ट विपिन कौशिक ने की शिरकत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में आज गुरूवार को जल्द रीलिज होने वाली फिल्म "लव इन यूक्रेन" के स्टार कास्ट विपिन कौशिक ने शिरकत की। इन्होनें कॉलेज की छात्राओं के साथ मूवी की शूटिंग के अनुभवों को शेयर किया। छात्राओं ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ विपिन के साथ ठुमके लगाए। विपिन कौशिक ने कॉलेज कैम्पस की सराहना करते हुए कॉलेज मैनेजमेंट को कॉलेज के सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विपिन कौशिक ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उसी कॅरियर का चुनाव करें, जिसमें आपकी रूचि हो। क्योंकि जिस काम में हमारी रूचि होती है, उसमें हम अपना 100 प्रतिशत देते हैं, जैसे मेरी रूचि ड्रामा में थी, इसलिए मैंने ग्रेजुएशन के बाद इसे ही अपना कॅरियर ऑप्शन चुना। कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने फिल्म के सुपरहिट होने की शुभकामनाएं जाहिर की।

## नर्सिंग स्टाफ का किया सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी बस्ती गंगौरी बाजार में नर्सिंग स्टाफ का किया सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया डॉक्टर राजेश सोलंकी ने विजयपाल उदैनिया( नर्सिंग स्टाफ), ममता उदैनिया( नर्सिंग स्टाफ), रेनू वर्मा( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया डॉक्टर फुरकान अज़ीज़ अख्तर ने कहा कि हर वर्ष मनाए जाने वाला नर्सिंग डे समर्पण और सेवा का भाव दर्शाता है चिकित्सक भगवान का रूप है तो नर्स भी किसी से कम नहीं है यह एक रोगी को अपने व्यवहार से उसे शरारिक, मानसिक व आत्मिक रूप से मजबूत करती हैं इस मोक पर वर्षा बंसल( ए.आर.जी.), अशोक कुमार स्वामी(ए.आर.जी), मनराज मीणा (पीएचएम), रामसिंह सैनी (डी. ई. ओ.), मुन्ना कुमार उदेनिया (डी. इ. ओ.), कृष्ण गोपाल कांवड़िया ( सपोर्टिंग स्टाफ) एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## श्रद्धा से मनेगा श्रीश्री रविशंकर जी का जन्मदिन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार जयपुर द्वारा 13 मई को संस्था के प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिन श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर के सभीआर्ट ऑफ लिविंग केंद्रों पर 11 मई से 15 मई तक हैप्पीनेस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमे आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षकों द्वारा योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया एवं ध्यान के साथ साथ जीवन जीने की कला को सिखाया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग मीडिया कोऑर्डिनेटर आभा पाराशर ने बताया की 13 मई को श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर जयपुर में 4 बजे स्वय सेवकों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शाम 6 बजे से आयुष होम स्वामी विश्वेश्वरा जी एवं वैदिक पंडितों द्वारा करवाया जाएगा। उसके बाद मधुर सत्संग एवं प्रसादी का भी आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम कोरोना के कारण दो वर्ष बाद हो रहा है, सैंकड़ों श्रद्धालुओ के भाग लेने की संभावना है और सभी लोग आमंत्रित हैं।

## रक्तदान शिविर आयोजित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगतसिंह युवा मंडल भोज्याडा की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वर्गीय सुवालाल यादव स्मृति रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक कृष्णगोपाल यादव ने बताया कि शिविर में 70 यूनिट ब्लड रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को सांगानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर सुरेन्द्र जैन एडवोकेट, समाजसेवी विजय यादव, सरपंच प्रतिनिधि ने हेलमेट व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा मंडल के सियाराम यादव, जितेंद्र यादव सहित नवयुवक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दल के कार्यकर्ताओं का सीकेएस अस्पताल में उचित दर पर होगा इलाज



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सी के एस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चांदवानी से भेंट की। भेंट के दौरान शर्मा एवं डॉ चांदवानी के बीच भगवा रक्षा दल एवं शिवसेना राजस्थान के कार्यकर्ताओं को उचित दर पर चिकित्सा उपलब्ध कराने पर सहमति बनी और जल्द ही सी के एस हॉस्पिटल में ब्लड बैंक खोलने पर चर्चा हुई।

## भगवा रक्षा दल का हुआ विस्तार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई है। विस्तार की जानकारी देते हुए भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील बिसानी को दल में व्यापार प्रकोष्ठ अहमदाबाद का जिला अध्यक्ष, मालीराम यादव निवासी जाहोता जिला जयपुर को व्यापार प्रकोष्ठ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं मोहन यादव निवासी मुरलीपुरा स्कीम को जयपुर जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, गौतम बुद्ध नगर के विनोद शर्मा को राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। दल के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने आशा व्यक्त की है कि उपरोक्त पदाधिकारी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ दल को आगे बढ़ाने के लिए अगली सूचना तक कार्य करते रहेंगे।

### उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर का समापन

# जनता से हमारा कनेक्शन टूटा है, ये मानना होगा-राहुल

# हम सत्ता में जरूर लौटेंगे-सोनिया





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस का 3 दिन का चिंतन शिविर खत्म हो गया है। पार्टी ने वन फैमिली-वन टिकट, संगठन में युवाओं को आरक्षण, देशभर में पदयात्रा निकालने जैसे कई अहम फैसले लिए हैं। पार्टी के कायाकल्प का मंत्र दिया राहुल गांधी ने। चिंतन शिविर में उन्होंने करीब 35 मिनट की स्पीच दी। कहा- हम फिर जनता के बीच जाएंगे, उससे अपने रिश्ते मजबूत करेंगे और ये काम शॉर्टकट से नहीं होगा। ये पसीने से होगा यानी कड़ी मेहनत से। राहुल ने नेताओं में जान फूंकने की भी कोशिश की। कहा कि वे डिप्रेशन में न जाएं, क्योंकि लड़ाई लंबी है। वहीं सोनिया ने अपने भाषण में कहा कि हम सत्ता में वापस लौटेंगे।

### साथी नेताओं-कार्यकर्ताओं को नसीहत

राहुल ने कहा कि शॉर्टकट से नहीं पसीना बहाना होगा, तभी वापस जनता से जुड़ेंगे। हम पैदा ही जनता से हुए हैं, यह हमारा डीएनए है, यह संगठन जनता से बना है। हम फिर जनता के बीच जाएंगे। अक्टूबर में पूरी कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाएगी, यात्रा करेगी। जो जनता के साथ रिश्ता है, वह फिर से मजबूत करेंगे। यही एक रास्ता है और कोई शॉर्टकट से यह नहीं होगा। राहुल बोले कि यह लड़ाई रीजनल पार्टियां नहीं लड़ सकतीं। यह लड़ाई केवल कांग्रेस ही लड़ सकती है। रीजनल पार्टियां BJP को नहीं हरा सकती, क्योंकि उनके पास विचारधारा नहीं है, वे अलग-अलग हैं। मुझे कोई डर नहीं है। मैंने जिंदगी में एक रुपए किसी से नहीं लिया, कोई भ्रष्टाचार नहीं किया। मैंने भारत माता से एक पैसा नहीं लिया है। मैं सच बोलने से नहीं डरता हूं।

### भाजपा पर निशाना, बोले- देश में आग लगने वाली है

राहुल गांधी ने कहा- देश में आग लगने वाली है, मैंने आपको कोविड से पहले चेताया था, अब फिर कह रहा हूं । ये (भाजपा लीडर्स) देश के इंस्टीट्शन को तोड़ रहे हैं, ये जितना संस्थानों को खत्म करेंगे, उतनी ही आग लगेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि देश में यह आग नहीं लगे। यह हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। यह काम केवल कांग्रेस कर सकती है। इस देश में ऐसा कोई धर्म, जाति, व्यक्ति नहीं है, जो यह कह दे कि उसने कांग्रेस के लिए दरवाजे बंद कर दिए हों। कांग्रेस सबकी पार्टी है।

### एक बार फिर किया उद्योगपतियों का जिक्र

राहुल गांधी ने कहा कि रोजगार पैदा करने वाली रीढ़ की हड्डी को मोदी और बीजपी ने तोड़ दिया है। नोटबंदी और जीएसटी लागू करके इसका फायदा दो तीन उद्योगपतियों को देकर सरकार ने युवाओं के भविष्य को खत्म कर दिया। आने वाले समय में देश का युवा रोजगार नहीं पा सकेगा। महंगाई की वजह से रोजगार नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूर`न वॉर के परिणाम से बेरोजगारी बढ़ेगी।

### सोनिया बोलीं- हम सत्ता में लौटेंगे

शिविर के समापन अवसर पर स्पीच देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि हम जरूर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर काम करें। युवाओं को आगे बढ़ाने पर सीनियर नेता फोकस करे। 2 अक्टूबर से भारत जोड़ो अभियान शुरू किया जाएगा।

### कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने लगाई मुहर

शिविर में आज हुई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कांग्रेस के बदलावों पर मुहर लग चुकी है। कांग्रेस की संगठन और राजनीति से जुड़ी कमेटी की सिफारिशों के आधार पर अब एक परिवार से एक ही टिकट के फॉर्मूले को मंजूरी दी गई है। परिवार के दूसरे नेता को तभी टिकट मिलेगा, जब वह पांचसाल से संगठन में सक्रिय हो। बिना संगठन में काम किए दूसरे सदस्य को टिकट नहीं मिलेगा। पांच साल पदों पर रहने के बाद तीन साल का कूलिंग पीरियड में रहना होगा। तीन साल बाहर रहने के बाद ही पद मिलेगा। इस सिफारिश को सीडब्ल्यूसी में मंजूर कर लिया है।

### मिशन'24 समेत 10 राज्यों के विस चुनाव पर फोकस

कांग्रेस का फोकस 2024 से पहले होने वाले 10 राज्यों के विधानसभा चुनावों पर है। इनमें राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड, तेलंगाना शामिल हैं। बैठक में गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने कहा कि अगर हम हिमाचल और गुजरात में नहीं जीते, तो 2024 का चुनाव भूल जाइए।

### राजस्थान के रण में विरोधियों को गहलोत का मैसेज

## विक्ट्री साइन बनाकर संकेतों में जवाब

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर/उदयपुर।** एक बार फिर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और सीएम अशोक गहलोत के बीच कोल्ड वॉर शुरू हो गया है। शुरुआत कांग्रेस में युवाओं को भूमिका देने और पदों पर बैठे नेताओं के पार्टी के लिए त्याग करने के सुझावों से हुई है। बीते दिनों चिंतन शिविर के बीच गहलोत का हावभाव चर्चा का विषय बन गया है। पायलट ने पहले दिन ही चिंतन शिविर के मीडिया सेंटर के बाहर बयान दिया कि युवाओं को बड़ी भूमिका दी जाएगी। पायलट समर्थक प्रमोद कृष्णम ने पायलट के साथ नाइंसाफी होने की बात दोहराते हुए कहा कि हाईकमान अब इंसाफ करेगा। इन बयानों के 2 घंटे बाद सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया सेंटर में आकर विक्ट्री साइन दिखाया। उन्होंने इशारों ही इशारों में साफ कर दिया है कि फिलहाल वह टेंशन फ्री हैं। गहलोत अपने समर्थक राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ चिंतन शिविर के मीडिया सेंटर पहुंचे। देश-प्रदेश के सैकड़ों मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में गहलोत ने काफी देर तक विक्ट्री साइन दिखाया। कई बार विक्ट्री साइन बनाते हुए फोटो भी खिंचवाए। इसके बाद गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र पर हमला बोला।



### चाय पर चर्चा, हंसी मजाक और फिर खुद गहलोत ने वीडियो बनाया

चिंतन शिविर के मीडिया सेंटर में गहलोत ने चाय पर चर्चा की। गहलोत मंच पर नहीं बैठकर नीचे कुर्सियों पर बैठे। सेंटर में इस दौरान मीडियाकर्मियों की भारी भीड़ हो गई। इसके बाद गहलोत ने मंच पर जाकर मीडिया सेंटर में भीड़ के नजारे का वीडियो बनाया। गहलोत का हावभाव से साफ दिख रहा था कि वह काफी रिलैक्स फील कर रहे हैं। किसी भी तरह के प्रेशर से वह मुक्त नजर आए।

### टेंशन फ्री होने का प्रदर्शन

गहलोत ने शनिवार को टेंशन फ्री होने का का मैसेज संकेतों में दिया है। इसके सियासी मायने भी हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, गहलोत ने चिंतन शिविर के बाद सीएम स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को नकारने का मैसेज दिया है। इसे पायलट समर्थकों को सीधा जवाब माना जा रहा है।

### सोनिया की त्याग की नसीहत वाला सवाल टाल गए गहलोत

गहलोत ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री बदलने की चर्चाओं पर कहा था कि मैं 22 साल पहले जब पहली बार सीएम बना था तब से मेरा इस्तीफा सोनिया गांधी के पास पड़ा है। सोनिया गांधी जब चाहें, तब मेरा इस्तीफा इस्तेमाल कर सकती हैं। मुख्यमंत्री जब बदलेगा तो किसी को कानों कान भनक नहीं लगेगी। सुबह अखबार से ही पता लगेगा कि मुख्यमंत्री बदल गया। इस बयान के बाद चिंतन शिविर शुरू हो गया। चिंतन शिविर में सोनिया गांधी ने नेताओं से कहा कि पार्टी ने बहुत दिया है, अब कर्ज चुकाने का समय है। गहलोत से जब सोनिया गांधी के पार्टी नेताओं से कर्ज चुकाने का समय होने के बयान पर पूछा गया तो वह टाल गए। गहलोत से पूछा गया कि जिन नेताओं को पद मिल गया, अब त्याग कौन करेगा, इसका जवाब नहीं दिया।

### चिंतन शिविर में नेताओं से मिले सुझाव

- » आचार्य प्रमोद कृष्णन ने मीटिंग में कहा कि राहुल गांधी अगर अध्यक्ष नहीं बनना चाहते हैं, तो प्रियंका को कमान सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि 2 साल से राहुल को मनाने की कवायद चल रही है।
- » बैठक में G-23 कैंप के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्लियामेंट्री बोर्ड बनाई जाए, जिससे फैसले लेने में देरी ना हो। इस बोर्ड में अध्यक्ष अपने अनुसार नियुक्ति करें।
- » यूथ कांग्रेस और NSUI के चुनाव नहीं कराए जाएं। काम के हिसाब से उन्हें तरक्की मिले।
- » अजय माकन ने कहा कि वन फैमिली-वन टिकट फॉर्मूले के तहत एक परिवार से एक व्यक्ति को टिकट दिया जाएगा। हालांकि, शर्तें लागू रहेगी।

## 50% टिकट-पद युवाओं को, मार्गदर्शक मंडल में भेजे जाएंगे उम्रदराज नेता

**जयपुर/उदयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर में हो रहे चिंतन शिविर में कांग्रेस में बड़े बदलाव को लेकर सिफारिशों पर मुहर लग गई है। इसके तहत अब अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कई बुजुर्ग नेताओं के टिकट कटने तय हैं। युवाओं को संगठन से लेकर चुनाव टिकट वितरण में प्रायोरिटी मिलेगी। ये बदलाव 2024 के लोकसभा चुनाव और इसके बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से लागू होंगे। लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत टिकट 50 साल से कम उम्र के नेताओं को मिलेंगे। लोकसभा चुनावों से पहले होने वाले चुनावों में यह प्रावधान लागू नहीं होगा। युवाओं से जुड़े हुए समूह की इन सिफारिशों को लागू करने पर सभी ने सहमति जताई है। बुजुर्ग नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में भेजने की तैयारी है। कांग्रेस के संगठन में टॉप टू बॉटम हर स्तर पर 50 फीसदी पद 50 साल से कम उम्र के नेताओं को देने का प्रावधान होगा। चिंतन शिविर में मंथन के बाद तैयार किए उदयपुर डिक्लेरेशन में इसे लागू करने का फैसला किया है।

### बुजुर्ग नेताओं के लिए रिटायरमेंट की उम्र तय होगी

**कांग्रेस** के युवाओं से जुड़े ग्रुप की सिफारिशों में नेताओं की रिटायरमेंट की उम्र तय करने का सुझाव दिया है। इसके अनुसार लोकसभा, विस से लेकर सभी चुने हुए पदों पर रिटायरमेंट की एक उम्र तय होगी। बुजुर्ग नेताओं को चुनाव नहीं लड़ाया जाएगा। बुजुर्ग नेताओं को पार्टी संगठन की मजबूती के लिए काम लेने की सिफारिश की गई है। यह प्रावधान लागू होते ही कांग्रेस में बुजुर्ग नेता टिकटों की दौड़ से बाहर हो जाएंगे।

### एक परिवार से एक टिकट, लेकिन शर्तें लागू

**एक** परिवार से एक ही टिकट देने का प्रावधान लागू होगा, लेकिन अगर एक परिवार के किसी दूसरे नेता ने संगठन में पांच साल काम किया है तो उसे टिकट मिल सकेगा। अगर किसी नेता का बेटा पांच साल से संगठन में एक्टिव है तो परिवार से दूसरा टिकट मिल सकेगा। यह प्रावधान लागू करने से गांधी परिवार के अलावा कई बड़े नेताओं के परिवारों को दो टिकट लेने में दिक्कत नहीं होगी।

### बेटी की परवरिश के लिए मां की तपस्या

# विधवा 36 साल तक पुरुष बनकर रही ताकि बेटी को पाल सके, ऐसे ही मरना चाहती है

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चेन्नई।** तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में एक 57 साल की महिला पिछले 36 साल से पुरुष बनकर जी रही है। तमिलनाडु के पुरुष प्रधान समाज में अपनी बेटी को अकेले पालने के लिए उसे ऐसा करना पड़ा। इस महिला की कहानी जब से सामने आई है, इंटरनेट पर वायरल हो रही है।

### शादी के 15 दिन बाद पति की मौत

एस पेचियाम्मल नाम की इस महिला के पति की मौत शादी के महज 15 दिन बाद ही हो गई। तब वह सिर्फ 20 साल की थीं। वह दोबारा शादी नहीं करना चाहती थीं। वह कटुनायक्कनपट्टी नाम के गांव से थीं, जहां का समाज पुरुष प्रधान था। कुछ समय बाद उन्होंने एक लड़की को जन्म दिया और गुजारे के लिए काम करना शुरू कर दिया।




### मुथु बनकर ही मरना चाहती हैं

उन्होंने बताया कि मैंने पेंटिंग करने, चाय बनाना, परांठा बनाना से लेकर 100 दिन मजदूरी करने जैसे कई तरीके के काम किए। इससे मिलने वाली पाई-पाई जोड़कर मैंने अपने और अपनी बेटी के लिए अच्छी जिंदगी बनाने की कोशिश की। कुछ समय बाद मुथु ही मेरी पहचान गई और आधार, वोटर आईडी और बैंक अकाउंट समेत मेरे सभी दस्तावेजों पर यही नाम लिखा है। पेचियाम्मल की बेटी शणमुगासुंदरी की अब शादी हो चुकी है, लेकिन पेचियाम्मल अब भी पुरुष के तौर पर ही जिंदगी जीना चाहती हैं। उनका कहना है कि उनकी इस दूसरी पहचान ने उन्हें और उनकी बेटी को सुरक्षित रखा, इसलिए वे मरते दम तक मुथु ही बने रहना चाहते हैं।

### सरकार से मांगी मदद

पेचियाम्मल अब मजदूरी करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने एक साल पहले अपनी महिला पहचान पर मनरेगा जॉब कार्ड हासिल किया है। उनका कहना है कि मेरे पास न तो घर है और न कोई सेविंग। मैं विधवा सर्टिफिकेट के लिए भी अप्लाई नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मैं बूढ़ी हो गई हूं तो अब काम नहीं कर पाऊंगी। इसलिए सरकार से अपील है कि मुझे पैसों की सहायता करे। कलेक्टर डॉ के सैंथिल राज ने इस मामले में कहा है कि वे देखेंगे कि किसी सोशल वेलफेयर स्कीम के तहत पेचियाम्मल को कोई मदद की जा सकती है क्या।

### काम मांगा तो लोगों ने प्रताड़ित किया

लेकिन गांव में पेचियाम्मल के लिए काम करना आसान नहीं था। वहां पर लोग उन्हें परेशान किया करते थे। अपनी बच्ची को पालने के लिए उन्होंने कंस्ट्रक्शन साइट्स, होटल, चाय की दुकानों समेत कई जगहों पर काम करके देखा लेकिन सभी जगह उत्पीड़न और ताने ही मिले। यहीं से पेचियाम्मल ने तय किया कि वह पुरुष बनकर रहेंगी। उन्होंने तिरुचेंदुर मुरुगन मंदिर जाकर अपने केश दान किए और साड़ी की जगह शर्ट और लुंगी पहनना शुरू किया। पेचियाम्मल ने अपना नाम बदलकर मुथु कर लिया। मीडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि अपना नाम बदलने के बाद करीब 20 साल पहले वह कट्टुनायक्कनपट्टी गांव आकर बस गई। सिर्फ उनके करीबी रिश्तेदारों और बेटी को पता था कि वह एक औरत है। इस तरह 30 साल बीत गए। इसके बाद उन्होंने जहां भी काम किया, सब जगह उन्हें अन्नाची (पुरुषों के लिए संबोधन) कहकर बुलाया जाने लगा।

## जागरूक खबरें

### राजस्थान में तपिश और लू बनी 'संजीवनी', हुआ ये बड़ा फायदा

**सीकर @ जागरूक जनता।** गर्मी की तेज तपिश के बीच लू के थपेड़ों ने प्रदेश की बिजली कंपनियों को संजीवनी देने का काम किया है। प्रदेश को अतिरिक्त कोयला नहीं मिलने के बाद भी गांव-ढाणियों से लेकर कस्बे और औद्योगिक इकाईयों में कटौती का कहर पिछले सात दिनों में काफी कम हुआ है। प्रदेश में विंड और सोलर एनर्जी से कंपनियों को 2800 मेगावाट तक बिजली मिलने की वजह से कटौती कम हुई है। हालात में सुधार होने पर अब बिजली कंपनियों ने किसानों को भी राहत देने का ऐलान किया है। सीकर जिले के किसानों को भी सोमवार से तीन ब्लॉक में किसानों को सप्लाई मिलने लगी। सीकर जिले में पहले 180 से 190 मेगावाट तक सौलर से एनर्जी मिल रही थी। लेकिन पिछले एक सप्ताह में यह आंकड़ा 270 मेगावाट तक पहुंचा है। इससे कटौती के कहर से जनता को राहत देने में काफी मदद मिली है। इस मामले में एक्सपर्ट का कहना है कि मौसम साफ रहने की वजह से सौलर में उत्पादन बढ़ा है। वहीं लू की वजह से विण्ड एनर्जी ने भी बिजली कंपनियों को राहत मिली है। ऐसे में अब बिजली कंपनियों की राहत की डोर अक्षय ऊर्जा पर टिकी हुई है।

### साध्वी विश्रुत विभा 9वीं साध्वी प्रमुखा के रूप में मनोनीत



**सरदारशहर @ जागरूक जनता।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण ने रविवार को सरदारशहर की धरा पर तेरापंथ की 9 वीं साध्वीप्रमुखा के रूप में साध्वी विश्रुत विभा का मनोनयन किया। सरदारशहर में प्रवासित आचार्य महाश्रमण ने साध्वी समुदाय की मुखिया के रूप में मुख्य नियोजिका विश्रुतविभा की नियुक्ति की तो सम्पूर्ण तेरापंथ समाज में हर्ष की लहर छा गई। आचार्य के 49 वें दीक्षा दिवस पर मानों धर्मसंघ को नव साध्वीप्रमुखा का उपहार मिला। एक ओर आचार्य का दीक्षा दिवस देशभर में' युवा दिवस' के रूप में मनाया गया वहीं हाजरी वाचन एवं सरदारशहर वासियों द्वारा चातुर्मास की अर्ज ने आध्यात्मिक उल्लास दोगुना कर दिया।

हाजी मोहम्मद सईद खान की प्रथम पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# गौमाता को खिलाया हरा चारा, वाटर कूलर, प्याऊ का हुआ लोकार्पण

### मदरसों में बांटे गए स्कूल के बच्चों को बैग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**निंबाहेड़ा।** सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवी, खेल एवं पर्यावरण प्रेमी, मिलनसार, मृदुभाषी स्व. हाजी श्री मोहम्मद सईद खान की प्रथम पुण्यतिथि 17 मई 2022 मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाई गई।

मोहम्मद सईद खान के मित्र एवं शुभचिंतको द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आज प्रात काल श्री दिवाकर कमल गौशाला में गौ सेवा कर गौ माताओं को हरा चारा खिलाया गया तथा परिंडे बांधे गए। श्री दिवाकर कमल गौशाला में गौशाला के अध्यक्ष शांतिलाल मारु ने ने स्वर्गीय मोहम्मद सईद खान के सुपुत्र अंजुम नदीम और आयोजकों का स्वागत किया तथा गौशाला की ओर से गौ सेवा करने पर आभार पत्र भेंट किया। गौ सेवा के इसी क्रम में श्री राम गौशाला में भी गायों को हरा चारा डाला गया तथा पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर श्री राम गौशाला की किरण तलेसरा, सुधांशु सर्वा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी राम लाल बेरवा, प्रकाश चेलावत,सत्य प्रकाश जेथलिया, विकास चंडक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास स्थित पंचोली चौराहे पर स्वर्गीय मोहम्मद सईद खान एवं स्वर्गीय विजय प्रकाश शारदा की स्मृति में मददगार सोसाइटी द्वारा स्थापित प्याऊ का लोकार्पण भी किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मददगार सोसायटी के अध्यक्ष साकिर पेंटर ने अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नदीम अंजुम, पीयूष शारदा, संजय शारदा, पार्षद बंसीलाल राईवाल, ओकाफ सदर शोकत खा मेव



सहित बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सामाजिक सरोकारों की इसी संख्या में दोपहर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निंबाहेड़ा में स्वर्गीय मोहम्मद सईद खान की स्मृति में बच्चों के पीने के पानी के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा मोहम्मद सईद खान के सुपुत्र नदीम अंजुम का स्वागत किया गया। इसके बाद निंबाहेड़ा के विभिन्न मदरसों में बच्चों को स्कूली बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एजाज अहमद, आसिम खान हाजी मोहम्मद जाहिद खान तालिब खान अशरफ मेव सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# नाड़ी देखने के साथ ही अब जांच रिपोर्ट देख कर भी इलाज करेंगे वैद्य

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** अब तक तो आयुर्वेद चिकित्सक मरीज की नाड़ी देखकर ही इलाज कर देते थे। इसमें कई वैद्यों को इतनी माहरत हासिल थी कि दो मिनट ही हाथ की नाड़ी पकड़ कर मरीज को बता देते थे कि अमुक मर्ज है और इस मर्ज की दवा यह है। शहरों और गावों तक में इन वैद्यों की धाक होती थी। खासतौर से उदर संबंधी और महिलाओं से संबंधित बीमारियों के संदर्भ में वैद्यों की पकड़ का लोहा तो एलोपैथ के चिकित्सक भी मानते रहे हैं। लेकिन समय के साथ-साथ ऐसे अनुभवी वैद्य गुम होते चले गए और लोगों का भी इस पुरातन पद्धति से मोह भंग होने लगा । आयुर्वेद के प्रति कम और एलोपैथी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ने लगा। इसे देखते हुए अब वापस रोगियों को आयुर्वेद के प्रति आकर्षित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की कई तरह की जांच करवा कर उनका इलाज करना और उनकी बीमारियों का संधारण करना है।

### पांच हजार की आबादी वाले गांवों में सेंटर

**आयुष** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एएचडब्ल्यूसी) उन्हीं गांवों तथा कस्बों में स्थापित किए गए हैं, जहां पांच हजार से अधिक आबादी हो। सेंटर में आने वाले रोगी की विभिन्न तरह की जांच करवा कर उनका इलाज कराना इन सेंटरों का उद्देश्य है। रोगियों के लिए अलग से एक स्पेशल रजिस्टर रखा जाएगा। इसमें रोगी के नाम के अलावा उसकी बीमारी तथा गांव की जनसंख्या इंद्राज की जाएगी।

### योगाभ्यास की भी व्यवस्था

**इन** सेंटरों पर आने वाले रोगियों को सुबह दो घंटे योगाभ्यास भी कराया जाता है। दो योग शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

**एएचडब्ल्यूसी** खोलने के बाद मरीजों का इस चिकित्सा पद्धति के प्रति रुझान बढ़ा है। ग्रामीण योगाभ्यास भी करने के लिए सुबह-सुबह सेंटर पहुंच जाते हैं। सरकार की इस योजना से रोगियों को फायदा भी पहुंच रहा है।
**- डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा,** अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग

### प्रयोगशाला खुली

**अब** तक आयुर्वेद औषधालयों में आने वाले रोगियों की जांच नहीं होती थी। अब इस सेंटर में प्रयोगशाला भी खोली गई है। इसमें हीमोग्लोबिन, डेंगू, मलेरिया, मधुमेह, पेशाब आदि की निशुल्क जांच की जाएगी। इन जांचों की सही रिपोर्ट मालूम करने के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों को छह दिन का प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही उनके सहयोग के लिए एएनएम तथा आशा सहयोगिनियों को जोड़ा गया है।

### जिले में 15 सेंटर

**जिले** में इस प्रकार के 15 सेंटर खोले गए हैं। इन सेंटरों में इलाज के अलावा बीस तरह की जड़ी-बूटियों को उगाया गया है। ताकि मरीज के इलाज में इनका सहयोग लिया जा सके। साथ ही सेंटर में आने वाले रोगियों को इनसे होने वाले फायदे से भी अवगत कराया जाता है। इसके अलावा आयुर्वेद चिकित्सकों को लैपटॉप भी दिए गए हैं ताकि वे रोगियों का डाटा फीड कर सकें।

पतंजलि योगग्राम में 7 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर में पटेल ने लिया लाभ

# योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा भविष्य की जरूरत-स्वामी रामदेव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर / हरिद्वार।** हरिद्वार में पतंजलि द्वारा संचालित विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र योगग्राम में आवासीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा षट्कर्म व पंचकर्मद्ध शिविर शुरु हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग प्रतिभाग कर रहे हैं। इस योग शिविर में पीपाड़ शहर पूनम साड़ी प्रतिष्ठान के डायरेक्टर गौ भक्त नरपत राज पटेल और उनकी जोड़ायत कमला देवी ने भी योग एवं आयुर्वेदिक वनौषधीय चिकित्सा से उन्हें मिले पुनर्जीवन से सम्बंधित व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें गठिया रोग की तकलीफ थी, तब उन्होंने पतंजलि योगपीठ से संपर्क किया 20 दिन रूककर वहा के निर्देशानुसार नियमित आयुर्वेदिक दवा और योग किया गिलोय का सेवन और नियमित प्राणायाम करने लगीं और कुछ ही माह में अनुकूल परिणाम आने लगे, आज वे पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। हर वर्ष आते है और इस सात दिवसीय शिविर में भाग लेते है। बता दे की पौत्र राहुल ने भी सात दिवसीय योग शिविर में भाग लिया, पटेल इस संस्थान के आजीवन सदस्य भी है और उन्होंने बताया कि इसमे वे लोग भी प्रतिभाग कर रहे हैं जो अपने स्वास्थ्य का कायाकल्प करना चाहते हैं। इस शिविर के आयोजकों के अनुसार इसका उद्देश्य विविध रोगों से ग्रसित लोगों को योगग्राम की प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा रोग से पूर्णरूपेण छूटकारा दिलाना है। शिविर में प्रतिभाग कर रहे लोगों को स्वामी रामदेव ने योगाभ्यास कराया। इस मौके पर स्वामी रामदेव ने कहा कि रोगमुक्त भारत हमारा सपना है। आचार्य बालकृष्ण ने शिविर की सपफलता की कामना करते हुए कहा कि योगग्राम की प्राकृतिक चिकित्सा दुनिया के करोड़ों लोगों की आशा का केन्द्र बनकर उभर रही है।

सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों पर एक जुलाई से रोक

# प्लास्टिक का विकल्प बनेंगे बांस के पत्तल-दौने, चम्मच

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**झालावाड़।** सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों पर एक जुलाई से रोक लग जाएगी। देशभर में इसके विकल्पों की तलाश की जा रही है। प्रदेश में झालावाड़ में सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का विकल्प तलाश लिया है। इसका विकल्प बनेंगे बांस के विभिन्न उत्पाद। झालावाड़ जिले में बांस के विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इसके लिए युवाओं को दक्ष किया जाएगा। इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेज दी है। जिला उद्योग केन्द्र तथा उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के साझा प्रयासों से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर बांस के क्या-क्या उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं, इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट जिला उद्योग केन्द्र ने सरकार को भेज दी है।



### इनके बनेंगे विकल्प

प्लास्टिक के झंडे, प्लास्टिक स्टिक, ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, कैंडी स्टिक, आईसक्रीम की डंडिया, गिलास, पत्तल, दौने, कांटे, चम्मच, स्ट्रा के लिए बांस के उत्पादों को विकल्प के रूप में पेश किया जाएगा।

### मिलेगा सम्बल

सिंगल यूज प्लास्टिक के वैकल्पिक उत्पादों के स्थापित होने वाली इकाइयों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से सहायता एवं सुविधाएं प्रदान की जाएगी। बांस आधारित स्टार्टअप का कलस्टर विकसित किए जाने की योजना है।

### बांस की खेती के अनुकूल

जिले की जलवायु और मिट्टी बांस की खेती के अनुकूल है। झालावाड़ शहर में ही भवानीमंडी रोड व बाग में बड़ी तादाद में बांस उगे हुए हैं। जिले में अभी करीब 300 हैक्टेयर में बांस लगे हुए हैं। अभी बांस का उपयोग से टोकरियां व हट बनाए जाते हैं।

**वानिकी** महाविद्यालय से सम्पर्क कर बांस के उत्पादों की परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। प्रोजेक्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया है। स्वीकृति आते ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।
**हरिमोहन शर्मा,** महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र झालावाड़

10 साल बाद कोई राज्यपाल ट्रेन में सफर करेंगे


# 20 को आबूरोड शिफ्ट होगा राजभवन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गर्मियों में हर साल आबूरोड शिफ्ट होने वाला राजभवन इस बार 20 मई से वहां काम करेगा। राज्यपाल कलराज मिश्र 20 मई से आबूरोड ट्रेन से जाएंगे। रेलवे से राज्यपाल के लिए एक एसी सैलून और एक फर्स्ट एसी कोच उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। रेलवे से दोनों कोच वाराणसी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में लगाने के लिए कहा गया है। करीब 10 साल पहले तत्कालीन राज्यपाल मार्गेट अल्वा ने भी ट्रेन से ही सफर तय किया था। इस संबंध में राजभवन द्वारा रेलवे को एक क्रेडिट नोट दिया जाता है। सैलून में राज्यपाल के साथ उनके नजदीकी स्टाफ जैसे एडीसी या अन्य सफर करेंगे, जबकि फर्स्ट एसी कोच में राजभवन का स्टाफ सफर करेगा। वहीं, 20 मई को इस ट्रेन की सुरक्षा और समयपालन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

नहरबंदी के चलते सीमावर्ती क्षेत्र में पेयजल संकट

# सरहद पर प्यासा नहीं रहे कोई जीव और इंसान





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवान दिन-रात सीमा पर चौकसी के साथ सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए भी संकट में सहारा है। नहरबंदी के चलते पूरे जिले में पानी के लिए त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। जीव-जंतुओं और पशु-पक्षियों के लिए गला तर करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बीएसएफ के जवान जीव प्रेमी बनकर उनके लिए बॉर्डर पर बनाई पक्की खेळियों में टैंकर से पानी भर रहे है।

बीकानेर जिले से लगती डेढ़ सौ किलोमीटर से ज्यादा लम्बी सरहद का क्षेत्र नहरी पानी पर निर्भरता वाला है। अभी नहरबंदी के चलते नहरों में पानी चल नहीं रहा। गांवों में बनी डिग्गियों में भी पानी नहीं है। ऐसे में राही में घूमने वाले बेसहारा गोवंश और अन्य पशुओं के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है।

बीएसएफ ने रोजाना अपनी चौकियों तक पानी पहुंचाने वाले टैंकरों से जीव-जंतुओं और पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करनी शुरू की है। पक्षियों के लिए जहां पेड़ों पर पालसिए बांधे गए है। वहीं पशुओं के लिए पानी की खेळियां बनाई गई है। उनमें रोजाना जवान पानी डालते है। इनमें भी पानी भरते है।

मानव जीवन से फर्जी झोलाछाप कर रहें हैं खिलवाड़

# न कोई डिग्री न पंजीकरण फिर भी क्लिनिक बेख़ौफ़

काछोली गांव में झोलाछाप डॉक्टर खा चुके हैं जेल की हवा | होम्योपैथिक डिग्री की आड़ में करते हैं खुलेआम एलोपैथिक इलाज | जिले में कई जगहों पर मेडिकल की आड़ में चला रहें हैं अवैध क्लिनिक | आख़िर इनके पास कहाँ से आती है दवाइयां, कौन है सप्लाईकर्ता..?









जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जागरूक ग्राउण्ड रिपोर्ट

**सिरोही @ तुषार पुरोहित।** ज़िले के पिण्डवाड़ा तहसील सहित जिलेभर में एक बार फिर फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों ने जमकर पाँव पसार दिये हैं। जिनके के पास न तो कोई वैध डिग्री है न कोई क्लिनिक का स्वास्थ्य विभाग से पंजीकरणफिर भी डॉक्टर बनकर उपचार कर रहे हैं। वही कुछ डॉक्टर होम्योपैथिक डिग्री की आड़ में एलोपैथिक उपचार करके आमजन के आँखों मे धूल झांक रहें हैं। और गरीब अशिक्षित जनता को इलाज़ के नाम पर गुमराह करने का यह कार्य क्षेत्र में लंबे समय से जारी है। साथ ही क्लिनिक कि आड़ में दवाइयों का अवैध व्यापार भी करते हैं। एक तरह फिर कोरोना के बढ़ते आंकड़े गम्भीर चिंता का विषय है, तो दूसरी तरफ़ यह अयोग्य डॉक्टर क्षेत्र के लिये दिनों दिन विकट समस्या बन रहे हैं। अक्सर कई बार इनके द्वारा इलाज के दौरान लोगो की मौत तक हो गई। उसके बाद भी सरकारी कारिंदों की आपसी पनाह व साठगांठ के चलते इनके हौसले बुलंद हैं कोई प्रभावी काईवाई तक नही होती। अब इन्हें क्षेत्र में किसी भी तरह की कानूनी काईवाई का डर तक नहीं रहा, जो आने वाले समय में सरकार व प्रशासन के लिये विकराल समस्या का संकेत है।

### होम्योपैथिक डिग्री की आड़ में करते हैं खुलेआम एलोपैथिक इलाज

पिण्डवाड़ा, स्वरूपगंज, काछोली, ईसरा, रोहिड़ा, कोजरा, सिवेरा,जावाल, कालन्द्री सहित सिरोही ज़िले के सम्भवत: हर गांव में इलाज के नाम पर जनता के साथ प्रशासन के आँखों मे धूल झांकने का यह खेल चल रहा है। जिनके पास कोई वैध एलोपैथिक इलाज की डिग्री न होने के बाद भी खुलेआम होम्योपैथिक डिग्री की आड़ में क्लिनिक पर दवाखाना लिखकर एलोपैथिक पैक्टिस करते हैं जो विभागीय नियमानुसार वैध नहीं है।

### मेडिकल की आड़ में अवैध क्लिनिक

ज़िले में दर्जनों उदाहरण मिल जायेंगे जिसमें कुछ लोगो ने मेडिकल का किराये भाड़े लाइसेंस लाकर। मेडिकल खोल दिया अब वही से इलाज करना भी शुरू कर दिया। जो कि विभागीय नियमों के अनुसार गलत है फिर भी यह सबकुछ सिरोही ज़िले के अनेको गाँवो शहरों में सरेआम चल रहा है। किसी भी तरह की विभागीय काईवाई का कोई डर तक नहीं। न जिम्मेदार कभी काईवाई की जहमत उठाते है जो कई सवाल खड़े करता है।

### जेल की हवा खाकर आएं फिर से डॉक्टर बनकर कर रहें हैं इलाज

सिरोही के काछोली गाँव के अवैध क्लिनिक खोलकर इलाज करने वाले डॉक्टर विनोद भाई पटेल, मंसूर अली उर्फ मंजूर हुसैन, दीपू समझदार को कुछ समय पूर्व जेल की हवा खानी पड़ी। उसके पश्चात भी अपने कृत्य से बाज नहीं आ रहें। हद तो तब हो जाती है कि उसी गाँव मे पुन: बिना किसी डर सँकोच व भय से क्लीनिक चला रहे हैं। ओर क्षेत्र की गरीब भोली भाली आदिवासी जनता को इलाज के नाम पर गुमराह कर लूट रहें हैं।

### आख़िर इनके पास कहाँ से आती है दवाइयां, कौन है सप्लाईकर्ता.....?

जब भी झोलाछाप डॉक्टरो पर औपचारिक काईवाई हुई। तब इनके पास से दवाईयों का जखीरा का जखीरा बरामद हुआ करता था। परन्तु आज तक इस रहस्य का पता सिरोही जिला प्रशासन के जिम्मेदार सरकारी कारिंदे लगा नहीं पाये आखिर इन झोलाछाप डॉक्टरो को वे कौन लोग हैं जो इतनी भारी मात्रा में दवाई सप्लाई कर रहें हैं..? जबकि पता करना कोई बड़ी बात नहीं थी क्योकि दवाइयों पर बैंच नँबर अंकित होते हैं। जिससे विभाग चाहे तो पता कर सकता है। पर पता न करने के पीछे कई बड़ा खेल तो नहीं चलता..? जिसके चलते आज दिन तक यह महज रहस्य बनकर रह गया है। प्रशासन की व विभागीय अधिकारियों की इच्छा शक्ति होती तो इस पर प्रभावी नकेल सम्भव थी परन्तु कुछ हुआ नहीं सब गोल माल चल रहा है।

### पूर्व में झोलाछाप डॉक्टरो पर हुई काईवाईयो में जब्त दवाइयां कहा गई..?

पूर्व में सिरोही जिले में कई जगहों पर झोलाछाप डॉक्टरो पर काईवाई हुई। जिसमे भारी भरकम दवाइयां जब्त की गई थी। यदि प्रशासन चाहता तो पता कर सकता था कि यह दवाई कहा से किसने कहाँ कहाँ सप्लाई की.? परन्तु ऐसा हुआ नहीं आज दिन तक जिले में कौनसे मेडिकल स्टोर संचालक ने या किसी अन्य ने यह दवाई सप्लाई की इसका राज खुला नही। साथ ही हैरत की बात तो यह है कि वो जब्त सुदा दवाइयां भी कहाँ गई ?

### झोलाछाप स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं से पीड़ितों को कर रहें हैं वंचित

जब तक झोलाछाप डॉक्टरो पर प्रभावी काईवाई नहीं होगी तब तक राज्य सरकार की योजनाओं का आमजन को नहीं मिल पायेगा फायदा। प्रदेश के मुखिया चिकित्सा विभाग से जुड़ी अनेकों योजनाओं पर काम कर रहें हैं। कई योजनाएं चला भी रहें हैं , जैसे चिरंजीवी योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना सहित कई महत्वाकांक्षी योजना चल रहीं हैं परन्तु क्षेत्र के लोगो को यह फर्जी झोलाछाप डॉक्टर अपने झांसे में फंसाकर रखते हैं जिससे वे लोग राजकीय अस्पतालों तक पहुंच नहीं पाते, यहां तक भी झोलाछाप डॉक्टर उन्हें सरकारी अस्पतालों में भी जाने नही देते। और हिदायत तक देते हैं विभिन्न तरीकों से उन्हें भ्रमित किया जाता है। जिससे लोग सरकारी अस्पतालों में पहुंच नहीं पाते फिर आप सहज ही अनुमान लगाये आमजन को कैसे सरकार की योजनाओं को लाभ मिल रहा होगा।

**झोलाछाप** डॉक्टरो पर प्राथमिकता से समुचित काईवाई कि जायेगी। पूर्व में भी इनपर काईवाई की गई थी, ओर आगे भी प्रभावी काईवाई करेंगे।
**-डॉ. भँवर लाल,** जिला कलेक्टर सिरोही"

**मै** आज जयपुर आया हूं, पूरे मामलें को दिखवाया जायेगा और यचित काईवाई करेंगे।
- "**डॉ.राजेश कुमार,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी"

**पूर्व** में काईवाई की गई थी, क्षेत्र में यह भयंकर समस्या तो है ही यह बात मै भी मानता हूं। बिल्कुल प्रभावी काईवाई करके नकेल कसी जायेगी, व पता किया जायेगा झोलाछाप डॉक्टरो को दवाई बगैरा कौन सप्लाई करता है। फिर इस पर भी शिकंजा कसेंगे।
- "**हंसमुख कुमार,** उपखंड मजिस्ट्रेट पिण्डवाड़ा"

**अभी** कार्यभार संभाले कुछ समय ही हुआ है, जल्द ही इस विषय पर प्रभावी कार्रवाई करेंगे।
- "**डॉ. भूपेन्द्र सिंह,** बीसीएमओ पिण्डवाड़ा"

खाचरियावास बोले- मेरी सोच अलग, जिसमें दम होगा वो धरती फाड़ कर आ जाएगा

# राजनीति में उम्र की जगह नहीं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में पार्टी में बड़े बदलाव को लेकर सिफारिशों पर लगी मुहर का विरोध भी शुरू हो गया है। राजस्थान की गहलोत सरकार में खाद्य व आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा राजनीति में उम्र की जगह नहीं है। युवाओं को गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। सोनिया गांधी ने कहा था कि पार्टी ने कांग्रेस के नेताओं को बहुत कुछ दिया है, अब उन्हें पार्टी के लिए सोचना होगा। संगठन के लिए काम करना होगा। इस पर खाचरियावास ने कहा राजनीति में मेरी सोच अलग है। युवा लोगों को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि हम ही फिट हैं या हम ही अच्छा काम कर सकते हैं। सीनियरिटी, एक्सपीरियंस और उम्र भी बहुत कुछ सिखाती है। इस देश में प्रधानमंत्री की कितनी उम्र है आप और हम जानते हैं। उम्र की बात करना अपनी कमजोरी को छिपाना है।

खाचरियावास ने कहा राजनीति एक खुला मैदान है। कांग्रेस हो या बीजेपी, जो डिजर्व करेगा वो आएगा। जिसमें दम होगा वो धरती फाड़ कर आ जाएगा। दीवार तोड़कर आ जाएगा। आज अगर कांग्रेस या बीजेपी में कोई पावरफुल लीडर है। उसे इसलिए रोक दोगे कि वह किसी राजनीतिक परिवार से आता है तो कल दिक्कत खड़ी हो जाएगी। राजनीति में डिजर्वनेस और फिटनेस दो बातें महत्वपूर्ण हैं। जो पब्लिक में पॉपुलर हो। जिसे लोग पसंद करते हों। जो जनता के बीच खड़े होकर खून पसीना बहा सकता हो। काम कर सकता हो। उसको आगे आना चाहिए। जब पार्टियां जनता की पसंद को समझेंगी। उम्र को महत्व नहीं देकर ये महसूस करेंगी कि जनता में इस नेता की आवाज है। तो रिजल्ट मिलेगा। वरना हम जनता की आवाज नहीं समझेंगे तो रिजल्ट नहीं दे पाएंगे।

### बयान के मायने

**लोकसभा** और विधानसभा चुनावों में बुजुर्ग नेताओं के टिकट कटने और युवाओं को संगठन से लेकर चुनाव टिकट वितरण में प्रायोरिटी का विरोध सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने खुलकर कर दिया है। इसे हाल ही में सचिन पायलट की ओर से युवाओं को तवज्जो देने के बयान पर सियासी पलटवार के रूप में भी देखा जा रहा है। साथ ही सीएम अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के खुले समर्थन के तौर पर भी माना जा रहा है।

## ये प्यास है बड़ी...



अहमदाबाद इस सप्ताह भारत में सबसे गर्म स्थानों में से एक था। गुरुवार को दोपहर में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि शुष्क और गर्म पश्चिमी हवाओं के कारण राजस्थान, गुजरात और विदर्भ के कुछ हिस्सों में तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। @

बॉम्बे हाई कोर्ट: यौन उत्पीड़न के आरोपी को जमानत

# 'चुम्बन व अंगों को छूना अप्राकृतिक अपराध नहीं'

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि होठों पर चुम्बन और शारीरिक अंगों को छूना भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अप्राकृतिक श्रेणी का अपराध नहीं है। कोर्ट ने एक नाबालिग लड़के के यौन उत्पीड़न के आरोपी को जमानत देते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई ने कहा, आरोपी को पॉक्सो की धाराओं में अधिकतम 5 साल की सजा हो सकती है। ऐसे में उसे जमानत पाने का अधिकार है।

वर्तमान मामले में अप्राकृतिक सेक्स का मामला प्रथम दृष्ट्या प्रतीत नहीं होता। प्राथमिकी के मुताबिक 14 साल के लड़के के पिता को उनकी अलमारी से कुछ पैसे गायब मिले थे। पूछताछ में लड़के ने पिता को बताया कि उसने आरोपी को पैसे दिए हैं। वह मुंबई के एक उपनगर में आरोपी की दुकान पर ऑनलाइन गेम को रिचार्ज करने जाता था। लड़के ने आरोप लगाया कि एक दिन जब वह रिचार्ज कराने गया तो आरोपी ने उसके होठों पर चुम्बन लिया और उसके अंगों को छुआ। लड़के के पिता ने आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम की संबंधित धाराओं और भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

### जमानत के पक्ष में दिए तर्क

**आइपीसी** की धारा 377 में अधिकतम सजा आजीवन कारावास है। ऐसे में जमानत मुश्किल होती है, लेकिन कोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा, लड़के का मेडिकल परीक्षण उसके यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुष्टि नहीं करता। ऐसे में वह जमानत का हकदार है।

दहकती धरती: उत्तर भारत को भी राहत मिलने की आस

# केरल में प्री-मानसून बारिश शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** ऐसे समय में, जब समूचा उत्तर और पश्चिम भारत प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है, केरल से अच्छे संकेत मिलने लगे हैं। वहां प्री-मानसून बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने केरल के कई जिलों में अगले पांच दिन मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीते दिनों भारी बारिश से पोर्ट सिटी कोच्चि में कई जगह पानी भर गया। निचले इलाकों में रहने वालों को प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। केरल सरकार ने पुलिस और रेवेन्यू अथॉरिटी को अलर्ट कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर और पश्चिम भारत में एक-दो दिन गर्मी का प्रकोप कम होने के आसार नहीं हैं। विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया, राजस्थान में बुधवार के लिए



येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों में तापमान बहुत अधिक रहा। मुंगेशपुर में यह 49.2 डिग्री और नजफगढ़ में 49.1 डिग्री रेकॉर्ड किया गया।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Certified — Silver Utensiles
राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज ने एक दर्जन से ज्यादा सड़कों पर फायर बिग्रेड से सड़कों पर डलवाया पानी

# जयपुर में गर्मी से बचने के लिए पानी का छिड़काव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए नगर निगम जयपुर को जो काम 3-4 दिन पहले करना चाहिए था वह आज कर रहा है। जयपुर शहर में नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज की फायर शाखा ने जगह-जगह पानी का छिड़काव करवाया, ये तब है जब शहर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से गिरकर से 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। जेएलएन मार्ग, सहकार मार्ग, टोंक रोड, सीतापुरा समेत कई जगहों पर आज फायर बिग्रेड की गाड़ियों से शहर में पानी का छिड़काव करवाया। कलेक्टर राजन विशाल ने एक दिन पहले आदेश जारी करते हुए शहर में गर्मी और लू से बचने के लिए नगर निगम प्रशासन को पानी का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए थे।



### चूरू, जोधपुर, उदयपुर समेत कई शहरों में सप्ताह भर से हो रहा छिड़काव

**जोधपुर,** चूरू, सीकर समेत कई शहरों में प्रशासन ने पिछले एक सप्ताह से पानी का छिड़काव करवा रहे है। जोधपुर शहर में तो दो दिन पहले एंटीफॉग मशीन से छिड़काव करवाया गया था। वहीं उदयपुर में भी नगर निगम प्रशासन ने 44 डिग्री तापमान पहुंचने के बाद पानी का छिड़काव करवाया था।

### 45 डिग्री से ऊपर पहुंचा तापमान

**जयपुर** में पिछले सप्ताह गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा था। 6 दिन तक लगातार पारा 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहा। रविवार 14 मई को पारा 45.5 डिग्री सेल्सियस पर रिकॉर्ड हुआ था जो पिछले 5 साल का सबसे मई महीने का सबसे गर्म दिन रहा था। ऐसे में जब शहर तेज गर्मी और लू की मार झेल रहा था तब नगर निगम और जिला प्रशासन को पानी के छिड़काव की याद नहीं आई।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

सकारात्मक खबरों से भरपूर
पढ़िये कहीं भी - कभी भी
जागरूक जनता
ई-पेपर, खेल, देश-दुनिया, बिजनेस, धर्म-कर्म



www.jagrukjanta.net
जागरूक जनता
एक सकारात्मक हिन्दी अखबार...

### समस्त सिविल न्यायालयों में 30 मई से 26 जून तक ग्रीष्मावकाश

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के अधीनस्थ समस्त सिविल न्यायालय ग्रीष्मावकाश के कारण 30 मई से 26 जून तक बंद रहेंगे। हालांकि इस दौरान शीतकालीन अवकाश की भांति आवश्यक प्रकृति का सिविल कार्य संबंधित पीठासीन अधिकारी, लिंक अधिकारी द्वारा संपादित किया जायेगा।

पंजीकरण से पहले एग्जिट टेस्ट इसी साल से

### फार्मासिस्ट विदेशों में नौकरी कर सकेंगे, ग्लोबल सिलेबस बनेगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश में फार्मेसी में डिप्लोमा और डिग्री करने वाले विद्यार्थी अब विदेशों में भी नौकरी कर सकेंगे। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली इसके लिए ग्लोबल स्टेंडर्ड सिलेबस बनाने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बनाई है। फार्मासिस्टों को स्टेट काउंसिल में पंजीकरण कराने से पहले एग्जिट टेस्ट पास करना होगा। जयपुर आए पीसीआई अध्यक्ष डॉ. मोंटूकुमार पटेल ने बताया, यह किस सत्र से लागू होगा, इसका निर्णय पीसीआई करेगी।

॥ पुण्यस्मरण ॥
वो ज़िंदादिली, वो मधुर व्यवहार,
जीवनभर बांटा, सबके संग प्यार।
संघर्षमय वो छवि आपकी, हमारी प्रेरणा का आधार।।



हमारे पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक आदरणीय
मरहूम हाजी मो. सईद खान साहब
(संस्थापक - अंजुम एक्सट्रैक्शन प्रा. लि., निम्बाहेड़ा)
एवं मरहूमा हज्जन परवीन खान
(इंतकाल – 19 मई)
के प्रथम पुण्य स्मरण पर हम सभी हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते है।
श्रद्धावनत
समस्त परिवारजन एवं स्टाफगण
अंजुम एक्सट्रैक्शन प्राइवेट लि.

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण समाज द्वारा इंदिरा गांधी नगर, जगतपुरा स्थित गुरुकुल विद्यालय में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार,आर्थिक उत्थान एवं राजनीतिक एकता पर मंथन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य जी महाराज ने कहा कि ब्राह्मणों का इतिहास स्वर्णिम रहा है और भविष्य भी उज्जवल रहेगा। समाज को दोहरी जिम्मेदारी निभानी है। एक तो सनातन संस्कृति पर लगातार हो रहे हमलों से उसकी रक्षा करने की और स्वयं के चरित्र निर्माण के साथ स्वयं का अस्तित्व बचाने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अखिल शुक्ला ने कहा कि ब्राह्मण समाज के युवाओं को धर्म व संस्कृति से जुड़े रहकर समाज कल्याण करने की दिशा में कार्य करना हैं ।ब्राह्मण समाज के संपन्न व्यक्तियों को अंत्योदय की भावना से गरीब व असहाय ब्राह्मणों के उत्थान के लिए खुले दिल से सेवा कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेया ने कहा कि ब्राह्मण समाज के पिछडे लोगों को ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवा कर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक व अग्रणी रहना चाहिए। ब्राह्मण युवा सदैव अपनी योग्यता से आगे बढ़ा है। ब्राह्मण युवा को अपनी मेधा को और अधिक प्रखर कर इस प्रतियोगिता के युग में आगे आना होगा। अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज, इंदिरा गांधी नगर में हर ब्राह्मण परिवार में भगवान परशुराम जी का एक चित्र पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. रमेश चंद्र मिश्रा, महेश भारद्वाज, चिकित्सक डॉ.ज्योति शर्मा, गुरुकुल विद्यालय की प्राचार्य प्रतिमा जैमन, फिल्म अभिनेता गोपेश शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में भारत भूषण भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गणेश वंदना से प्रारंभ इस आयोजन में 100 ब्राह्मण प्रतिभाओं का स्मृति चिह्न देकर व भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध कवियत्री रेनू शब्दमुखर ने किया।

### निःशुल्क परिंडा वितरण 26 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बेजुबान पक्षियों के लिए दाना पानी हेतु निःशुल्क परिंडे वितरण कैंप, बाबा के दरबार खाटूश्याम मंदिर (वृंदावन धाम), विजयपथ, मानसरोवर मे लगेगा। मीडिया प्रभारी श्रीराम इंदौरिया ने बताया कि श्री श्याम सखा परिवार सेवा समिति (रजि), मानसरोवर द्वारा गुरुवार 26 मई एकादशी को श्री श्याम मंदिर (वृंदावन धाम), विजय पथ पर पक्षियों हेतु दाना पानी के लिए निःशुल्क परिंडे वितरण का कैंप लगाया जाएगा। अपना नाम लिखाकर टोकन मंदिर मे पन्डित जी या कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### दिव्यांग केन्द्र, वृद्धआश्रम में किया फल वितरण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शांति देवी फाउंडेशन एनजीओ द्वारा बौद्धिक दिव्यांग केंद्र तथा अपना घर वृद्ध आश्रम जामडोली में बच्चों एवं बुजुर्गों को गर्मी में राहत मिल सके इसके लिए गर्मियों के फलों का वितरण किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के फाउंडर श्रवण शर्मा ने बताया कि गर्मी में हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है, इसलिए तरबूज जैसे फल हमारे शरीर में पानी की आपूर्ति करते हैं,और समय-समय पर हमें इनका सेवन करते रहना चाहिए। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा, सह संस्थापक संकल्प फैड्रिक, रितेश सोनी, कुलदीप शर्मा तथा दिनेश सोनी अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**नानी बाई मायरा व विवाह कल्याणोत्सव हुआ महाप्रसादी के साथ संपन्न**

# भगवान श्रीकृष्ण ने भरा नानी बाई का छप्पन करोड़ रुपए का मायरा

### तिरुपति बालाजी की धूमधाम से निकली भव्य बंदोली

### 1500 तुलसी पौधों के साथ निकली तुलसी यात्रा







**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** जोधपुर जिले की धर्म नगरी के नाम से प्रसिद्ध पीपाड़ शहर में रेलवे स्टेशन रोड़ पर स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में आयोजित पाटोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री तिरुपति बालाजी मंदिर के पाटोत्सव पर तिरुपति बालाजी मंदिर सेवा संस्थान के तत्वावधान में पहली बार नानी बाई मायरे के साथ बालाजी भगवान का विवाह कल्याणोत्सव के रूप आयोजित किया गया। जिसमें शहर की महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में मेहंदी की रस्म की गई। गुरुवार से बालाजी विवाह उत्सव शुरू हो गया। पहले दिन धृतपान और विनायक पूजा की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए। जिसमें मुख्य भामाशाह श्रीकिशन सीताराम सोनी माहेश्वरी बैंगलुरु होगे। पीपाड़ के सभी समाज द्वारा भगवान को 5 मई से 15 मई तक बन्दौला दिया गया । तिरुपति बालाजी आंध्र प्रदेश के पुजारियों द्वारा तिरुपति बालाजी का महाअभिषेक हुआ। 14 मई को प्रातः 8:00 से तिरुपति बालाजी की बड़ी बंदोली व भव्य तुलसी यात्रा निकली जो सब्जी मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर होली धड़ा, इलाजी बाजार, कोट गेट, अस्पताल चौक के रास्ते शहर के मुख्य बाजार से होती हुई मंदिर प्रांगण पहुंची। यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए न्यू सैनिक स्कूल प्रांगण में 15 सौ तुलसी के पौधे तैयार किए गए। तुलसी यात्रा में भाग लेने वाली सभी माता बहनों को भगवान तिरुपति बालाजी के मंत्रोच्चारण अभिषेक से सिंचित तुलसी पौधा और अभिषेक किया गया एक सिक्का दिया गया। 15 मई को प्रातः 7:00 बजे भगवान का विवाह कल्याणोत्सव के रूप में आयोजित हुआ। नानी बाई के मायरे का आयोजन मारवाड़ माटी के प्रसिद्ध कथावाचक गौवत्स संत राधा कृष्ण महाराज के मुखारविंद से किया जा गया है जो 12 मई को शुरू होकर 15 मई महाप्रसादी के साथ संपन्न हुआ।

भगवान श्रीकृष्ण ने भरा नानी बाई का छप्पन करोड़ रुपए का मायरा। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर और कथा स्थल को रंगीन रोशनी और फूल मालाओं के साथ खूबसूरती से सजाया गया है। आयोजन समिति के धनराज सोलंकी ने बताया कि बंदोली के अंदर आज सभी शहर वासियों द्वारा स्वागत तोरण द्वार और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया जो शहर में अपने आप में भाईचारा, एकता और प्रेम की मिशाल बनी है। इसके साथ जगह-जगह शरबत, ठंडे पानी और नाश्ते की व्यवस्था करने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया। आज बंदोली में राजस्थानी संस्कृति की पहचान रखने वाली पीपाड़ शहर, बालोतरा की शाही गैर नृत्य, शाही बैंड, सुसज्जित रथ, कच्ची घोड़ी नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के अंदर सभी समाज के आराध्य देव और संत सुरमाओ की झांकी के साथ श्रीयादे माता, मां दुर्गा, विश्वकर्मा भगवान, बाबा रामदेव जी और संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, रिद्धि सिद्धि के साथ भगवान गणेश, परशुराम महादेव, राम दरबार के साथ देशभक्ति का संदेश देते हुए भारत माता और भारतीय सैनिकों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। 36 कौम के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के भंवरलाल चौहान, पन्नालाल सोनी, धनराज सोलंकी, चन्द्रशेखर व्यास, कार्यक्रम मुख्य आयोजक जगदीश छीपा, घनश्याम तिवाड़ी, कैलाश जाजु, विजय व्यास, रमेश अरोड़ा, हरिराम विश्नोई, सुरेश सोनी, रामस्वरूप बजाज, नरेश दवे भामाशाह सुभाष सोनी आदि ने सभी दानदाता परिवार का और सहयोग प्रदान करने वाले लोगों का मंदिर की ओर से साधुवाद और आभार व्यक्त किया । संस्थान द्वारा समूचे शहर में धार्मिक आयोजन का प्रचार प्रसार कर विवाह को ऐतिहासिक बनाया। शहर के हर धर्म प्रेमी परिवार ने विवाह कल्याणोत्सव आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था रही

**बंदोली** कार्यक्रम एवं तुलसी शोभायात्रा के दौरान महिलाओं की भीड़ रही। शोभा यात्रा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं में बिलाड़ा सीओ भूपेंद्र सिंह शेखावत, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शेखावत, अधिशासी अधिकारी सुरेश चंद शर्मा , पीपाड़ शहर थाना अधिकारी लक्ष्मण राम जाखड़ सहित आसपास थानों के थानाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### यह रहे मौजूद

नगर पालिका चेयरमैन समु देवी सांखला, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह कच्छावाह, पूर्व चेयरमैन बाबूलाल टाक, माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी, पूर्व चेयरमैन चिमनाराम टाक, पार्षद पीयूष शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष चेतन प्रकाश सीपी मारोटिया, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र टाक, राज ग्रुप के सुरेश कच्छावाह, ठेकेदार हापुराम मारोटिया, लक्ष्मी होटल के डायरेक्टर लूणाराम चौहान, श्यामलाल मूंदड़ा, युवा नेता कैलाश टाक, योगाचार्य भगवान राम परिहार, मनोनीत पार्षद सोहनलाल, सहित कई शहर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।



## भगवान परशुराम की शोभायात्रा में उमड़े लोग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना और ब्राह्मण समाज जनूथर के संयुक्त तत्वाधान में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की शोभायात्रा बड़े धूमधाम से विभिन्न प्रकार की झांकियों और बैंड बाजों से निकाली जगह जगह पर भक्तगण नाचते हुए दर्शकों के मन मोहे विष्णु के छठे अवतार परशुराम की जय जयकार के नारे गूंजते नजर आए राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुनील पीढ़ी शोभायात्रा में नारे लगाते हुए आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदेश महामंत्री श्यामसुंदर कटारा जिला अध्यक्ष नेत्र कमल मुद्गल जिला सचिव राजीव शर्मा प्रदेश युवा कार्यकारी अध्यक्ष सोनू जटोली के साथ लाला पंडित और नीरज पाराशर ने यात्रा में जगह जगह पर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। जनुथर के बाजार में सभी व्यापारियों ने सभी समाज के लोगों ने शोभा यात्रा का गुलाल पुष्प वर्षा कर ठंडाई शरबत पिलाकर मिठाई बांटकर अन्य शीतल पेय पिलाकर जगह-जगह पर स्वागत किया इस प्रकार जनुथर आई शोभा यात्रा का समापन सरस्वती आईटीआई के प्रांगण में सभा के रूप में हुआ सभा में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद शर्मा मुख्य अतिथि पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष डोरीलाल शर्मा की अध्यक्षता में एवं राष्ट्रीय परशुराम सेना राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुनील पीढ़ी महामंत्री श्यामसुंदर कोटा जिला अध्यक्ष नेत्र कमल शर्मा सुरेश शर्मा ओम श्री ताराचंद चिचाना के विशिष्ट अतिथि के रूप में सभी ने श्री परशुराम भगवान जी की आरती की जनूथर ब्राह्मण समाज में अतिथियों एवम जयपुर से पधारे समाजसेवी संजय कटारा का स्वागत साफा माला पटका और भगवान परशुराम की तस्वीर भेंटकर सभी का सम्मान किया कार्यक्रम का संचालन पंडित भवानी शंकर नाहरौली ने किया स्थानीय अध्यक्ष ने आभार प्रकट किया।

## सुगाल चंद जैन मारवाड़ रत्न सम्मान-2022 से सम्मानित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** जोधपुर के 564वें स्थापना दिवस के अवसर पर मारवाड़ के राज परिवार द्वारा स्थापित मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष का प्रतिष्ठित मारवाड़ रत्न सम्मान-2022 सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं दीर्घकालीन उच्च स्तरीय सेवाओं में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी और उद्योगपति सुगाल चंद जैन को प्रदान किया गया है। जोधपुर में आयोजित भव्य समारोह में जैन को महाराजा गजसिंह साहब के हाथों से सम्मानस्वरूप स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल भेंट के साथ 51 हजार की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि हर व्यक्ति के मानव समाज के प्रति भी अपने सामाजिक दायित्व है, परोपकार एवं जनहित के कार्यों में हमें हमेशा अग्रणी रहना चाहिए। समाज सेवा मानव जीवन को सर्वांगपूर्ण तथा सौन्दर्यमय बनाती है।

**भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न**

# आज भी किसान अपनी पूर्ण कर्जमाफी का इंतजार कर रहा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net







**जयपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी नारायण सिंह देवल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं प्रदेश स्तरीय बैठक में मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, सोशल मीडिया प्रदेश टीम एवं सोशल मीडिया जिला प्रभारी उपस्थित रहें।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने मोर्चे के प्रत्येक पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वह अपने-अपने ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ, किसान विरोधी इस कांग्रेस सरकार में किसानों के साथ हो रहे अन्याय एवं अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठायें।

मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही किसानों की सम्पूर्ण कर्जामाफी की जायेगी, जो अभी तक नहीं की गई। आज भी किसान अपनी पूर्ण कर्जमाफी का इंतजार कर रहा है। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में सरचार्ज, फ्यूल चार्ज ना बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही बिलों में वृद्धि करके किसानों की कमर तोड़ दी। साथ ही बिजली कटौती करके किसानों के साथ में धोखा किया। ऐसी निकम्मी सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश का किसान सबक सिखाएगा।

मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रभारी रामनरेश तिवाड़ी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसान मोर्चा को प्रत्येक बूथ स्तर पर केन्द्र सरकार की किसानजनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की आवश्यकता है, जिससे की हर एक किसान को इन योजनाओं के माध्यम से लाभ मिल सके। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोर्चा प्रदेश प्रभारी नारायण सिंह देवल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय कृषि बजट 25 हजार करोड़ का था, जिसे केन्द्र की मोदी सरकार ने 1 लाख करोड़ का बढ़ाया दिया, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। इस बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने किया तथा यादव ने बताया कि इस बैठक में मोर्चे के आगामी कार्यक्रम तय किये गये एवं किसान कल्याण के लिए किये जाने वाले कार्यों को नीचले स्तर तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई।



## वादियों में भी गर्म हवाएं खाने लगी हिलोरे



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बीते दिनों दिन का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। @ जागरूक जनता

**सऊदी अरामको ने एपल को पछाड़ा: 2.42 ट्रिलियन डॉलर हुआ वैल्यूएशन**

# दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी अरामको

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** एपल इंक को पछाड़कर सऊदी अरामको दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। इसका कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से अरामको के शेयरों में तेजी आई है और महंगाई के कारण तकनीकी शेयरों में गिरावट। सऊदी अरेबियन नेशनल पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल प्रड्यूसिंग कंपनी है।

### वैल्यूएशन 2.42 ट्रिलियन डॉलर

शेयरों की कीमत के आधार पर सऊदी अरामको का वैल्यूएशन 2.42 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वहीं एपल के शेयरों की कीमत में पिछले एक महीने में गिरावट देखी गई है। इस कारण बुधवार को इसका वैल्यूएशन 2.37 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इस साल के पहले तीन महीनों में मजबूत कंज्यूमर डिमांड के कारण एपल ने उम्मीद से बेहतर मुनाफा कमाया है, फिर भी कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट आई है।

### एसएंडपी 500 एनर्जी सेक्टर 40% बढ़ा

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी के कारण एसएंडपी 500 एनर्जी सेक्टर इस साल 40% बढ़ा है। ब्रेंट क्रूड साल की शुरुआत में लगभग 78 डॉलर प्रति बैरल था, जो बढ़कर 108 डॉलर हो गया है। इस साल एसएंडपी 500 में सबसे बेहतर परफॉर्म करने वाले स्टॉक में ऑक्सिडेंटल पेट्रोलियम कॉर्प है। इसमें 100% से ज्यादा की तेजी आई है। इस साल की शुरुआत में इसकी कीमत 31 डॉलर के करीब थी जो अब 60 डॉलर के पार पहुंच गई है।

### एपल का वैल्यूएशन 3 ट्रिलियन डॉलर था

साल की शुरुआत में एपल की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर थी, जो अरामको से लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर ज्यादा है। तब से एपल का शेयर 20% से ज्यादा टूटा है, जबकि अरामको 28% से ज्यादा चढ़ा है। हालांकि, एपल अमेरिकी कंपनियों में सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। दूसरे नंबर पर माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प है जिसका मार्केट कैप 1.95 ट्रिलियन डॉलर है।

### अरामको को महंगाई और टाइट सप्लाई का फायदा

टॉवर ब्रिज एडवाइजर्स के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर जेम्स मेयर ने कहा, 'आप एपल की तुलना सऊदी अरामको से उनके बिजनेस या फंडामेंटल्स से नहीं कर सकते हैं, लेकिन कमोडिटी स्पेस के लिए आउटलुक में सुधार हुआ है।' इस स्पेस को महंगाई और टाइट सप्लाई का फायदा मिला है। अरामको का नेट प्रॉफिट 2020 की तुलना में 2021 में 124% बढ़कर 110.0 अरब डॉलर हो गया था। 2020 में ये 49.0 अरब डॉलर था।

**BJP की चार सीट हो रही खाली, कांग्रेस की बढ़ेंगी सीटें**

# राजस्थान में 4 रास सीट पर 10 जून को वोटिंग-काउंटिंग



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यसभा में 57 सीटों के लिए 10 जून को मतदान होगा। राजस्थान में राज्यसभा की 4 सीटें खाली हो रही हैं, इनके लिए यह चुनाव होना है। इलेक्शन कमीशन ने चुनाव की तारीख घोषित कर दी है। चुनाव का नोटिफिकेशन 24 मई को जारी होगा। नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 31 मई होगी। नॉमिनेशन स्क्रूटनी की तारीख 1 जून और नाम वापसी की आखिरी तारीख 3 जून होगी। सभी 57 सीटों पर 10 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग होगी। 10 जून को ही शाम 5 बजे वोटों की गिनती शुरु होगी और फिर रिजल्ट डिक्लेयर किए जाएंगे। राजस्थान में 10 सीटों में से 4 सीटें 4 जुलाई को खाली होने वाली हैं। अभी इन सीटों पर बीजेपी के ओम प्रकाश माथुर, के.जे. अल्फोंस, रामकुमार वर्मा, हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर निर्वाचित हैं। वहीं, अब बहुमत और सीटों की संख्या के आधार पर इन 4 में से 2 सीटों पर कांग्रेस को स्पष्ट जीत मिलती नजर आ रही है। जबकि बीजेपी की एक सीट पक्की मानी जा रही है। चौथी सीट जीतने के लिए पहली प्रायोरिटी के 41 वोट चाहिए। इसके लिए कांग्रेस और बीजेपी में टक्कर रहेगी। माना जा रहा है सत्ताधारी कांग्रेस इस सीट पर अपने सहयोगी दल और निर्दलीय विधायकों के जरिए जीतने की रणनीति पर काम कर रही है।

### हर प्रत्याशी को जीत के लिए पहली वरियता के 41 वोट चाहिए

**मौजूदा** समय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल और राजस्थान से नीरज डांगी प्रदेश से 3 कांग्रेस के राज्यसभा सांसद हैं। बीजेपी के बाकी 3 राज्यसभा सांसदों में डॉ किरोड़ीलाल मीणा, भूपेन्द्र यादव और राजेन्द्र गहलोत हैं। एक वक्त था जब सभी 10 सीटें बीजेपी के पास थीं। 2019 में मनमोहन सिंह और 2020 में केसी वेणुगोपाल और नीरज डांगी के चुनाव जीतने पर बढ़ते-बढ़ते यह संख्या 3 तक हुई है। अब इस राज्यसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी होगी। जोकि 5 से 6 तक हो सकती हैं। राज्यसभा चुनाव अनुपातिक पद्धति के मुताबिक करवाया जाता है। इसका स्पेशल फॉर्मुला होता है। जिसके तहत हर प्रत्याशी को जीत के लिए पहली वरीयता के 41 वोट चाहिए।

### 15 राज्यों में 57 सीटों पर होगा मतदान

**जिन** प्रदेशों में राज्यसभा चुनाव होगा। उनमें उत्तर प्रदेश में 11, महाराष्ट्र और तमिलनाडू में 6-6, बिहार में 5, राजस्थान,कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में 4-4 सीटों पर चुनाव होगा। मध्यप्रदेश और ओडिशा में 3-3, तेलंगाना,छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखण्ड और हरियाणा में 2-2 सीटों और उत्तराखंड की 1 सीट के लिए मतदान होगा।



## बैरवा का नारायण सेवा ने किया स्वागत

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर प्रवास पर आये अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा का नारायण सेवा संस्थान की ओर से मीडिया एवं जनसम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ एवं दिलीप सिंह चैहान ने पगड़ी, दुप्पटा व शॉल पहनाकर स्वागत किया। उन्हें संस्थान के सेवा प्रकल्पों तथा कोरोना में किये गये कार्यों से अवगत कराते हुए संस्थान अवलोकन हेतु आमंत्रित किया गया।

**एअर इंडिया को मिला नया सीईओ**

# 50 साल के विल्सन संभालेंगे नई जिम्मेदारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**मुंबई।** टाटा संस ने कैंपबेल विल्सन को एअर इंडिया का नया MD और CEO बनाया है। एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इस नियुक्ति पर कहा, एअर इंडिया में कैंपबेल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। वह इंडस्ट्री के दिग्गज हैं। एअर इंडिया को अनुभव से फायदा मिलेगा। मैं वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। 50 साल के विल्सन के पास एविएशन इंडस्ट्री का 26 साल का अनुभव है। इसमें फुल सर्विस और लो-कॉस्ट दोनों एयरलाइन्स शामिल है। उन्होंने सिंगापुर एयरलाइंस (SIA) ग्रुप के लिए जापान, कनाडा और हॉन्गकॉन्ग जैसे देशों में 15 से अधिक वर्षो तक काम किया है। यहां हम आपको ये भी बता दें कि टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन विस्तारा में SIA भी पार्टनर है।



### टाटा ग्रुप का हिस्सा बनना सम्मान की बात

कैंपबेल विल्सन ने कहा, 'आईकॉनिक एअर इंडिया का नेतृत्व करने और टाटा ग्रुप का हिस्सा बनने के लिए चुना जाना एक सम्मान की बात है। एअर इंडिया दुनिया की बेस्ट एयरलाइन्स में से एक बनने की रोमांचक यात्रा पर है। मैं उस महत्वाकांक्षा को साकार करने के मिशन में एअर इंडिया और टाटा के सहयोगियों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं।'

### विल्सन ने 1996 में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में शुरुआत की थी

विल्सन ने न्यूजीलैंड में कैंटरबरी यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर ऑफ कॉमर्स (फर्स्ट क्लास ऑनर्स) किया है। उन्होंने 1996 में न्यूजीलैंड में सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कनाडा, हॉन्ग कॉन्ग और जापान में स्ट्ठ के लिए काम किया।

### 2011 में स्कूट के फाउंडिंग CEO बने थे विल्सन

सिंगापुर लौटकर 2011 में लो कॉस्ट एयरलाइन स्कूट के फाउंडिंग CEO के रूप में काम किया। 2016 तक वो इस पद पर रहे। अप्रैल 2020 में दोबारा स्कूट के CEO बनने से पहले उन्होंने SIA में सेल्स और मार्केटिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने प्राइसिंग, डिस्ट्रिब्यूशन, ई-कॉमर्स, मर्चेंडाइजिंग, ब्रांड एंड मार्केटिंग, ग्लोबल सेल्स और एयरलाइन ओवरसीज ऑफिसेज को देखा। अब उन्हें एअर इंडिया की कमान सौंपी गई है।

# रेलवे वित्त प्रमुख सालेचा एनसीएलएटी सदस्य नियुक्त



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे के वित्त प्रमुख जयपुर के श्याम नगर निवासी आईआरएएस नरेश सालेचा को राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में सदस्य नियुक्त किया गया है। सालेचा भारतीय रेल लेखा सेवा के 1984 बैच के एचएजी प्लस ग्रेड के अधिकारी हैं। वे अभी रेलवे के वित्त प्रमुख यानि मेंबर फाइनेंस थे। रेलवे के ईस्टर्न एंड वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईएंडडब्ल्यूडीएफसी) में भी उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके पास डीएफसीसीआईएल के निदेशक (वित्त) का एडिशनल चार्ज था। उनके पिता व राजस्थान कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी डॉ पुखराज सालेचा दौसा कलेक्टर सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। एनसीएलएटी एक अपीलीय न्यायाधिकरण है। जहां एनसीएलटी, आईबीबीआई, सीसीआई और एनएएफआरए के आदेशों पर अपील सुनी जाती है। यह पद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समकक्ष है। जिसका कार्यकाल 4 वर्ष है। जिसे 67 वर्ष की आयु तक बढ़ाया भी जा सकता है। इनके पिता डॉ. पुखराज सालेचा ने जैन लॉज में 78 वर्ष की आयु में पीएचडी की थी। वे देहदान में अग्रणी थे और उन्होंने जयपुर में मेडिकल कॉलेज को मृत्यु के बाद पहले अपनी मां, पत्नी और अंत में स्वयं के शरीर का दान कर दिया।

# नि:शुल्क अत्याधुनिक कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) निर्माण ईकाई 15 से प्रारंभ



### नारायण सेवा संस्थान में रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के सहयोग से जर्मनी की मशीनें करेंगी काम

### नि:शुल्क वितरण से लाखों दिव्यांगजन होंगे लाभान्वित

**उदयपुर।** सड़क दुर्घटनाओं अथवा अन्य हादसों में हाथ-पांव गवा देने वाले दिव्यांगजन को अब पहले से अधिक सुविधाजनक और अत्याधुनिक कृत्रिम अंग त्वरित निःशुल्क उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इसके लिए नारायण सेवा संस्थान के लियों का गुड़ा स्थित परिसर में देश की प्रथम निःशुल्क आर्टिफिशियल लिम्बस् फेब्रिकेशन यूनिट (कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला) स्थापित की गयी है। यह जानकारी संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब इम्यूरी ड्यूड हिल्स यूएसए और रोटरी क्लब उदयपुर- मेवाड़ के सहयोग से स्थापित इस यूनिट का उद्घाटन 15 मई (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव', पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इण्डिया की चेयरमैन एवं पैरा ऑलम्पियन दीपा मलिक एवं रोटरी अन्तर्राश्ट्रीय पदाधिकारियों के सानिध्य में सम्पन्न होगा। इस यूनिट में ऑटोबोक जर्मनी की मशीनें लगायी गयी हैं। इसमें बनने वाले कृत्रिम अंग अधिक हल्के व सुविधाजनक होंगे। संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विशय है। इसमें हाथ-पैर खोने वाले ही नही, उनके परिवार भी अत्यंत कश्टदायी ज़िन्दगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। आंकड़ों की बात करें तो देश की कुल आबादी का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा दिव्यांगता का शिकार है, इसमें ज्यादा संख्या कटे हाथ-पैर वालों की है।

रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर-मेवाड़ के संरक्षक हंसराज चौधरी ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगजन के जीवन को आसान बनाने के पिछले 34 वर्षो से किये जा रहे कार्यो से इम्यूरी ड्यूड हिल्स यूएसए काफी प्रभावित हुआ है। इसमें सहयोग के लिए रोटरी क्लब उदयपुर-मेवाड़ की अनुशंसा को उसने प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार किया। इससे संस्थान को देश ही नही विदेशों में भी कृत्रिम अंग लगाने के कार्यो में गति और आसानी होगी। इससे लाखों दिव्यांगों की जीवनचर्या में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। वे पुनः रोजगार से जुड़कर अपने परिवार को तो खुशहाल बना ही सकेंगे, सुखी समाज की रचना का हम सबका स्वप्न भी मूर्तरूप ले सकेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब मेवाड़ के अध्यक्ष आशीश हरकावत, परियोजना प्रभारी रविश कावड़िया, जनसंपर्क अधिकारी विश्णु शर्मा हितैशी, भगवान प्रसाद गौड़ व रोहित तिवारी भी मौजूद थे।

## मोहनी एकादशी पर हजारों ने लगाई सूर्य कुंड में डुबकी

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** तीर्थ स्थल लोहार्गल में गुरुवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की मोहनी एकादशी पर हजारों श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डुबकी लगाई। स्नान के बाद गो मुखी पर संकल्प ले कर लोगों ने ब्राह्मणों को दक्षिणा दी । उसके बाद सूर्य, गोपीनाथ, शिव पांडव, रघुनाथ, नामदेव, मीनदेव, नृसिंह, मालकेतु आदि मंदिरों देव दर्शन कर प्रसाद चढा कर, भेंट चढाई । दोपहर तक श्रद्धालुओं का सिलसिला चलता रहा । एकादशी का व्रत करने वाले महिलाओं ने व्रत की कथा सुन ब्राह्मण दंपतियों को दक्षिणा व भेंट दे कर उनकी आशीष ली। इसी प्रकार दीन-हीनों को दान दे कर पुण्य कमाया । तेज धूप के चलते लोगों को घरों की राह पकड़ने की जल्दी रही । इसके चलते सूर्य कुंड पर खासी भीड़ जमा नहीं हो सकी ।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सिंग कर्मियों को किया सम्मानित



**चौमूं @ जागरूक जनता।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमूँ में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारी के द्वारा 40 नर्सिंग कर्मियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष तिवाडी ने बताया कि नर्सिंग कर्मियों के द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी मे इनका कार्य अद्वितिय व सराहनीय योगदान 2हा। तथा इन्होंने रात दिन एक कर मरीजों की जान बचाई। इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम सैनी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) नारायण लाल शर्मा, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, डॉ अजीत सिंह शेखावत, डॉ अनिल सेन, डॉ मुखराम देवन्दा, डॉ सुरेश जांगिड़, डॉ मान प्रकाश सैनी, डॉ रवि कुमावत आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान का कैम्प आयोजित



**तारानगर @ जागरूक जनता।** प्रशासन शहरो के संग अभियान (द्वितीय) का कैम्प राजकीय प्राथमिक विधालय नं. 3 तारानगर में वार्ड संख्या 31 से 35 तक का कैम्प का आयोजन किया गया। पालिका द्वारा अभियान के दौरान अध्यक्ष प्रियंका बानो द्वारा 69ए के अन्तर्गत के 15 पट्टे, जन्म प्रमाण पत्र -9 तथा 2 विवाह पंजीयन, जारी किया गया। इस मौके पर पार्षद भागीरथ भांमी, मुंशी खां एवं पालिका कर्मचारी शक्ति सिंह राठौड़, नितेश उपाध्याय, पवन कुमार सोलंकी, गोपालराम, कृष्ण भांभू, सुशील कुमार, हेमराज प्रजापत, रणजीत आदि मौजुद रहे।

# शेखावत ने रक्षा प्रयोगशाला के विकास कार्यों व उत्पादों का अवलोकन किया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** जोधपुर रक्षा प्रयोगशाला में 63 वा स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अनुसंधान के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपलब्धि अर्जित करने वाले वैज्ञानिकों और उनकी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री शेखावत का समस्त रक्षा प्रयोगशाला जोधपुर की ओर से भव्य अभिनन्दन किया गया। रक्षा प्रयोगशाला के निदेशक रवींद्र कुमार ने शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन पत्र भेंट किया। इससे पहले मंत्री शेखावत ने रक्षा प्रयोगशाला के विविध खण्ड में प्रदर्शित उपकरणों का अवलोकन किया। मंत्री शेखावत ने विकास कार्यों/ उत्पादों का अवलोकन भी किया।

अध्यक्षता करते हुए निदेशक रवीन्द्र कुमार ने स्थापना दिवस समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी और रक्षा प्रयोगशाला की उपलब्धियों को रेखांकित किया। इस अवसर पर शेखावत ने अपने उद्बोधन में यहाँ पर हो रहे अनुसंधान कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात डीआरडीओ की 25 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट शोध कार्य करने वाली टीम को विकास पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ प्रशांत वशिष्ठ, अध्यक्ष वर्क्स कमेटी ने धन्यवाद ज्ञापित किया. कल्याण अधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

**बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

# 14.22 मिलियन टन सीमेंट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2021-22 में, लागत संबंधित दबाव, बाजार में सुस्त मांग और कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई विभिन्न बाधाओं जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों को पार करते हुए, वॉल्यूम के हिसाब से अपनी अब तक की सबसे अधिक सीमेंट बिक्री का आंकड़ा हासिल करने में कामयाब रहा है। पूरे वर्ष के दौरान 14.22 मिलियन टन की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

वित्त वर्ष 2018-19 में महामारी से पहले 13.65 मिलियन टन का पिछला उच्चतम हासिल किया गया था। बिक्री में उछाल ज्यादातर वित्तीय वर्ष के अंत में आया। मार्च तिमाही की बिक्री 4.24 मिलियन टन क्रमिक रूप से 27 प्रतिशत और वर्ष-दर-वर्ष 1.7 प्रतिशत थी। 31 मार्च तक तीन महीने में बिक्री अब तक की एक तिमाही में सबसे ज्यादा थी। वित्त वर्ष 2021-22 की तिमाही 4 के लिए बिरला कॉर्पोरेशन की क्षमता उपयोग उद्योग में पिछले वर्ष के 85 प्रतिशत के मुकाबले 92 प्रतिशत पर सर्वश्रेष्ठ में से एक था। बढ़ती बिक्री के चलते कंपनी ने पूरे वर्ष के लिए 9.8 प्रतिशत और मार्च तिमाही के लिए 8.7 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की है, लेकिन फिर भी, अत्यधिक उच्च ईंधन लागत के कारण लाभप्रदता अत्यधिक दबाव में आ गई, जिसे उपभोक्ताओं पर पारित नहीं किया जा सका।

वित्तीय वर्ष के अंत तक बाजार की स्थिति कीमतों में वृद्धि के लिए अनुकूल नहीं थी, और रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में सीमेंट उद्योग के लिए मार्जिन 400-500 आधार अंकों से अनुबंधित है। हालांकि बिरला कॉर्पोरेशन सीमेंट की बिक्री से अपनी पूरे साल की प्राप्ति को 4,938 रुपये प्रति टन तक बढ़ाने में कामयाब रहा, जो पिछले वर्ष के 4,829 रुपये से 2.2 प्रतिशत अधिक था, लेकिन यह लागत दबाव को कम करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पूरे वर्ष के लिए कंपनी का एबिटडा 1,208.79 करोड़ रुपये पिछले वर्ष की तुलना में 15.9 प्रतिशत कम था।

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए प्रति टन एबिटडा साल-दर-साल 25.4 प्रतिशत घटकर 755 रुपये हो गया है। जबकि मार्च तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ 153.18 करोड़ रुपये था, जो 14.8 प्रतिशत कम था, 111.08 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 55.5 प्रतिशत कम था और ये प्रमुख तौर पर आयकर में 124.98 करोड़ रुपये के एकमुश्त क्रेडिट समायोजन के कारण पिछले वर्ष में खर्च में बढ़त के कारण हुआ। इसी तरह, वर्ष के लिए कर पूर्व लाभ 537.75 करोड़ रुपये 24.5 प्रतिशत कम था, जबकि वर्ष के लिए 398.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की तुलना में 36.8 प्रतिशत कम था। एमपी बिरला समूह के अध्यक्ष हर्ष वी. लोढ़ा ने कहा कि हमारी तीन इकाइयों-सतना, मैहर और चंदेरिया-में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल करने और पांच राज्यों में रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद, ईंधन और माल ढुलाई लागत में अत्यधिक वृद्धि के कारण हमारी लाभप्रदता प्रभावित हुई, लेकिन हमने उपभोक्ताओं पर किसी भी तरह का अतिरिक्त भार नहीं डाला है। उन्होंने कहा कि हालांकि, मार्च से हालात कुछ बदलना शुरु हो गए हैं और हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में, हमारी कंपनी नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाएगी। मुकुटबन इकाई, जिसने अप्रैल के अंत में उत्पादन शुरू किया है, निकट भविष्य में हमारे सीमेंट कारोबार में काफी वृद्धि करेगी।

# चुप्पी तोड़ो सयानी बनो अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला प्रशासन की ओर से चुप्पी तोड़ो सयानी बनो अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत आज से की गई। जिला कलक्टर राजन विशाल ने इस अभियान का शुभारंभ गणगौरी बाजार स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय से किया।

जहां पर कलक्टर ने हाइजीन ब्रांड एम्बेसडर छात्राओं को अपने हाथों से प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान के तहत जिले के विद्यालयों में 3 हजार 716 छात्राओं को हाइजीन एम्बेसडर बनाया जाएगा। जो अलग अलग स्कूल्स में पढ़ने वाली 1 लाख 30 हजार से अधिक बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और गुड टच बेड टच विषय पर जानकारी देगी। जयपुर जिला कलक्टर राजन विशाल ने बताया कि अभियान के दूसरे चरण में 929 विद्यालयों में कार्यशाला होगी। जहां एक लाख से अधिक बालिकाओं को अपने-अपने स्कूल्स में ट्रेंड टीचर्स इस संवेदनशील विषय पर जानकारी देंगे। हाइजीन एम्बेसडर नियुक्त छात्राएं अन्य बालिकाओं को राज्य सरकार की उड़ान योजना के तहत सैनेटरी नैपकीन की निःशुल्क उपलब्धता के बारे में जानकारी देंगी। एम्बेसडर के लिए चयनित की गई छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हाइजीन एम्बेसडर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। और बालिकाओं को निशुल्क सैनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इससे पहले प्रथम चरण में शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें शिक्षिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में बताया गया था। इन शिक्षिकाओं ने विद्यालयों में बालिकाओं को प्रशिक्षित किया। जो अन्य बालिकाओं को महावारी के बारे में जानकारी दे रही है। बालिकाओं में स्वच्छता और संकोच खत्म करने को लेकर इस अभियान की शुरूआत की गई है। जिससे बालिकाएं खुलकर बात कर सके और स्वस्थ रहे।

**जिले के 929 विद्यालयों में हुआ कार्यशाला का आयोजन :** जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 929 विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 1 लाख 30 हजार किशोरी बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया।

# चार्जिंग में लगी स्कूटी में आग से पूरा घर जला

## रात में सो रहे 35 परिजन बाल-बाल बचे, लाखों का नुकसान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**टोंक।** इलेक्ट्रिक स्कूटी में चार्जिंग के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घर में मौजूद 35 लोगों ने आग की लपटों के बीच बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। मामला टोंक के धन्ना तलाई इलाके में सोमवार रात को हुआ। पीड़ित शमीम खान ने बताया कि सोमवार रात को खाना खाने के बाद तीन भाइयों के परिवार के सभी 35 लोग सो गए थे। उन्होंने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग पर लगा रखा था। रात करीब डेढ़ बजे किसी चीज के जलने की बदबू आई। उठकर देखा तो स्कूटी जलती हुई दिखी। आग बुझाने के लिए परिवार के दूसरे लोगों को उठाया तो अचानक आग की लपटों ने पूरे मकान को घेर लिया।

परिवार के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो सके। आग की भयावहता को देखते हुए सूचना दमकलकर्मियों को दी गई, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे में आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आस-पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

### 10 महीने पहले 70 हजार में खरीदी थी इलेक्ट्रिक स्कूटी

शमीम खान ने बताया कि उसने 1 जुलाई 2021 को 70 हजार रुपए में डिल्टिस कंपनी की यह इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। देर रात उसने इसी इलेक्ट्रिक स्कूटी को अपने घर में चार्जिंग में लगा रखा था।





### आग से 10 लाख का नुकसान

पीड़ित परिवार ने बताया कि आग से इलेक्ट्रिक स्कूटी, एक बाइक, आलमारी में रखे कपड़े, साइकिल, वॉशिंग मशीन, ड्रेसिंग टेबल, सिलाई मशीन, अनाज की चार बोरियां समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### सिलेंडर तक नहीं पहुंची आग, बड़ा हादसा टला

पीड़ित परिवार ने बताया कि आग की लपटें किचन में रखे गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची। ऐसे में एक बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने बताया कि यदि आग की लपटें गैस सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लेती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### पुलिस भी आधा घंटा देरी से पहुंची

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आग लगने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस करीब आधा घंटे बाद मौके पर पहुंची थी। वहीं CI जितेंद्र सिंह ने बताया कि मकान मालिक ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**फ्री एडमिशन के लिए निकली RTE की लॉटरी**

# प्राइवेट स्कूल में 1.25 लाख सीटों पर जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा एडमिशन

## 25 मई तक होगी ऑनलाइन रिपोर्टिंग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के 30 हजार प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिश के लिए अब से कुछ ही देर में RTE (अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम) की लॉटरी निकली गई। प्रदेशभर में दो लाख से ज्यादा अभिभावकों ने अपने बच्चो के एडमिश के लिए 6 लाख 35 हजार 731 आवेदान किये। इनमें से जरूरतमंद बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की 1.25 लाख सीटों पर फ्री एडमिशन दिया जाएगा। जिसके लिए जयपुर के शिक्षा संकुल में शिक्षामंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने लॉटरी निकली।

दरअसल, RTE कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों को अपने यहां एंट्री लेवल की कक्षा में कुल एडमिट हुए बच्चों की संख्या के 25 फीसदी संख्या के बराबर फ्री एडमिशन देना होता है। इन 25 फीसदी बच्चों की पढ़ाई का पैसा सरकार इन स्कूल संचालकों को देती है। जबकि अभिभावकों से स्कूल फीस नहीं वसूली जाती है। RTE के तहत क्लास फर्स्ट में बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। इसके लिए बच्चे की उम्र 5 से 7 साल के बीच होनी चाहिए। जिसके लिए बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट और मूल या स्थायी निवास के दस्तावेज लगाने होते है।

### वार्ड के अनुसार मिलेगी प्रायोरिटी

शिक्षा संकुल में र्ञ्श्ध की लॉटरी में प्रायोरिटी लिस्ट जारी की गई। इसमें बच्चा जिस नगर पालिका, नगर निगम या नगर परिषद के साथ ही ग्राम पंचायत के जिस वार्ड का रहने वाला है। उसी वार्ड में मौजूद स्कूलों को प्रायोरिटी देते हुए लॉटरी निकाली जाती है। इस योजना के तहत दो केटेगिरी अल्प आय वर्ग और असुविधा समूह में आने वाले बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। इसमें अल्प आय वर्ग में वे बच्चे जिनके माता-पिता की आय 2.50 लाख रुपए तक सालाना है। जबकि असुविधा समूह में एससी, एसटी वर्ग के साथ ही अनाथ बच्चा, एचआईवी या कैंसर पीड़ित या इन बीमारी से प्रभावित माता-पिता के बच्चे, युद्ध विधवा के बच्चे, बीपीएल और निःशक्त बच्चे शामिल होते है।

### लॉटरी के बाद ये रहेगा शेड्यूल

- » प्रायोरिटी लॉटरी निकलने के बाद 18 से 25 मई तक आवेदकों (अभिभावकों) को ऑनलाइन ही रिपोर्टिंग करनी होगी।
- » 18 से 27 मई तक आवेदनों की जांच की जाएगी।
- » ये पूरी प्रक्रिया दो चरणों में होगी यानी पहले चरण की एडमिशन प्रक्रि या पूरी होने के बाद जब सीटे खाली रह जाएगी। तो दूसरे चरण के आवेदन पत्रों की जांच 1 जून से शुरू होगी। ये पूरी प्रक्रिया 20 जुलाई तक चलेगी।

# विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने की पूर्व मुख्यमंत्री राजे से भेंट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय नेता विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया से उनके जयपुर आवास पर मिलकर भेंट की । पाराशर ने विप्र संवाद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मण समाज के लिए किए जा रहे कार्यों से राजे को अवगत कराया।

पाराशर ने बताया की विप्र संवाद के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भगवान श्री परशुराम जी के छायाचित्र ब्राह्मण समाज के लोगों के घर घर पहुंचा कर संवाद किया जा रहा है। इस क्रम में संवाद के द्वारा सामाजिक समरसता के भाव से अन्य समाज के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की जा रही है। पाराशर ने पूर्व मुख्यमंत्री वशुंधरा राजे को भगवान श्री परशुराम जी का छायाचित्र भेंट कर राजे का सम्मान किया।

राजे ने विप्र संवाद के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए पाराशर की पीठ थपथपाई ओर उनके संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों को सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण बताया। पाराशर के साथ मध्य प्रदेश संवाद के संयोजक अनुराग तिवारी , मुकेश शर्मा, पंकज शर्मा सहित, लोकेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा रद्द, परीक्षा होगी

## पेपर लीक सेंटर से कर्मचारी गायब, CCTV से छेड़छाड़

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा-2022 का पेपर लीक हो गया। लीक होने वाला पेपर 14 मई की दूसरी पारी का है। इसमें करीब पौने दो लाख अभ्यार्थियों ने एग्जाम दिया था। इनकी परीक्षा दोबारा ली जाएगी। वहीं, बताया जा रहा है कि पेपर लीक की पूरी साजिश जयपुर के दिवाकर पब्लिक स्कूल में रची गई थी।

पेपर रखने वाले स्ट्रांग रूम में एसओजी की टीम को कई गड़बड़ियां मिली हैं। विशेषकर यहां एग्जाम के लिए लगाए गए एक कर्मचारी की टीम को तलाश है। इससे पहले बताया गया था कि जयपुर के झोटवाड़ा स्थित दिवाकर पब्लिक स्कूल के केंद्र अधीक्षक के कारण पेपर लीक हुआ। एसओजी की ओर से परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम से पेपर लीक होने के मामले में FIR दर्ज कर ली गई है। पुलिस मुख्यालय की सूचना पर SOG हुई एक्टिव वॉट्सऐप पर रात से सुबह तक कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर वायरल हो रहा था। इसी को लेकर सोमवार सुबह कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को आधे घंटे देरी से शुरू किया। पुलिस मुख्यालय ने सभी सेंटरों को पेपर देने से मना कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने खुद की मौजूदगी में आज आने वाले पेपर को खोला। पुलिस मुख्यालय की ओर से पेपर वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ATS-SOG को जानकारी दी। पेपर वायरल होने का पता चलने पर SOG एक्टिव हो गई।

### परीक्षा से पहले खोला पेपर

UADG (ATS और SOG) अशोक राठौड़ ने बताया कि जांच में सामने आया है कि 14 मई को पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का दूसरी पारी का पेपर आउट हुआ। जांच में परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम से पेपर लीक होने का पता चला है। स्हूल की ओर से दिवाकर पब्लिक स्कूल के केंद्र अधीक्षक सहित 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग गायब

एसओजी ने जब स्कूल में जांच की तो कई अहम सुराग मिले। यहां सीसीटीवी कैमरों में डीवीआर लगा हुआ था, लेकिन करीब आधे घंटे की रिकॉर्डिंग उसमें से गायब थी। स्ट्रांग रूम में बॉक्स की जगह भी बदली हुई थी। स्कूल का एक कर्मचारी गायब है। इसका नाम मोहन बताया जा रहा है। सीसीटीवी की फुटेज में मोहन के जूते नजर आ रहे हैं। वह दोपहर करीब 2.15 बजे स्ट्रांग रूम में गया था। उसका फोन भी स्विच ऑफ है।

### पेपर की आंसर की हुई थी जारी

SOG को सूचना मिली थी कि वॉट्सऐप पर राजस्थान पुलिस भर्ती का पेपर आउट हुआ है। पेपर के 33 पेज वॉट्सऐप पर वायरल किए गए थे। 26 पेज पर अंकित निशान मिले और 7 पेज पर गोले लगाए मिले। एक सीरीज के वायरल पेपर की ऑन्सर की भी तैयार की गई थी। पेपर के फोटोज खींचने के दौरान स्हूल को कुछ क्लू मिला। फोटोज के आधार पर SOG ने उस सीरीज के भेज गए चार सेंटर्स पर पड़ताल की। सीकर, श्रीगंगानगर और जयपुर के मानसरोवर व झोटवाड़ा स्थित परीक्षा सेंटर्स पर SOG टीम पहुंची। जांच में दिवाकर पब्लिक स्कूल सेंटर पर ड्यूटी पर तैनात कुछ कर्मचारी गायब मिले। उनके मोबाइल भी बंद मिलने पर संदिग्ध मानते हुए मामला दर्ज किया गया।

# असम में बाढ़ का कहर : 24 जिलों में 2 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, अब तक 7 की मौत





## केरल में भारी बारिश का अलर्ट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ के चलते हालात खराब हो गए हैं। राज्य के कछार, चराईदेव, दरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़ और दीमा हसाओ सहित 24 जिलों में अब तक 2 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने केरल के 4 जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड के बाद पहाड़ी जिला दीमा हसाओ राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। कम्युनिकेशन पूरी तरह बंद है। हाफलोंग की ओर जाने वाली सभी सड़कें और रेलवे लाइन 15 मई से बंद हैं।

### बारिश से हुआ लाखों का नुकसान

लगातार बारिश के कारण कई जिलों में सड़कें, पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फसलों तबाह हो गई हैं। कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कछार जिले में बाढ़ से दो मौतें हो गई हैं, जबकि दीमा हसाओ में लैंडस्लाइड के कारण तीन मौतें हुई हैं।

### बाढ़ से अब तक 652 गांव प्रभावित

बाढ़ से 20 जिलों के 46 राजस्व मंडलों के कुल 652 गांव अब तक प्रभावित हुए हैं। लोगों को राहत देने के लिए सात जिलों में करीब 55 राहत शिविर खोले गए हैं, जिसमें 32 हजार 959 लोगों को आश्रय दिया गया है। NDRF, सेना, SDRF के जवान बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत अभियान में जुटे हैं।

### केरल में भारी बारिश, 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने केरल में भारी बारिश की चेतावनी दी है और मलप्पुरम, कोझीकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों सहित चार जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा कई इलाकों में बाढ़ का अलर्ट भी जारी किया गया है।

# ज्ञान विहार में कैश प्राइज पाकर खिले विजेताओं के चेहरे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मालवीय नगर डी ब्लॉक स्थित ज्ञान विहार स्कूल में मैथ्स के लिए पूरे जयपुर से 8वीं से 11वीं क्लास के 500 स्टूडेंट मैथ्स टैलेंट सर्च गेम का आयोजन किया गया। एमटीएसजी के टॉपर को डायरेक्टर कनिष्क शर्मा तथा प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। डायरेक्टर कनिष्क शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे अमूमन यह सोचते हैं कि मैथ्स जैसा सब्जेक्ट हमें कभी काम नहीं आएगा परंतु अगर आप एक बड़े लीडर बनना चाहते हैं अगर आप एक नए अंत्रप्रेनोर बनना चाहते हैं तो आपको मैथमेटिक्स बहुत ज्यादा जरूरी है। मैथमेटिक्स हर सब्जेक्ट की मां माना गया है क्योंकि हर सब्जेक्ट की नॉलेज तक गहराई तक जाने के लिए हमें मैथ्स विषय की अहम जरूरत होती है। प्रिंसिपल सर ने बताया की एमटीएस जी कराने के पीछे क्या कारण बताया कि एमटीएलबी के अंदर जिस प्रकार के प्रश्न थे वह आगे कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स में काम करेंगे और बताया कि किस तरह बच्चे का इन एग्जाम्स के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट हो सकता है साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि बच्चे इन एग्जाम को देने के बाद किस तरह अपने करियर की प्लानिंग कर सकते हैं। कोऑर्डिनेटर नरेश जैन ने मीडिया कोऑर्डिनेटर रेनू शर्मा को बताया कि टॉप 10 टीम के 20 प्रत्याशी अपने माता-पिता के साथ बहुत खुश एवं भावुक लग रहे थे ।टॉप 10 में से पांच टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रु प्रत्येक टीम को दिया गया । सेकंड प्लेस पर चार टीम रही। प्रत्येक टीम को 700 का पारितोषिक दिया गया एवं थर्ड स्थान पर एक नंबर टीम रहे जोकि यश वर्मा एवं विधान रहे उनको रु. 400 का पारितोषिक दिया गया।

**स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ा रहा जिला अस्पताल**

# जिला अस्पताल में शौचालयों की बुरी हालत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दूसरे गृह नगर के रूप में जाने जाना वाला पीपाड़ शहर राजकीय जिला अस्पताल के हाल बदहाल है और यहां इलाज तो भगवान भरोसे है ही साथ बची कसर अस्पताल के अधिकारियों ने पुरी कर रखी है

सुबह 8 बजे से मरीज अस्पताल की ओ पी डी में चेकअप कराने के लिए कमरो के बाहर डॉक्टरों के इंतजार में घंटो खड़े रहते हैं। एक और शौचालय के पास प्रसूति वार्ड है। जिसके ठीक सामने शौचालय है। और साथ ही पास लगा अस्पताल के सीवरेज लाईन का ढक्कन भी लोहे के जंग से क्षतिग्रस्त कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है

जहां से दुर्गंध आती रहती है। यहां बैठे मरीज तो इस दुर्गंध से परेशान हैं ही साथ ही यहां से गुजरने वाले मरीज और उनके परिजन भी मुंह पर कपड़ा ढक कर यहां से गुजरने पर मजबूर हो रहे हैं। जिसके चलते मरीज शौचालय जाने से डर रहे हैं। स्वस्थ रहने के लिए गंदगी से दूर रहने की वकालत करने वाले जिला अस्पताल में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता रखने का संदेश देने वाले जिला अस्पताल के मुख्य गेट के पास ही हालात बेहद खराब हैं। हालत यह है कि जरा सी हवा चलते ही गंदगी से उठने वाली दुर्गंध यहां पर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। भारत सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना से प्रभावित होकर जहां हर आम नागरिक अपने आसपास के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सफाई रखने की सलाह देता नजर आ रहा है वहीं अनेक स्वयंसेवी संस्थायें भी स्टेशन आदि स्थानों पर झाडू लगा कर स्वच्छ भारत मिशन का समर्थन कर रहीं हैं। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सक भी स्वच्छता पर जोर देते हैं बावजूद इसके यहां जिला अस्पताल के बाहर व अंदर इतनी गंदगी व्याप्त है जिसे देखकर तो ऐसा प्रतीत होता है, जैसे शहर प्रशासन, अस्पताल प्रशासन व नगर पालिका को किसी बड़ी बीमारी का इंतजार हो रहा हो। अस्पताल प्रशासन की उदासीनता तो इस बात से भी प्रमाणित हो जाती है उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा वर्ष 2020-21 में पीपाड सिटी स्थित राजकीय चिकित्सालय को जिला चिकित्सालय का दर्जा देने की घोषणा की थी। इस पर चिंता करते हुए समाजसेवी और युवा मोर्चा के अध्यक्ष चेतन प्रकाश मारोटिया, छात्र नेता अजय सिंह, पार्षद पीयूष शर्मा, नरेश टाक, माही, अरविंद टाक, सहित कई शहर के युवाओं और जनप्रतिनिधि ने कहा की व्यवस्था नही सुधारने पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।





शौचालयों की हालत बदतर है। लघुशंका के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से मरीज और परिजन खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जगह-जगह बदहाली है, जिनको दुरुस्त कराने तक की सुध अधिकारी नहीं ले रहे हैं अस्पताल में कचरा-पात्र सिर्फ नाममात्र के लिए रखा गया है, क्योंकि चारों तरफ से टूटे हुए कचरे पात्र से कचरा बिखरा पड़ा रहता है। वहीं गोमाता उस कचरे में मुंह मारती है, जिसके चलते गोमाताओं व स्थानीय निवासियों को अनेक रोगों का सामना करना पड़ता है। हालत यह है कि अस्पताल की सफाई करने वाले कर्मी भी समूची गंदगी यहीं डाल रहे हैं। जो कभी भी महामारी का रूप ले सकती है।

**जीतू सैनी,** समाजसेवी, अध्यक्ष कृष्णा कल्ब

**शौचालयों** में ठीक से सफाई नहीं होने की वजह से दुर्गंध है। शौचालयों की फ्लैश टूटी पड़ी हैं। जिसमें कचरा भरा गया है। मुख्य इमारत में बने महिला और पुरुष शौचालय की हालत खराब है। अस्पताल प्रबंधन साफ सफाई को लेकर गंभीर नही है।

**सुरेश मारोटीया,** भाजयुमो मीडिया प्रभारी

# जागरूक खबरें

## सांसद निहालचंद मेघवाल ने श्रीविजयनगर रेलवे को दी अनेक सौगातें



**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** सांसद निहालचंद मेघवाल ने श्रीविजयनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान सांसद निहाल चंद ने कहा कि महाराजा गंगा सिंह के सुपुत्र प्रिंस बिजय सिंह के नाम से श्रीबिजयनगर कस्बा बसा हुआ है। 1931 मे कस्बा अस्तित्व में आया। परंतु किन्ही कारणों के चलते इसका नाम दस्तावेजों में श्रीविजयनगर है। रेलवे स्टेशन पर भी श्रीविजयनगर अकिंत है। सांसद ने रेलवे स्टेशन का नाम श्रीबिजयनगर करवाने, रेलवे स्टेशन पर (आरओबी) रेलवे ओवरब्रिज बनाने, सांसद ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर रेलवे स्टेशन पर गुड्स शेड बनाने की घोषणा की गई सांसद ने कहा कि रेलवे परिसर मे खाली पडी भुमि की एनओसी जारी करवाकर पार्क निर्माण की योजना बनाई जाएगी मौके पर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र लेघा ने रेलवे प्रांगण में एनओसी जारी होने के बाद पार्क निर्माण करवाने की घोषणा की लेघा ने सांसद से आग्रह किया कि रेलवे भूमि मे पालिका की और से पार्क निर्माण कार्य करवाया जाएगा। पार्क आमजन को सहायता प्रदान करेगा स्थानीय लोगों ने कहा कि कृषि जिंसों के लदान के समय माल गाड़ियां खड़े होने के कारण रेलवे पुल से गुजरना संभव नहीं है ऐसे में रेलवे पुल के पास फुटओवर ब्रिज बनाया जाए ताकि कृषि जिंसों के लादान के समय आमजन शहर के दूसरे हिस्से में आसानी से जा सके। दौरे पर आए सांसद ने श्रीविजयनगर रेलवे को अनेक सौगातें प्रदान की रेलवे निरीक्षण कर घोषणा की सांसद की ओर से क्षेत्र में शिक्षा जगत को भी बजट देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र कुमार लेघा,पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास मिड्ढा,भाजपा नेता मुरारीलाल छाबड़ा, ओमप्रकाश मेहरडा, रविशंकर गजरा, अरविंद दीक्षित पार्षद प्रेमदास चुघ,करणीसिंह भदोरिया,संदीप बेरीवाल, ओम वर्मा, लोकेंद्र सिंह राठौड़, राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष प्रभु दयाल देरासरी, अजयसिंह सन्धा, सहित भाजपा कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

## मोबाइल प्याऊ का किया शुभारम्भ



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सोमवार को जोधपुर पहुंचे और यहां पर विविध कार्यक्रमों में भाग लिया। मंत्री शेखावत ने जोधपुर निवास पर आमजन से मुलाकात की। सेवा भावी जैन युवा ग्रुप J-21 सोशल ग्रुप की ओर से ठंडे मिनरल आरो पानी की 'मोबाइल प्याऊं' की व्यवस्था की गई है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने फीता काट कर मोबाइल जल सेवा का शुभारम्भ किया। यह संस्था विभिन्न सामाजिक सेवा और प्राणी सेवा के कार्य पिछले 12 वर्षों से निरंतर कर रही है। इस बार भीषण गर्मी और तपती-लू के प्रकोप को देखते हुए संस्था ने शहर के विभिन्न व्यस्ततम चौराहे हॉस्पिटल बस स्टैंड के बाहर शुद्ध व शीतल जल की जरूरत को समझते हुए यह सेवा आरंभ की है। ताकि राहगीरों को जोधपुर में हर स्थान पर ठंडा-शुद्ध और शीतल जल मिल सके। इस अनुकरणीय कार्य के लिए केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने ग्रुप के सदस्यों की सराहना की और कहा कि कहते हैं प्यासे को कुएं तक जाना पड़ता है, कुआं प्यासे तक नहीं आता लेकिन जोधपुर में ठंडा और शुद्ध पानी उन सार्वजनिक जगहों पर पहुंचेगा।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 19 को


**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** डोकानिया टाउन हाल में गुरुवार, 19 मई को प्रातः 10 बजे से साढे 12 बजे तक एलएन डोकानया चेरिटिब्ल ट्रस्ट मुम्बई की ओर से 35 वां निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जायेगा । संयोजक श्याम सुंदर डोकानिया ने बताया कि आंखों की निःशुल्क जांच करने के बाद जो व्यक्ति ऑपरेशन योग्य होंगे उनको उसी दिन जयपुर हॉस्पिल में ऑपरेशन कर उदयपुरवाटी लाया जाएगा । इसमें चश्मा, दवा, भोजन और लाना-ले जाना सब निशुल्क रहेगा। इस शिविर में चर्म रोग की बीमारियों का परामर्श भी दिया जायेगा।

## वैशाखी पूर्णिमा मेले पर हजारों ने लगाई सूर्य कुंड में डुबकी



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** तीर्थ स्थल लोहार्गल में बुद्ध, पीपल और वैशाखी पूर्णिमा पर मेला लगा। इस दिन श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डुबकी लगा कर वैशाख स्नान को पूर्ण कर अपने आपको भाग्यशाली समझा, इसके बाद गो मुखी पर हाथों की अंजुरी में पवित्र जल ले कर संकल्प लिया। कुछ लोगों ने संकल्प में दुर्व्यसन चाय, बीड़ी, चिलम, खैनी, गुटका, सिगरेट और शराब आदि को त्यागने का भी पूरे मन के साथ संकल्प लिया। इसके बाद सूर्य, शिव, कुंड बालाजी, शिव, गोपीनाथ, पांडव, नृसिंह, शुकदेव, मालकेतु, रामदेव, खेतादास आदि मुख्य और अन्य मंदिरों में दर्शन कर श्रद्धा से भेंट चढाई। लोगों ने मालकेतु बाबा के जयकारे लगाते हुए बाबा मालकेतु मंदिर में नारियल का प्रसाद चढाया तो किसी ने अपनी मन्नत पूरी करने के लिए मालकेतु मंदिर में नारियल बांधे।

## नाली का फैलता गंदा पानी दुकानदारों के लिए बना भारी परेशानी का सबब



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** बस स्टेण्ड की नाली का गंदा पानी नाली की सफाई नियमित नहीं होने की वजह से फैलता हुआ मुख्य बाजार के चौराहे तक चला जाता है । ऐसे हालात बीते तीन-चार महीनों से चल रहे बताये हैं । इसके बारे में दुकानदारों ने कई बार नगर पालिका एस आई पुष्कर और पालिका प्रशासन को फोन से सूचना देने के बाद ही सफाई होना बताया । बस स्टेण्ड के कारोबारियों ने बताया कि गंदा पानी उनकी दुकानों के सामने फैला रहने से कई बार उन्हें स्वयं ही मुँह ढाफ कर सफाई करनी पड़ती है किंतु अधिक मात्रा में गंदा पानी फैलने से उनके लिए सफाई करना मुश्किल हो जाता है और उन्हें और ग्राहकों को गंदे पानी से गुजरना पड़ता है । और फैलती हुई बदबू में ही दुकनदारी करनी पड़ती है । इससे ग्राहकों की दो-चार बातें सुन कर शर्मिंदा भी होना पड़ता है । और उनकी रोजी-रोटी पर भी बुरा असर पड़ रहा है । दुकानदारों ने इससे परेशान हो कर नगर पालिका प्रशासन से समय-समय पर नाली की सफाई करवाने की तथा टूटी हुई नाली की मरम्मत करने की मांग की है ताकि महंगाई की मार से त्रस्त वे अपनी रोजी-रोटी की पूर्ति ढंग से कर सके।

**केंद्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत का तंज : थोड़े साल इसी तरह की परिस्थितियां रहीं तो कांग्रेसी 16वीं शताब्दी में जिस तरह का शासन होता था, वहां चले जाएंगे**

# देश में लोकतंत्र आया, कांग्रेस में नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश में लोकतंत्र आया है, पर कांग्रेस में नहीं। वो अभी भी गांधी परिवार से बाहर नहीं निकली है। पार्टी इसी तरह से डूबती रही तो थोड़े दिन बाद में वह यह घोषणा करेगी कि राजतंत्र में जिस तरह पीढ़ी परंपरा चलती थी, उसी तरह से नेहरू-गांधी परिवार को मान लिया जाए। कांग्रेस के चिंतन शिविर में बैलेट पेपर से चुनाव कराने की घोषणा पर केंद्रीय मंत्री बोले, थोड़े साल इसी तरह की परिस्थितियां रहीं तो वो 16वीं शताब्दी में जिस तरह का शासन होता था, वहां चले जाएंगे। जोधपुर में मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के चिंतन शिविर से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बेहतर होता कांग्रेस इस बात की चिंता करती कि चार साल पहले प्रदेश के 9 लाख किसानों से किया संपूर्ण कर्जमाफी का वादा क्यों पूरा नहीं हुआ? राजस्थान नारी सम्मान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध था, उसे रेप कैपिटल कैसे बना दिया? बच्चियों से दरिंदगी का केंद्र राजस्थान को कैसे बना दिया? कानून-व्यवस्था की विफलता से लेकर सरेआम हत्याओं का केंद्र राजस्थान को कैसे बना दिया?

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि आज अखबार की सुर्खियों में है कि किस तरह से जयनारायण पूनियां को सरेआम कांग्रेस सरकार में शामिल मुख्य सचेतक के कहने पर गोली मार दी गई। मंत्री पुत्र के कार्य अखबार की सुर्खियों से हटे नहीं हैं। विधायकों के आचरण और व्यवहार के समाचार सुर्खियों में हैं। चिंतन शिविर में इस पर चिंता करते की कांग्रेस बेलगाम क्यों हुई है? जो नेता बेलगाम हुए हैं? उनका आचरण-व्यवहार क्या है? उनका चाल, चलन और चरित्र क्या है? तो शायद लोग कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करते। अब जब विश्वास खो रहा है, तब यात्राएं निकालने की नौटंकी से जनता साथ आने वाली नहीं है।



### ढूंढने पर नहीं मिलते कांग्रेस सदस्य

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत के सब जगह भाजपा और संघ के लोग होने की बात पर शेखावत ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नेटवर्क देश में सब जगह है, यही कांग्रेस की दुविधा और कष्ट है, जो अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी केवल दो प्रदेशों और गिनी-चुनी जगहों पर बची है। ढूंढने पर भी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ता और सदस्य नहीं मिलते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को ऐसा लगता होगा कि देश में सब जगह भाजपा और संघ के लोग हैं।

### समाज देख और समझ रहा

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि ऐसे प्रदेश, जहां कांग्रेस के लिए थोड़ी भी संभावना बची है, वहीं दंगा हो रहा है। ऐसे प्रदेश जहां कांग्रेस से एक मजहब विशेष का मतदाता छिटक गया, वहां कांग्रेस शून्य हो गई है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत पूरी सीरीज देखी जा सकती है। जहां मुस्लिम मतदाता ने कांग्रेस को छोड़ दिया, वहां कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त हो गया। वजूद बनाए रखने और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़े रखने के लिए पिछले दरवाजे से इस तरह के दंगे कराना, कांग्रेस की रीति है। मुख्यमंत्री जी अपनी बातों और बयानों से इन सब पर पर्दा डालने की कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन समाज देख और समझ रहा है।

### सीबीआई जांच करा लें मुख्यमंत्री

**शेखावत** ने कहा कि मुख्यमंत्री जी एक चिट्ठी लिखकर भेज दें कि करौली, भरतपुर, भीलवाड़ा और जोधपुर दंगों की सीबीआई जांच करें। उनको सरकार और संविधान ने यह ताकत दी है। मुख्यमंत्री जी जांच से डरिए मत और पर्दा डालने की कोशिश मत करिए, क्योंकि करौली, जोधपुर में जो हुआ, वो सबने देखा।

## बांकाणा तला विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय में भेंट किया प्रोजेक्टर

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** जिले की चौहटन उपखण्ड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांकाणा तला के 7 शिक्षकों द्वारा अनूठी पहल करते हुए 50 हजार रुपये की लागत से विद्यालय में एक स्मार्ट प्रोजेक्टर भेंट किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरूपचन्द सोलंकी, वरिष्ठ अध्यापक बाबूलाल सियाग, हेमाराम बेनीवाल, छोटेलाल मीणा, शारीरिक शिक्षक मनोज वर्मा, अध्यापिका पदमों चौधरी व भंवरी बाला द्वारा मिलकर 50 हजार रुपये की राशि इकट्ठी की गई। तथा उक्त राशि से एपसन कम्पनी का स्मार्ट प्रोजेक्टर खरीदकर विद्यालय में भेंट किया गया। प्रधानाध्यापक सरूपचन्द सोलंकी ने बताया कि विद्यालय में स्टाफ की कमी के चलते रिक्त कालांश में समय का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों के अध्यापन हेतु एक प्रोजेक्टर सिस्टम भेंट किया गया। वरिष्ठ अध्यापक बाबूलाल सियाग ने बताया कि प्रोजेक्टर के उपयोग से विद्यार्थी ऑनलाइन क्लास के माध्यम से पढ़ सकेंगे । साथ ही कक्षा में कठिन टॉपिक को 3डी के माध्यम से बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। ग्राम पंचायत हुडों का तला के सरपंच नैनाराम बैनिवाल द्वारा शिक्षकों के इस कार्य की सराहना करते हुए सभी के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।ये जानकारी वरिष्ठ अध्यापक बसन्त कुमार जाणी द्वारा दी गई।

**19 मई को प्रशासन ठप का ऐलान**

## प्रथम चरण में 20 मई से सिंचाई पानी दे सरकार - मेघवाल



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**श्रीविजयनगर।** सिंचाई पानी के मुद्दे पर क्षेत्र में एक बार फिर आंदोलन सुलगने लगा है आईजीएनपी के प्रथम चरण में 20 मई से रेगुलेशन कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सिंचाई विभाग के एसई कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। मौके पर प्रशासन में किसान नेताओं में नोकझोंक देखने को मिली। अखिल भारतीय किसान सभा के नेताओं ने 19 मई को प्रशासन ठप्प करने का ऐलान किया है। अखिल भारतीय किसान सभा के केंद्रीय किसान कौंसिल के सदस्य कॉमरेड श्योपत मेघवाल ने कहा कि आईजीएनपी में 20 मई से सिंचाई पानी नही देकर केवल महज पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा के पीछे प्रथम चरण के किसानों को फसल उत्पादन से वंचित करना है। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील गोदारा ने कहा कि दिन प्रतिदिन आईजीएनपी का सिंचाई पानी किसानों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने कहा वर्ष 2004 से प्रथम चरण के किसानों को अपने खेत बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। सभा को डायरेक्टर पृथ्वीराज बुडानिया, राजा हेयर, गोपाल हांडा, तेजासिंह बराड़, मंगल सिंह रंधावा, रतन पारीक, गुरसेवक ग्रेवाल, शोभा सिंह ढिल्लो, विनोद पवार, रामस्वरूप जाखड़, हरिकिशन नायक, मदन गिरी, सुरेंद्र राठौड़, प्रकाश भूरिया गुरविंदर सिंह, गुरेन्द्र जोसन, जगदीश हांडा, जलन्धर बुरा, बलजिंद्र गिल आदि ने सम्बोधित किया।

**नारायण सेवा संस्थान में पैरा ऑलम्पियन अर्जुन अवार्डी दीपा मलिका ने किया उद्घाटन**

# उदयपुर में देश की पहली कृत्रिम अंग निर्माण इकाई प्रारम्भ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इण्डिया की अध्यक्ष एवं अर्जुन अवार्डी पैरा ऑलम्पियन दीपा मलिक ने दिव्यांगजन से कहा कि वे दिल से डर और निराशा को दूर करें और अत्याधुनिक सहायक उपकरणों की मदद लेकर जीवन को संवारने की पहल करें। वे रविवार को नारायण सेवा संस्थान के लियों का गुड़ा परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय रोटरी के सहयोग से दो करोड़ की लागत से स्थापित देश की पहली अत्याधुनिक कृत्रिम अंग निर्माण इकाई का उद्घाटन कर रही थी। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष से रूबरू कराते हुए कहा कि विकलांगता के दंश के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सार्थक जीवन के लिए सकारात्मक सोच और कड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ी। नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगजन के जीवन को बेहतर बनाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस ईकाई में बनने वाले कृत्रिम अंग दिव्यांगजन को सामान्य रूप से अपनी दिनचर्या के निर्वाह में सहायक होंगे।

संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव' ने मुख्य अतिथि दीपा मलिक, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा व रोटरी क्लब, उदयपुर मेवाड़ के पदाधिकारियों का स्वागत किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। इसमें हाथ-पैर खोने वाले ही नही, उनके परिवार भी अत्यंत कष्टदायी ज़िन्दगी जीने को मजबूर हो जाते हैं । आंकड़ों की बात करें तो देश की कुल आबादी का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा दिव्यांगता का शिकार है, इसमें ज्यादा संख्या कटे हाथ-पैर वालों की है। ऑटोबोक जर्मनी से आयातित मशिनों से इस ईकाई में बनने वाले कृत्रिम अंग दिव्यांगजन को निःशुल्क उपलब्ध करवायें जायेंगे जो उनके जीवन को आसान बनायेंगे।

रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर-मेवाड़ के संरक्षक हंसराज चैधरी ने कहा कि नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगजन के जीवन को बेहतर बनाने के पिछले 37 वर्षो से किये जा रहे कार्यों से इम्यूरी ड्यूड हिल्स यूएसए काफी प्रभावित हुआ और उसने इस ईकाई में सहयोग के लिए रोटरी क्लब उदयपुर की अनुशंसा को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार किया। इससे संस्थान को देश ही नही विदेशों में भी कृत्रिम अंग लगाने के कार्यों में गति और आसानी होगी। संस्थान के प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक यूनिट हेड मानस रंजन साहू ने नव स्थापित सेन्ट्रल फेब्रिकेशन यूनिट की प्रणाली और उपयोगिता की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह में रोटरी कल्ब के अध्यक्ष आशीष हरकावत, पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन, संस्थान सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल तथा परियोजना प्रभारी रविश कावडिया भी मौजूद थे। संचालन महिम जैन ने किया।

# स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जसोल।** अखिल भारतीय संखलेचा (जैन) भाईपा संस्थान का स्नेह मिलन समारोह रविवार को श्री जैन नाकोड़ा जी तीर्थ पर शान्ति भवन में आयोजित हुआ । जिसमे अनेक क्षेत्रों से संखलेचा गोत्र बंधुओ ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई,उसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अथिति झालरापाटन के पूर्व विधायक निर्मल कुमार संखलेचा एवम नलखेड़ा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप संखलेचा, जेठमल जैन, मूलचंद संखलेचा (महाजन), महावीर कास्टीया व अन्य मंचासीन मेहमानों का स्वागत किया गया गया।लाभार्थी परिवार भगवानदास मूलचंद झंडोनी परिवार के सदस्यों का बहुमान व सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में पवन संखलेचा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के सभापति के रूप में सर्वसमिति से मूलचंद संखलेचा (महाजन) को मनोनीत किया गया। अखिल भारतीय गठन हेतु अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु नाम आमंत्रित किये गए, जिसमे सर्व समिति से मूलचंद संखलेचा (महाजन) को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया।

विधान के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति से निर्णय लिए गए जिसमे अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा, अध्यक्ष सम्पूर्ण कार्यकारिणी का गठन स्वविवेक से स्वयं करेंगे। नवीन विधान बनाने हेतु अध्यक्ष के साथ 5 जनो की कमेटी का गठन किया गया जो आगामी 6 माह में विधान बनाकर पेश करेंगे व अन्य कुछ महत्वपूर्ण विषय के साथ भाईपा के विकास कार्यो को सभी एक साथ मिलकर योजना को पूर्ण रूप देंगे। कार्यक्रम में संखलेचा भाईपा संस्थान बाड़मेर के अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा व अन्य कई सदस्यों दारा विधान निर्माण हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मूलचंद संखलेचा (महाजन) द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। रोहित, रमेश, मनीष संखलेचा द्वारा नए आगंतुको को संस्थान से जोड़ने के लिये फॉर्म भरवाए गए। परिचय एवम भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन पवन एवं बाबूलाल संखलेचा दारा किया गया। कार्यक्रम में संखलेचा बंधुओं में रतनलाल, बाबुलाल, कालूजी, डूंगर, जितेंद्र, गौतम, सतीश, मनीष, अशोक, ओमप्रकाश, पुखराज, अशोक भूणिया, कैलाश, अशोक, संपतराज, माणकमल, नरेश, गौतम, गौतम, जेठमल जैन, हंसराज, निलेश, पुष्पराज सहित कई सदस्यों की उपस्थिति रही।

## जसोल धाम में त्रयोदशी के अवसर पर दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु

**जसोल @ जागरूक जनता।** वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के अवसर पर जसोल स्थित माता राणी भटियाणी मंदिर जसोल धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। जसोल धाम में स्थानीय सहित दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की कतार लग गई। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पूजा अर्चना कर धोक लगाकर और प्रसाद चढ़ाकर परिवार में खुशहाली की कामना की। शनिवार को सवेरे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी हो गया था, जो दिन चढ़ने के साथ बढ़ता ही गया। भीषण गर्मी में भी श्रद्धालु अपनी आस्था के साथ मां के दरबार में दर्शन करने के लिए पहुंचे। 45 डिग्री तापमान में श्रद्धालु मंदिर के बाहर तक लंबी-लंबी कतारों में दर्शन करने के लिए खड़े रहे। मंदिर संस्थान द्वारा भीषण गर्मी से बचने के लिए धूप निरोधक टेंट लगाकर तथा पीने की पानी की व्यवस्था की गई जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाया जा सके। कतार में लगे श्रद्धालु मां के मंदिर में आने पर पूरा मंदिर माता रानी भटियाणी के जयकारों से गूंज उठा।

**माकूल रही सुरक्षा व्यवस्थाः** त्रयोदशी के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर व्यवस्था समिति एवं पुलिस प्रशासन की ओर से मंदिर परिसर में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए गए।



**चांदनी तेरस पर सजी दुकानें :** जसोल धाम में चांदनी तेरस के अवसर पर मंदिर परिसर, बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में दुकानें सजाई गई। दुकानदारों की ओर से ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए दुकानों पर आकर्षण सजावट की गई।

**छेड़ाबंदी कर जात लगाई :** त्रयोदशी के अवसर पर कई नव विवाहित जोड़ों ने छेड़ाबंदी कर सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मां के दरबार में जात लगाई। नव विवाहित जोड़ों ने अपने परिजनों के साथ मां के दरबार में शीश नवाकर पूजा अर्चना की।

**जसोल धाम में नि :शुल्क मिर्गी शिविर में 250 रोगियों की जांच**

# मिर्गी लाइलाज बीमारी नहीं, उपचार संभव है- डॉ. सिंह



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जसोल।** श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान के तत्वाधान में दो दिवसीय निश्शुल्क मिर्गी जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजित हुए शिविर में 250 रोगियों की जांच कर निश्शुल्क दवाइयां बांटी गई। शिविर के समापन पर न्यूरोलॉजिस्ट व मिर्गी रोग विशेषज्ञ डॉ. चुतुर्भुज सिंह ने कहा कि मिर्गी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका उपचार थोड़ा लंबा है, लेकिन इसपर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस रोग से जुड़े लोगों को चाहिए कि वह बीमारी से जुड़ी गलत जानकारियों व सूचनाओं पर ध्यान न देकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से संपर्क करें। मरीज को अपनी स्थिति के बारे में डॉक्टरों व परिजनों से छिपाना नहीं चाहिए। बेहतर इलाज से इस बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकतर मरीजों का इलाज दवाओं से होता है। कुछ में सर्जरी भी करते हैं। रोग का इलाज कम से कम ढाई या तीन साल तक चलता है। लेकिन ध्यान रखें कि इस दौरान एक भी डोज छूटने से मिर्गी का दौरा दोबारा आने की दिक्कत हो सकती है। इसलिए दवा लेना बंद न करें। पहले की तुलना में नई दवाएं सुरक्षित होने के साथ कम दुष्प्रभाव वाली भी होती हैं। मन्दिर प्रबंधन कमेटी सदस्य लालसिंह असाड़ा ने कहा कि शिविर में बड़ी संख्या में रोगियों की जांच की, साथ ही मिर्गी रोग के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न रोगों से बचाव और उनके उपचार के बारे में बताया। फतेहसिंह जसोल ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजन करने से लोगों को राहत मिलती है। बेहतर इलाज से इस बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। दो दिवसीय शिविर के दौरान जसोल राजकीय अस्पताल प्रभारी डॉ. शौरभ शारदा, मेलनर्स जगदीश सिंह, दिनेश पंवार व पदम कुमार ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में सुरजभान सिंह दांखा, संस्थान मैनेजर जेठूसिंह, भोपाल सिंह मलवा सहित संस्थान के समस्त कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.com
फेसबुक पेज www.facebook.com/jagrukjantanews
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता